3 | राजधानी
जेई से मरने वालों की संख्या 99 प्रतिशत घटी

6 | अभिमत
कृषि निर्यात बढ़ाने का मार्ग

11 | विदेश
वियतनाम में तूफान से मृतक संख्या 87 पहुंची

12 | स्पोर्ट्स
क्वालीफायर में हारे चिराग सेन

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 316
लखनऊ, बुधवार, 11 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



साइबर अपराधों से निपटने को एआई का उपयोग करें एजेंसियां

राष्ट्रीय-9

# रेलवे को पटरी से उतारने की साजिश लगातार जारी

**दीपक कुमार झा** । नई दिल्ली

**भारतीय रेलवे** पिछड़े डेढ़ साल से पटरियों पर एलपीजी सिलेंडर रखने से लेकर लोहे की छड़ें, बड़े-बड़े पत्थर, कंक्रीट के स्लैब और पेड़ के तने रखने तक तोड़फोड़ जैसी गतिविधियों से जूझ रहा है, जिसके कारण रेलवे को यात्री और मालगाड़ी बेहतर संचालन को लेकर खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने राज्यों समेत सभी हितधारकों से रेलवे को अस्थिर करने के नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा है, खास तौर पर मध्य उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों वाले एक सघन क्षेत्र में। इस तरह की बढ़ती गतिविधियों के पैटर्न के बारे में शीर्ष स्तर पर जांच भी की जा रही है, जिसकी शुरुआत स्कूलों में बम धमाकों, उसके बाद शॉपिंग मॉल और अब रेलवे में इसी तरह की धमकियां मिल रहीं हैं।

पाकिस्तान स्थित आतंकी सरगना फरहतुल्लाह घोरी, जिसका 2002 के अक्षरधाम मंदिर हमले और बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट में हाथ था, उसने भारत में आतंकी स्लीपर सेल को एक वीडियो संदेश जारी किया था, जिसमें उनसे ट्रेनों, पेट्रोलियम पाइपलाइनों और हिंदू नेताओं पर हमले करने का आग्रह किया था। हाल ही में हुए रेल हादसों की भी इसी एंगल से जांच की जा रही है। राजस्थान में अजमेर के पास मंगलवार को रेलगाड़ियों को पटरी से उतारने की एक और कोशिश के साथ ही अगस्त 2024 से रेलवे ट्रैक पर तोड़फोड़ की कुल 18 घटनाएं हो चुकी हैं, जिनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि जून 2023 से 28 ऐसे गंभीर तोड़फोड़ के मामलों की जांच चल रही है। कुछ तोड़फोड़ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और सीबीआई कर रही है। हाल के हफ्तों में राजस्थान में ट्रेन को पटरी से उतारने की यह तीसरी कोशिश है। इससे पहले 28 अगस्त को छबड़ा बारां में मालगाड़ी की पटरी पर स्क्रैप मेटल फेंका गया था और 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत ट्रैक पर सीमेंट ब्लॉक से ट्रेन टकरा गई थी। कानपुर में सोमवार को भिवानी-प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी। इसमें एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल की बोतल और माचिस रखी गई थी। इससे पहले राजस्थान के पाली जिले में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी।

| रेल पटरियों पर तोड़फोड़ | |
|---|---|
| अक्टूबर 2023 | चित्तौड़गढ़ में रेलवे ट्रैक पर लोहा और पत्थर |
| फरवरी 2024 | पश्चिम बंगाल में पत्थरबाजी |
| जून 2024 | पश्चिम बंगाल में सिग्नल लाइट को कागज से ढक दिया |
| जुलाई 2024 | यूपी में यूट्यूबर 'इंडियन हैकर' ने रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर, कैंची जैसी चीजें रख वीडियो रिकॉर्ड कर चैनल पर अपलोड किया |
| जुलाई 2024 | पश्चिम बंगाल में 'उर्स मेला' के 400-500 लोगों ने ट्रेन रोकी |
| अगस्त 2024 | यूपी में ड्यूटी के बाद घर जाते समय स्टेशन मास्टर वीरेंद्र कुमार वर्मा को गोली मार दी गई |
| अगस्त 2024 | राजस्थान में सीमेंट कंक्रीट से पटरी को ढका |
| अगस्त 2024 | झारखंड में 100 पैंड्रोल क्लिप चोरी |

एनआईए की टीम कानपुर में चल रही जांच में शामिल हो गई है। कानपुर पुलिस ने इस मामले में दो स्थानीय हिस्ट्रीशीटरों समेत छह लोगों को हिरासत में लिया है और एक विशेष जांच दल बनाने का फैसला किया है। यह दल यह अध्ययन करेगा कि क्या कानपुर में हाल ही में हुई साबरमती एक्सप्रेस दुर्घटना से कोई समानता है। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पायनियर से कहा, वरिष्ठ अधिकारी मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें साझा किया जाएगा। यह पहली बार नहीं है, बल्कि दिसंबर 2017 में तोड़फोड़ के मामलों में असाधारण बढ़ोतरी के साथ एक समान पैटर्न देखा गया था, जिसमें लगभग 18 घटनाएं दर्ज की गई थीं। तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने गृह मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर दुर्घटनाओं की एनआईए द्वारा विस्तृत जांच की मांग की थी, क्योंकि उन्होंने 'बाहरी लोगों द्वारा आपराधिक हस्तक्षेप की संभावना' की घटनाओं को सूचीबद्ध किया था। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली से आईएसआईएस के लगभग 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, जांच एजेंसियों ने 219 कैमरों से फुटेज एकत्र की है और कानपुर ट्रेन को पटरी से उतारने के प्रयास के संबंध में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की है।



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व अवर अभियंताओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

## 2017 से पूर्व संभव नहीं थी शुचितापूर्ण भर्ती: योगी

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि देश-दुनिया की चिंता का सबसे बड़ा विषय जलवायु परिवर्तन है। आज हम सब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के भुक्तभोगी हैं। नवनियुक्त वन व वन्य जीव रक्षक यदि ईमानदारी से कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव कम करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 647 वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को मंगलवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले शुचितापूर्ण भर्ती संभव नहीं थी। उस समय के सभी आयोग व बोर्डों पर प्रश्न खड़े हो रहे थे। उनके कार्य व चयन संदेह के घेरे में थे। आज भी तमाम में सीबीआई जांच चल रही है। उन लोगों ने ईमानदारी से कार्य नहीं किया। उस समय सरकारों की कार्यपद्धति के कारण युवाओं के भविष्य से न सिर्फ खिलवाड़ किया गया, बल्कि प्रदेश को पहचान के संकट के दौर से भी गुजारा गया। 2017 के पहले युवा जब यूपी से बाहर जाता था और किसी ने पूछ लिया कि कहां से आए हो, यूपी का बताने पर होटल, धर्मशाला व किराए पर कमरे नहीं मिलते थे। पहचान का संकट पैदा करने वाले वही लोग हैं, जो पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगनाओं को अपना शागिर्द बनाते थे। नियुक्ति की भर्ती प्रक्रिया निकलने के बाद जिनकी सूची चली जाती थी और वसूली प्रारंभ होती थी। गरीब व मेधावी छात्र को नियुक्ति नहीं मिल पाती थी, बल्कि नियुक्ति बैकडोर से होती थी। युवा आत्महत्या को मजबूर होता था।

सीएम ने पूछा कि जिन लोगों ने कभी अच्छा किया ही नहीं, अच्छा होने पर उन्हें बुरा लगेगा ही। वह एक्सपोज हो रहे हैं, इसलिए दुष्प्रचार का सहारा लेते हैं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब उनकी सरकार थी तो क्या कर रहे थे। भर्ती प्रक्रिया क्यों पारदर्शी ढंग से नहीं हो पा रही थी। क्यों न्यायपालिका को बार-बार भर्ती प्रक्रियाओं को रोकना पड़ा था। सीएम ने कहा कि यह नियुक्ति नए उप्र की आधारशिला रखने की प्रक्रिया है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो 2017 के पहले भारत के विकास का बैरियर था। आज विकास और पीएम मोदी के विजन का ग्रोथ इंजन बनकर भारत के विकास में योगदान दे रहा है।

योगी ने कहा कि पहले परीक्षा के बाद फाइनल नियुक्ति पत्र मिलने में एक वर्ष लग जाता था, लेकिन बिना विलंब किए नई प्रतिबद्धता के साथ सरकार ने आपको छह महीने/ एक वर्ष से पहले नियुक्ति पत्र प्रदान किया है। भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर नियुक्ति पत्र वितरण तक कहीं भी सिफारिश व लेनदेन की नौबत नहीं आई। आपको नहीं लगा होगा कि कुछ लोग परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए परीक्षा को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए सरकार भी आपसे ऐसे ही ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की उम्मीद करती है। योगी ने कहा कि थोड़ी सावधानी बरतने से कोई नौजवान के भविष्य से खिलवाड़ का दुस्साहस नहीं कर पाया। प्रदेश सरकार ने पारदर्शी तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया को बढ़ाने का कार्य किया है। सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों के रोकथाम अधिनियम-2024 को लागू किया है। इसमें नकल माफिया, सॉल्वर गैंग या पेपर लीक जैसी गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर एक करोड़ जुर्माना व आजीवन कारावास का प्रावधान किया है। परीक्षा की शुचिता पर आंच न आए, इसके लिए एआई का उपयोग किया है। रिक्गनीजिशन के बायोमीट्रिक सिस्टम का बेहतरीन उपयोग किया है। परीक्षा के हर सेंटर पर परीक्षक व अभ्यर्थी को लखनऊ में बैठकर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनीटर कर सकते हैं। योगी ने कहा कि हाल ही में 60,200 पुलिस कार्मिकों की भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया गया है। शायद पहली बार बिना आंच आए दुनिया की किसी सिविल पुलिस ने इतनी बड़ी भर्ती प्रक्रिया को एक साथ संपन्न किया हो। अगले छह महीने के अंदर उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 40 हजार भर्तियों को नियुक्ति पत्र के माध्यम से जोड़ने जा रहे हैं। ( शेष पृष्ठ 9 )

## प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**प्रदेश के पांच** स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस की पढ़ाई को मंजूरी मिल गई है। इन मेडिकल कॉलेजों को 100-100 सीटों की अनुमति मिली है। वहीं, दो मेडिकल कॉलेजों में 50-50 सीटों की बढ़ोतरी की गई है। यानि कुल 600 नई एमबीबीएस की सीटों का सृजन किया गया है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में अब तक 1872 सीटों को मंजूरी मिल चुकी है। यह जानकारी मंगलवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी है। उन्होंने बताया कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम कर रही है। जिला चिकित्सालयों को मेडिकल कॉलेजों के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिन जिलों में एमबीबीएस की 100 सीटें दी गई हैं, उनमें गोंडा, कौशाम्भी, चंदौली, खीरी, औरैया शामिल हैं। वहीं, ललितपुर एवं कानपुर देहात में पूर्व में स्थापित 50 सीटों को बढ़ा कर अब 100 कर दिया गया है। यानि कुल 600 सीटें की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की नवीन सीटों की बात करें तो अब तक 12 मेडिकल कॉलेजों को 1200 नई सीटें प्राप्त हुई हैं। वहीं, पीपीपी मोड पर स्थापित अजय सांगल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, शामली एवं केएमसी मेडिकल कॉलेज, महाराजगंज को 150-150 एवं श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलेज, संभल को 50 सीटें इस शैक्षणिक सत्र में प्राप्त हो चुकी हैं। इन नवीन सीटों के अतिरिक्त राजकीय मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में वर्तमान शैक्षणिक सत्र हेतु 50 एमबीबीएस सीटों के लिए एलओपी (लेटर ऑफ प्रोटेक्शन) निर्गित की गई है। निजी क्षेत्र में स्थापित जीएस मेडिकल कॉलेज, हापुड़ में 100 एमबीबीएस सीटों को बढ़ा कर 250 कर दिया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज आगरा को 72 एवं मेरठ को 50 नई एमबीबीएस सीटों को अनुमति दी गई है।

## भाजपा ने अमेरिका में सिख समुदाय पर टिप्पणी के लिए राहुल गांधी को घेरा







**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर कई कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं। यहां उनके दिए गए बयान सुर्खियां बन रहे हैं। ऐसे ही एक कार्यक्रम में उन्होंने मोदी सरकार, भाजपा और आरएसएस तीखा हमला किया जिसके बाद भाजपा और कांग्रेस में जुबानी जंग छिड़ गई है। भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिका में सिख समुदाय के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेश में संवेदनशील मुद्दों पर बोलकर खतरनाक विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के सच बोलने से भाजपा का पूरा तंत्र घबराया और लड़खड़ाया हुआ है। लोकसभा में मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करता रहेगा। राहुल वर्तमान में अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। उनका पहला पड़ाव डलास था जो शनिवार को शुरू हुआ और वह सोमवार को वाशिंगटन डीसी पहुंचे।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल की टिप्पणी भयावह है, क्योंकि उन्होंने अपनी रोटियां सेकने के लिए विदेश में रह रहे सिख समुदाय के सदस्यों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले

**● राहुल की टिप्पणी भयावह है, क्योंकि उन्होंने अपनी रोटियां सेकने को विदेश में रह रहे सिख समुदाय के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की : पुरी**

भाजपा नेता ने कहा, सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने के बारे में उनके द्वारा की गई टिप्पणी की वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। वाशिंगटन के वर्जीनिया उपनगर में हर्नडॉन में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं, बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। उन्होंने कहा कि लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। लड़ाई इसी बात के लिए है और यह सिर्फ उनके लिए ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा कबसे भारत हो गई कि भाजपा की निंदा करने का मतलब भारत की निंदा करना है। भाजपा या नरेन्द्र मोदी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी निंदा करना भारत की निंदा करना है। यह (धारणा) गलत है। खेड़ा ने कहा, भारत के राष्ट्र निर्माताओं की निंदा जब प्रधानमंत्री करते हैं, तो किसकी निंदा करते हैं। उस समय हम इनकी नीतियों की निंदा करेंगे, सवाल उठाएंगे, हमारा काम है। इनकों क्या आपत्ति है। उन्होंने कहा, जहां तक बात चुनावों की निष्पक्षता की है, तो एक स्वतंत्र संस्था ने अपने आंकड़े रखे कि कैसे 79 लोकसभा सीट पर गड़बड़ हुई। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री विदेशी धरती पर कहते हैं कि लोगों को भारतीय धरती पर पैदा होने पर शर्म आती है, तो वह क्या था। जब वे विदेश में जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बोलते हैं, तो वह क्या था। भाजपा द्वारा राहुल गांधी की सिख समुदाय पर की गई टिप्पणी की आलोचना करने के लिए 1984 के सिख विरोधी दंगों का हवाला दिए जाने पर खेड़ा ने कहा कि दोनों के बीच कोई संबंध नहीं है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति लोगों को कपड़ों से पहचानने की बात करते हैं। उनकी पार्टी हिजाब के खिलाफ आंदोलन चलाती है जो लोग आज हिजाब के खिलाफ आंदोलन चला रहे हैं, वे कल सिखों की पगड़ी के लिए भी आंदोलन चलाएंगे। इस बारे में किसी को कोई संदेह नहीं है।

## अवैध धर्मांतरण में मौलाना कलीम समेत 16 आरोपी दोषी

**विधि संवाददाता** । लखनऊ

**अवैध** धर्मांतरण के मामले में एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने मंगलवार को मौलाना कलीम सिद्दीकी व मो. उमर गौतम समेत 16 आरोपियों को दोषी करार दिया। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने आरोपियों की सजा के बिंदू पर सुनवाई के लिए 11 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है। उन्होंने तय तारीख पर सभी आरोपियों को जेल से तलब करने का आदेश भी दिया है। इन आरोपियों में मौलाना मो. कलीम सिद्दीकी व मो. उमर गौतम के अलावा आरोपी प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, कौशर आलम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, डॉ. फराज बाबुल्लाह शाह, मुफ्ती काजी जहॉगीर आलम कासमी, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, राहुल भोला उर्फ राहुल अहमद, मन्नू यादव उर्फ अब्दुल मन्नान, सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख, अब्दुल्ला उमर, मो. सलीम, कुणाल अशोक चौधरी, धीरज गोविंद राव जगताप व सरफराज अली जाफरी शामिल हैं। एटीएस ने इन्हें देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया था। यह सभी जमानत पर रिहा थे। 20 जून, 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी। इन सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 417, 120बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए व धारा 298 के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5/8 में आरोप तय हुआ था। आरोपियों को इन सभी धाराओं में दोषी करार दिया गया है। इसमें आजीवन कारावास तक की सजा का प्राविधान है। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक आरोपियों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मांतरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी।

## इंफाल घाटी में शांति के लिए प्रदर्शन के बाद मणिपुर में लगा कर्फ्यू

**पायनियर समाचार सेवा** । इंफाल

**मणिपुर में** शांति बहाली की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद राज्य के तीन जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शन के बीच मणिपुर सरकार ने पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी हैं। राज्य के गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि यह निर्णय तस्वीर, नफरती भाषण और नफरती वीडियो के प्रसार के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है। मणिपुर राज्य में मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, ऐसी आशंका है कि कुछ असामाजिक ( शेष पृष्ठ 9 )

## आईएएफ अफसर ने वरिष्ठ के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की

**पायनियर समाचार सेवा** । जम्मू-कश्मीर

**श्रीनगर में** तैनात 26 वर्षीय फ्लाइंग ऑफिसर ने न्याय की मांग करते हुए बडगाम पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद भारतीय वायु सेना के अधिकारियों को कथित यौन उत्पीड़न और मानसिक यातना का मामला परेशान करने लगा है। अपनी शिकायत में, परेशान फ्लाइंग ऑफिसर ने पांच अन्य अधिकारियों पर जांच को गलत तरीके से करने, पीछा करने, उत्पीड़न और मानसिक यातना देने का भी आरोप लगाया है। फ्लाइंग ऑफिसर ने अपनी शिकायत में यह भी दावा किया है कि उत्पीड़न का उसके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। वह लगातार डर में जी रही है। चौबीस घंटे जांच के दायरे में हैं और मेरा सामाजिक जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। पीड़िता ने जम्मू और कश्मीर पुलिस को अपनी शिकायत में कहा उत्पीड़न उसे आत्महत्या करने का विचार आ रहा है। वह पूरी तरह से असहाय महसूस हो और दैनिक जीवन को जारी रखने में असमर्थ है। मेरे सामाजिक मेलजोल पर अधिकारियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाती है और हतोत्साहित किया जाता है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने मामले में नाम दर्ज भारतीय वायु सेना ( शेष पृष्ठ 9 )

# जीएनएसएस से लैस निजी वाहनों पर हर दिन 20 किमी तक नहीं लगेगा शुल्क

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**वैश्विक नेविगेशन** उपग्रह प्रणाली से लैस निजी वाहनों के मालिकों से राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर रोजाना 20 किलोमीटर तक के सफर के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। एक अधिसूचना में यह प्रावधान किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन करने की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) संशोधन नियम, 2024 के रूप में अधिसूचित नए



नियमों के तहत राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने पर ही वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा।

अधिसूचना में कहा गया है, राष्ट्रीय परमिट रखने वाले वाहनों को छोड़कर किसी अन्य वाहन का चालक, मालिक या प्रभारी व्यक्ति जो राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थाई पुल, बाईपास या सुरंग के उसी खंड का उपयोग करता है, उससे जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में 20 किलोमीटर की यात्रा तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने जुलाई में कहा था कि उसने फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में चुनिंदा राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली को पायलट आधार पर लागू करने का फैसला किया है। जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के ( शेष पृष्ठ 9 )

## लखनऊ में तालाबों पर अतिक्रमण मामले में एनजीटी ने अधिकारियों को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली ( भाषा )।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के लखनऊमें भूमि-भवन कारोबार से जुड़ी एक कंपनी द्वारा पांच जल निकायों पर कथित अतिक्रमण किए जाने के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक समिति का गठन किया है। इसने लखनऊ के जिलाधिकारी और लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित अधिकारियों से भी जवाब मांगा। हरित निकाय एक निवासी की पत्र याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें ओमेक्स लिमिटेड पर आरोप लगाया गया कि उसने लखनऊ में ओमेक्स सिटी नाम से ( शेष पृष्ठ 9 )

# पीएम मोदी ग्रेटर नोएडा में आज करेंगे सेमीकॉन इंडिया 2024 का शुभारंभ

● दुनिया भर के बायर्स और विजिटर्स लेंगे हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**बुधवार** से ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहे सेमीकॉन इंडिया 2024 को देखते हुए मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल इंडिया एक्सपो मार्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम योगी ने प्रदर्शनी से लेकर आगंतुकों के लिए की गईं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यक्रम में पीएम मोदी की सहभागिता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गौतम विश्वविद्यालय में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट में बुधवार से सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को समर्पित प्रदर्शनी सेमीकॉन इंडिया 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे दुनिया भर के बायर्स और विजिटर्स हिस्सा लेंगे। इसका शुभारंभ स्वयं पीएम मोदी करेंगे। इसी वेन्यू पर उत्तर प्रदेश 25 से 29 सितंबर के बीच इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन करने जा रहा है।



## सीएम योगी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने के दिए निर्देश

मंगलवार शाम को सीएम योगी ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे। यहां पर उन्होंने प्रदर्शनी स्थल से लेकर विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सत्रों के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने उन्हें पूरे कार्यक्रम स्थल को मैप के माध्यम से भी दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमे दुनिया भर के उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा की आगंतुकों को किसी तरह किंकोई समस्या नहीं होनी चाहिए, ताकि उनके सामने उत्तर प्रदेश की एक बेहतर छवि प्रस्तुत हो।

इस अवसर पर सीएम योगी के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास

### वैश्विक बाजार में यूपी की बढ़ती धाक का बनेगा माध्यम

**लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार वैश्विक बाजार में अपनी बढ़ती धाक को और प्रशस्त करने के लिए सेमीकॉन इंडिया 2024, इलेक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के साथ ही प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 का भी आयोजन करने जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट व प्रोडक्शन के इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के तौर पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 11 से 13 सितंबर के बीच यह आयोजन होने जा रहा है। कुल 35,000 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न पवेलियंस के माध्यम से यह आयोजन अद्भुत छटा बिखेरेगा जिसमें दुनियाभर के 589 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में भी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते महत्व पर योगी सरकार का विशेष फोकस होगा और योगी सरकार प्रदेश के निवेश परक माहौल, गुड गवर्नेंस के साथ ही सेक्टर फेवरेबल पॉलिसीज के प्रमोशन को सबसे ज्यादा महत्व दे रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश मोबाइल विनिर्माण उद्योग में अग्रणी है और इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग में भी विशिष्ट योगदान रखता है।

# सदैव स्मरणीय रहेंगे आंतरिक सुरक्षा के लिए गोविंद वल्लभ पंत के किए गए कार्य: योगी

● मुख्यमंत्री ने पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

● कहा-जेल की यातना सही लेकिन आजादी के आंदोलन से कभी विचलित नहीं हुए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने अविभाजित उत्तर प्रदेश के लिए और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जो कार्य किए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे। उत्तर प्रदेश में विकास के कार्यों की आधारशिला रखने के लिए भारत के ऐसे महान सपूत की स्मृतियों को नमन करते हुए उनकी पावन जयंती पर प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम योगी ने पंडित गोविंद वल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत ही यशस्वी रहा। उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी अच्छी खासी प्रैक्टिस छोड़ दी और आजादी के आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने आंदोलन में भाग लिया, जेल की यातना सही, लेकिन आजादी के उस आंदोलन से कभी विचलित नहीं हुए।

यही कारण था कि आजादी के आंदोलन के दौरान उनके द्वारा किए गए योगदान, लगातार किए गए संघर्षों के कारण उन्हें स्वतंत्र भारत में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का उत्तरदायित्व सौंपा गया। उन्होंने 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उस समय के उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए, जनता को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों इसके लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य और उस समय के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए उन्होंने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की, जिस पर आज का हमारा उत्तर प्रदेश आधारित है।

# अलीगढ़ रेंज के आईजी व 8 जिलों के एसपी सहित 17 आईपीएस अफसर स्थानांतरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश शासन ने मंगलवार को एक आईजी, एक डीआईजी और आठ जिलों के पुलिस कप्तानों सहित 17 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए।

इस फेरबदल में अलीगढ़ रेंज के आईजी सलभ माथुर को हटाते हुए डीजीपी मुख्यालय में आईजी स्थापना के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। उनके स्थान पर डीआईजी स्थापना प्रभाकर चौधरी को अलीगढ़ रेंज की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा झांसी के एसएसपी राजेश एस को शाहजहांपुर का एसपी, 47 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के सेनानायक सुधा सिंह को झांसी का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी डॉ. यशवीर सिंह को रायबरेली का एसपी, उन्नाव के एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना को डीसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट, औरैया की एसपी चारु निगम को गाजियाबाद 47 वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। महोबा की एसपी अपर्णा गुप्ता को डीसीपी लखनऊ, कमिश्नरेट, शाहजहांपुर के एसपी अशोक कुमार मीना को सोनभद्र का एसपी, डीसीपी प्रयागराज दीपक कुमार को उन्नाव का एसपी, रायबरेली के एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल को डीसीपी आगरा कमिश्नरेट, गोरखपुर के एएसपी नगर कृष्ण कुमार को सम्भल का एसपी बनाया गया है। इसी तरह सम्भल के एसपी कुलदीप सिंह मुनावत को डीसीपी प्रयागराज, डीसीपी उत्तरी लखनऊ अभिजीत आर शंकर को औरैया का एसपी नियुक्त किया गया है। अलीगढ़ के एएसपी ग्रामीण पलाश बंसल को महोबा का एसपी, कुशीनगर के एएसपी अभिनव त्यागी को एएसपी नगर गोरखपुर, अलीगढ़ के एसीपी अमृत जैन को अलीगढ़ में ही एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

# 2027 में भाजपा का सफाया तय, यूपी में बनेगी सपा की सरकार: अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सपा मुखिया ने कहा-नोटबंदी व जीएसटी से चौपट हो गया व्यापार

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जागरूक जनता ने 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी 37 सांसद विजयी बनाकर देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भाजपा का चार सौ पार का नारा हवा हो गया। भाजपा की अहंकारी राजनीति पर नियंत्रण लग गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया होना तय है क्योंकि आगामी उपचुनाव में ही भाजपा सभी सीटें हारने जा रही है।

अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी, यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ही सुनिश्चित हो चुका है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश विकास के क्षेत्र में बहुत पीछे चला गया है। भाजपा सरकार ने अपने सात वर्ष के कार्यकाल में छात्र, नौजवान, व्यापारी, किसान, मजदूरों का शोषण किया है।

यादव ने कहा कि भाजपा के डीएनए में ही है कि भूल से भी किसी का भला नहीं होने पाए। नोटबंदी, जीएसटी से व्यापार चौपट हो गया। किसानों की आय दुगनी करने का वादा करके पूरा नहीं किया। भाजपा अपने कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन न करने वाली भाजपा सरकार ने बिजली का बिल बढ़ाकर लोगों का शोषण कर रही हैं शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिर्फ घपला घोटाला ही चल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में महिलाओं-बच्चियों के प्रति अपराधों में सबसे ऊपर है। पुलिस हिरासत में मौते नहीं थम रही है। एनकाउण्टरों का भी रिकार्ड कायम हो गया है। थाना, तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार चरम पर है। अन्याय, अत्याचार पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। निर्दोषों के उत्पीड़न को भाजपा अपनी उपलब्धि समझती है।

यादव ने कहा कि भाजपा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था का चेहरा बदरंग कर दिया है अब पीडीए ही एक मात्र विकल्प है जो लोगों को खुशहाल जिंदगी दे सकता है। पीडीए ही एक मात्र राजनीतिक विकल्प है जो भाजपा की नकारात्मक राजनीति से छुटकारा दिला सकता है। समाजवादी पार्टी पीडीए की ताकत से 2027 के विधानसभा चुनाव में स्वच्छ छवि वाली सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन करती हैं कि घर-घर गांव-गांव जाकर मतदाताओं के साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाएं।

# नोएडा को 'डायनामिक सिटी' बनाने के लिए गठित होगा टास्क फोर्स

● केवल औद्योगिक ही नहीं एडवांस्ड अर्बन एमिनिटीज वाले आधुनिक शहर के तौर पर भी पहचान को किया जाएगा मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ नोएडा

**योगी** सरकार ने नोएडा क्षेत्र के कलेवर को बदलने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा पर कार्य करना शुरू कर दिया है।

सीएम योगी का विजन है कि नोएडा को डायनामिक सिटी के रूप में पहचान मिले और केवल औद्योगिक ही नहीं बल्कि एडवांस्ड अर्बन एमिनिटीज वाले आधुनिक शहर के तौर पर उसकी ब्रांडिंग और मजबूत हो सके। इस क्रम में नोएडा में वाइब्रेंट कल्चरल स्पेस को चिह्नित कर उनके विकास प्रक्रिया को गति देने के लिए बाकायदा एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इस क्रम में प्रक्रिया शुरू करते हुए नॉलेज पार्टनर के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसके पूरा होने से टास्क फोर्स के गठन प्रक्रिया को गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि टास्क फोर्स में प्राधिकरण व जिला स्तर के विभिन्न अधिकारी भी शामिल होंगे और यह टास्क फोर्स विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर जारी कार्य की प्रोग्रेस रिपोर्ट, मॉनिटरिंग, डीटेल्स के संकलन से डाटाबेस निर्माण, निवेश के अवसर तलाशने, टूरिस्ट अट्रैक्शंस को डेवलप करने और क्षेत्र की रचनात्मकता बढ़ाने जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा।

नोएडा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने कई लाभ के बावजूद, नोएडा को उभरते शहरों या 'नियोजित शहरों' से जुड़ी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, इसकी चुनौतियों को दूर करके से एक जीवंत, आत्मनिर्भर और रहने योग्य शहरी समुदाय के तौर पर ब्रांडिंग की जाएगी जो जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि पर फोकस्ड होगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र इंद्र कुमार उर्फ लक्की व उसकी पत्नी सीमा रावत को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार का कृत्य व लेनदेन से हमारा व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **हरीश चंद्र निवासी- हैवतमऊ मवैया, अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ।**

सूचना

मैने अपना नाम ज्योतिष आधार पर वरूण कपूर से बदलकर वरूण कान्त कपूर कर लिया है तथा यही नाम अपने पैनकार्ड व आधार कार्ड में भी अंकित कर लिया है। वरूण कपूर तथा वरूण कान्त कपूर दोनों मेरे ही नाम है। वरूण कान्त कपूर पुत्र श्री सुषिल कुमार कपूर निवासी-825, बी-ब्लाक, इण्डियन ऑयल कालोनी, पनकी, कानपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पति स्व इन्द्र बहादुर सैनिक क्रमांक 14923328A के सर्विस बुक में मेरे पुत्र का नाम अजय कुमार दर्ज हो गया है जो कि गलत नाम है। सही व शुद्ध नाम अजय यादव है। अतः इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। जिसमें मेरे पुत्र का नाम अजय यादव डिस्चार्ज बुक में दर्ज किया जाए उर्मिला पत्नी स्व इंद्र बहादुर ग्राम भखरी मजरे उमरन पोस्ट गंगेहरा गुलालगंज ऊंचाहार रायबरेली।

आवश्यकता है

**श्री बच्चू राम राम स्वरूप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
अढ़ौली-धाता, फतेहपुर (उ०प्र०)

कालेज कोड- 2006 में स्नातक कला संकाय हेतु हिंदी साहित्य, संस्कृत विषयों में एक-एक सहायक आचार्यों की और एक प्राचार्य की आवश्यकता हैं। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यू०जी०सी० के मानकानुसार।
आवेदन की अन्तिम तिथि-10 अक्टूबर 2024
मुख्य ट्रस्टी/प्रबन्धक
मो0. 6306376276, 9935406738

## सुल्तानपुर एनकाउंटर की न्यायिक जांच के लिए अजय राय ने राज्यपाल को लिखा पत्र

**लखनऊ।** विगत दिनों सुल्तानपुर सर्राफा लूट कांड के आरोपी मंगेश यादव की एनकाउन्टर में मौत हो गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि सारी परिस्थितियां एन्काउन्टर के फर्जी होने की तरफ इशारा कर रही हैं और पुलिस की जांच में कई कमियां सामने आ रही हैं। उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अजय राय 9 सितम्बर, 2024 को स्वयं स्व. मंगेश यादव के परिजनों से मिलने उनके जौनपुर स्थित आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जिस दौरान परिजनों से बात करके यह पता चला कि पुलिस ने 2 सितम्बर की रात मंगेश यादव को उनके घर से उठाया था और घर वालों से कहा था कि वे सुबह तक वापस आ जायेंगे। मगर 2 दिन बाद मंगेश की एन्काउन्टर में मौत हो गयी। मामले की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के किसी सिटिंग जज से कराने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राज्यपाल को पत्र लिखकर आग्रह किया है।

# चकबंदी कार्यों में लेटलतीफी व अनियमितता पर चार अफसर निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कई के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई

**सीएम** योगी के निर्देश पर चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर दो चकबंदी अधिकारियों समेत चार को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही कई के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई समेत आरोप पत्र जारी किये गये हैं।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर महाराजगंज के ग्राम बैठवलिया में प्रारंभिक चकबंदी योजना तैयार करने में अनियमितता पर सहायक चकबंदी अधिकारी अखिलेश चंद्र श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उप संचालक चकबंदी को अनियमितताओं को दुरुस्त करने तथा लंबित निगरानियों का ग्राम अदालत के माध्यम से शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह बांदा के ग्राम सिलेहटा में अनियमितताओं पर चकबंदी अधिकारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसी ग्राम के संबंध में अनियमितताओं के लिए पूर्व में निलंबित सहायक चकबंदी अधिकारी अरुण नारायण सिंह के खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र जारी करने और तत्कालीन चकबंदीकर्ता कामता प्रसाद, संप्रति सहायक चकबंदी अधिकारी को अनियमितता के लिए निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिये गये। वहीं चकबंदी लेखपाल विकास सिंह, जो पूर्व से इसी ग्राम में अनियमितताओं के लिए निलंबित हैं, उनके खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप (जो पूर्व से ही निलम्बित हैं), उनके खिलाफ भी अतिरिक्त आरोप पत्र निर्गत करने के निर्देश दिये गये। चकबंदी आयुक्त ने बताया कि बिजनौर में चल रही चकबंदी में अनियमितता को लेकर विभिन्न गांव के किसानों ने शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट के बाद निदेशालय स्तर पर समिति गठित कर जांच कराई गई। जांच में चकबंदी के दौरान अनियमितता की शिकायत सही मिलने पर तत्कालीन बंदोबस्त अधिकारी विजय कुमार, सम्प्रति बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी मुजफ्फरनगर को निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिये। साथ ही उप संचालक चकबन्दी को अनियमितताओं को दूर करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा गोंडा के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी देवेंद्र सिंह को वादों के निस्तारण न करने एवं शिथिल पर्यवेक्षण पर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने अपने यहां संबद्ध मीरजापुर के चकबंदी लेखपाल राजेंद्र कुमार यादव द्वारा अनियमितताओं की शिकायत की थी। इस पर सम्बद्धीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए मीरजापुर के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को लेखपाल के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिये गये। आजमगढ़ जिलाधिकारी की आख्या के आधार पर चकबन्दी कार्यों के शिथिल पर्यवेक्षण एवं कार्य में शिथिलता के दोषी चकबन्दी अधिकारी (से.नि.) शैल राजीव कमल, सहायक चकबंदी अधिकारी (से.नि.) मोहन लाल श्रीवास्तव, राधेश्याम वर्मा, चक्रधर त्रिगुनायत और जैनेंद्र प्रताप के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिये गये। मुजफ्फरनगर में चकबंदी कार्यों में अनियमितता पर चकबन्दी अधिकारी तत्कालीन वीरेन्द्र प्रकाश सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी के खिलाफ पिछले दस वर्ष से चल रही जांच रिपोर्ट अब तक निदेशालय को न दिये जाने पर जांच अधिकारी उप संचालक चकबंदी से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

# राहुल गांधी के नाटक से सतर्क रहने की जरूरत : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** मायावती ने अमेरिका में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर दिए गए बयान पर निशाना साधा है। मायावती ने कहा है कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के षडयंत्र में है। राहुल गांधी के नाटक से सतर्क रहने की जरूरत है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि केंद्र में काफी लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया और ना ही देश में जातीय जनगणना कराने वाली यह पार्टी अब इसकी आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें, जो आगे कभी भी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सर्तक रहें, जिसमें उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहत्तर स्थिति में होगा तो हम अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षडयंत्र में लगी है। इन वर्गों के लोग कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के दिए गए इस घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केन्द्र की सत्ता में आते ही अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी। मायावती ने कहा कि ये लोग संविधान व आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से जरूर सजग रहें जबकि सच्चाई में कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण विरोधी सोच की रही है। केंद्र में रही इनकी सरकार में जब इनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब इस पार्टी से इनको इंसाफ ना मिलने की वजह से ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# कोविड महामारी के दौरान बंद हुई भारत नेपाल सीमा पर्यटकों के लिए खोली गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मिलेगी मजबूती: जयवीर सिंह

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारत और नेपाल के मध्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए खोल दी गयी है। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा कोविड-19 के प्रकोप के दौरान बंद कर दी गयी थी। पर्यटन के दृष्टिकोण से यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस सीमा के खुलने से पर्यटक भारत तथा नेपाल के प्राकृतिक एवं रमणीक स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे, इससे दोनों देशों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भारत नेपाल के बीच स्थित धनगढ़ी और गौरीफंटा क्रासिंग दो वर्षों से बंद थी। गौरीफंटा-धनगढ़ी सीमा को फिर से खोला जाना प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष महत्व है। यह मार्ग विभिन्न परिदृश्यों तथा विविध वन्य जीवन तक सीधी पहुंच प्रदान करता है। यूपी के लखीमपुर जनपद में स्थित दुधवा राष्ट्रीय उद्यान संरक्षित वन क्षेत्र है। घने जंगलों से घिरा यह इलाका रॉयल बंगाल टाइगर के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। हर साल बड़ी संख्या में वन्य जीव प्रेमी यहां पहुंचते हैं। यह राष्ट्रीय उद्यान नेपाल के धनगढ़ी शहर से लगा हुआ है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारत की ओर से नेपाल जाने के इच्छुक पर्यटकों को बर्दिया राष्ट्रीय उद्यान खासा आकर्षित करता है। नेपाल की सैर पर जाने वालों को बर्दिया उद्यान में बाघों और एक सींग वाले गैंडों की वृहद आबादी देखने को मिलती है। शुक्ला फांटा राष्ट्रीय पार्क लुभावने दृश्य और जैव विविधता का जीता-जागता उदाहरण है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा घास का मैदान है। वहीं, नेपाल में चितवन राष्ट्रीय उद्यान, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी है, पर्यटकों की पहली पसंद है। यह घने जंगलों, वन्यजीव सफारी और अद्भुत जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। लंबे समय बाद भारत और नेपाल के पर्यटकों को एक-दूसरे देश में फिर से जाने और घूमने का अवसर मिलेगा।

नेपाल में मौजूद पर्यटन स्थल न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान है, बल्कि दोनों (भारत और नेपाल) देशों के बीच आध्यात्मिक साधकों के लिए एक प्रवेश द्वार भी है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गौरीफंटा-धनगढ़ी अंतर्राष्ट्रीय सीमा का एक बार फिर खुलना बौद्ध पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। यह मार्ग नेपाल से आने पर्यटकों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न वन्य जीव अभ्यारण्यों तथा सारनाथ, कुशीनगर जैसे पवित्र बौद्ध स्थलों की यात्रा का अवसर प्रदान करता है। वहीं, बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले डेस्टिनेशन की रोमांचक यात्रा को प्रेरित करता है।

इस द्विपक्षीय प्रवेश द्वार से निकट भविष्य में भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता के साथ प्राकृतिक और ऐतिहासिक विरासत की गहरी समझ विकसित होने की उम्मीद है।

ई-नीलामी सूचना

**बाढ़ से प्रभावित रसायन, कीटनाशक और बीज**

इच्छुक क्रेताओं को "बाढ़ प्रभावित रसायन, कीटनाशक एवं बीज" के निपटान के लिए "एकमुश्त" आधार पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषयगत सामग्री को "जैसा है, जहां है", जो भी है" तथा "कोई शिकायत नहीं" के आधार पर बेचा जाएगा। निरीक्षण हेतु कृपया श्री रवि कुमार भारद्वाज से 9935136430 पर संपर्क करें। विषय सामग्री का निरीक्षण **मैसर्स श्री ओम बीज भंडार,** अजीज गंज, डैम रोड, शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश में **11-09-24 से 19-09-24** के बीच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच ही किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया **श्री रवि कुमार भारद्वाज** से 9935136430 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी 20-09-24 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी की नियम और शर्तों हेतु फॉर्म प्राप्त करने के लिए कृपया श्री शमशेर सिंह, 9709709992 पर संपर्क कर सकते है। या वेबसाइट **https://wwwsealthedeal.co.in/** से डाउनलोड करें।

**नीलामीकर्ता: सील द डील,** जिसका पंजी. कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर 5, रोहिणी, दिल्ली-110085

**फॉर्म और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 19-09-24 है।**

# गुजरात से आई नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की टीम ने शुरू की जांच-पड़ताल

**ट्रांसपोर्ट नगर हादसा**

## कम्प्रेशन व टेन्साइल टेस्ट से पता लगाया जाएगा कि कॉलम व बीम बिल्डिंग का भार सहने लायक थे या नहीं

● **विशेषज्ञों की टीम ने स्लैब की मोटाई, कॉलम व बीम की नापजोख की, जांच के लिए सुरक्षित किए गए सैम्पल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कानपुर** रोड योजना के ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्ड संख्या-सी 54 पर निर्मित व्यावसायिक बिल्डिंग अचानक कैसे गिरी। गुजरात की नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी ने इसकी जांच शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह लखनऊ पहुंची विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करके स्लैब, कॉलम व बीम आदि की नापजोख करी। विशेषज्ञों का कहना है कि कम्प्रेशन व टेन्साइल टेस्ट करके पता लगाया जाएगा कि कॉलम व बीम बिल्डिंग का भार सहने लायक थे या नहीं। इसके लिए स्ट्रक्चर के क्षतिग्रस्त हिस्सों के सैम्पल सुरक्षित किए गए हैं। मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटीए गांधी नगरए गुजरात घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधी नगर, गुजरात को घटना के कारणों की जांच करने के लिए कहा गया है। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ आरके शाह, एसोसिएट प्रोफेसर मेरूल वकील व प्रोफ़ेसर डॉ प्रवीण गुप्ता की टीम मंगलवार सुबह ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची। टीम के सहयोग के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों व अभियंताओं को पहले से ही मौके पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये थे। जिनके द्वारा विशेषज्ञों की टीम को पूरे परिसर का निरीक्षण कराया गया। इस दौरान टीम ने क्षतिग्रस्त बिल्डिंग के हिस्सों में से स्लैब की मोटाई, कॉलम व बीम के आकार व निर्माण में इस्तेमाल हुयी सरिया के व्यास की नापजोख करके जानकारी दर्ज की। विशेषज्ञों के अनुसार उक्त प्रकरण में सीटीएम (कम्प्रेशन टेस्टिंग मशीन) से कॉलम व बीम की मजबूती की जांच की जाएगी। इसके अलावा यूटीएम (यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन) से कॉलम व बीम में इस्तेमाल हुयी सरिया व कन्क्रीट का टेन्साइल टेस्ट किया जाएगा। इससे यह पता लगाया जाएगा कि कॉलम व बीम बिल्डिंग का भार सहने लायक थे या नहीं। इसके लिए बिल्डिंग के मलबे से सैम्पल सुरक्षित किये गये हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि टीम ने भूखण्ड संख्या सी.54, सी.55 एवं सी.41 के भवन मानचित्र की मांग की गयी है, जिसे जल्द से जल्द उपलब्ध करा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल के बगल व पीछे स्थित भूखण्ड संख्या सी.55 व सी.41 पर निर्मित भवनों को प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सील किया गया है। इन भवनों का टीम से स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाएगा, जिसके पूर्ण होने तक ये बिल्डिंग सील रहेंगी और यहां किसी भी तरह की गतिविधि के संचालन पर रोक रहेगी।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अस्पताल पहुंचकर जाना घायलों का हाल



**लखनऊ।** विगत दिनों लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर में बारिश के दौरान शहीद पथ किनारे स्थित एक इमारत (हरमिलाप टावर) भरभराकर जमींदोज हो गई। हादसे में एक कारोबारी समेत आठ की मौत हो गई। मलबे में दबे 20 से अधिक लोगों को निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज जारी है। उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय राजधानी स्थित लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। जहां राय ने अस्पलात में इलाजरत घायलों तथा उनके परिजनों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। तद्पश्चात अजय राय ने घायलों को कांग्रेस पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया तथा लोकबंधु अस्पताल में चिकित्सकों से मुलाकात कर घायलों के समुचित इलाज हेतु निवेदन किया।

## मंडलायुक्त ने राजकीय बाल गृह का निरीक्षण कर बच्चों से की बातचीत



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंडलायुक्त** द्वारा राजकीय शिशु बाल ग्रह प्राग नारायण रोड व राजकीय बाल गृह पारा का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा बच्चों से बातचीत किया गया। मंडलायुक्त द्वारा उनकी पुस्तकों को देखा गया। वहीं मंडलायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग को नियमित रूप से बच्चों के स्वास्थ्य की रूटीन चेकअप प्राथमिकता पर कराने के निर्देश भी दिए गए।

मंगलवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब द्वारा राजकीय शिशु बाल ग्रह प्राग नारायण रोड व राजकीय बाल गृह पारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बाल शिशु गृह में पढ़ाई कर रहे बच्चो को दुलारते हुए उन्होंने पुस्तको का अध्ययन कराते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को भी चेक किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पठन.पाठन की सामग्री की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने फोन से वार्ता करते हुए एडी बेसिक को निर्देश दिया की बाल ग्रह में अंग्रेजी टीचर व मैथ टीचर की नियुक्ति किया जाना सुनिश्चित करे। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से बच्चों के स्वास्थ्य की रूटीन चेकअप प्राथमिकता पर कराते रहे। बाल गृह में मूलभूत औषधियां की उपलब्धता भी सुनिश्चित करते रहे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक भोजन डाइट चार्ट के अनुसार बच्चो को उपलब्ध कराये। बच्चो को डाइट में प्राथमिक रूप से दूध, फल व दलिया अवश्य दे। उन्होंने बालिकाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि समय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर भरपूर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता और उसके व्यक्तित्व को विकसित करने वाली प्रक्रिया है।

## राज्यपाल ने किया कृष्ण लीला पर आधारित 'लीलाधर' का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं इलाहाबाद संग्रहालय समिति की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने आज इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज में संग्रहालय के नवीन पहल माह का आकर्षण के अंतर्गत एकल वस्तु प्रदर्शनी में आधुनिक चित्रकला संग्रह 'राधा का स्वप्न' व संग्रहालय के लघु चित्रों में कृष्ण लीला पर आधारित 'लीलाधर' का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदर्शनी में चित्रों के संग्रह व सुंदर संयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के विशेष प्रदर्शनियों के माध्यम से संग्रहालय के सुरक्षित संग्रह से जन-सामान्य को भी रूबरू कराया जाना चाहिए। उन्होंने संग्रहालय में कांस्य और सिक्कों के सुरक्षित संग्रह का भी निरीक्षण किया और रख-रखाव की आधुनिकतम तकनीक को अपनाने व सिक्कों के संग्रह की विशेष प्रदर्शनी राजभवन में भी लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने संग्रहालय के विकास कार्यों व भावी योजनाओं पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। बैठक में संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने पावर प्वाइंट के माध्यम से मुख्य प्रवेश द्वार की प्रगति, महाकुंभ 2025 की तैयारी इत्यादि से बिंदुवार राज्यपाल को अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लीलाधर प्रदर्शनी के कैटलॉग व संग्रहालय की त्रैमासिक समाचार पत्रिका 'विविधा' के छठे अंक का लोकार्पण भी किया।

## बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन दिखे तो अभिभावक को दें जानकारी

● **विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर कार्यशाला का आयोजन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल के दिशा निर्देशन तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा.बी.एन.यादव के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। बलरामपुर अस्पताल सभागार में आयोजित कार्यशाला का मनोचिकित्सक व नैदानिक मनोवैज्ञानिक के द्वारा आत्महत्या के कारणों एवं उनसे बचाव के उपायों के विषय में चर्चा की गई। इस कार्यशाला में जनपद के विद्यालय के नामित प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. अभय ने बताया कि इस इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य है कि ऐसे लोगों को मानसिक और उपचार और सुरक्षा प्रदान करना है, जिन्हें आत्महत्या के विचार आते हैं। इसके लिए जरूरी है कि लक्षणों को पहचाने और काउंसलिंग करें। आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले लोगों के लक्षण हैं - निराशा और अवसाद की भावना, आत्मसम्मान की कमी, अकेला और सामाजिक अलगाव की भावना, नींद न आना और भूख में कमी, जीवन के प्रति उदासीनता और अर्थहीनता, अत्यधिक शराब या नशीले पदार्हों का सेवन, जीवन के प्रति नकरातमक दृष्टिकोण, आत्महत्या के बारे में बात करना या संकेत देना। उन्होने विद्यालय के प्रतिनिधियों से कहा कि बच्चे काफी समय विद्यालय में व्यतीत करते हैं। उनके व्यवहार में यदि बदलाव दिखे तो उससे बात करें और अभिभावकों को भी इससे अवगत कराएँ। उन्होने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेली मानस 18008914416 या 14416 तथा जनपद लखनऊ हेतु मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 9451122854 पर मनोरोग सम्बन्धी जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। मनोवैज्ञानिक डा. रजनीगंधा ने बताया कि तनाव व चिंता एवं अन्य कई कारणों से लोग में तंबाकू एवं अन्य किसी प्रकार के नशे का उपयोग करने लगते हैं। जिससे न उन्हें केवल शारीरिक तौर से बल्कि आर्थिक और सामाजिक तौर से भी क्षति पहुँचती है। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लखनऊ की टीम द्वारा प्रचार प्रसार सामग्री वितरित कर मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जागरूक किया गया।

## प्री दीक्षान्त समारोह 2024 के अंतर्गत 5 दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह 2024 के तत्वाधान मे लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन(लुआ) द्वारा प्री दीक्षान्त समारोह 2024 के अंतर्गत 5 दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। दीक्षांत खेल महोत्सव का शुभारंभ लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर आर.बी. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस खेल उत्सव में विभिन्न खेलो में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने एवं नये परिसर के विभिन्न छात्रावास के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उसके साथ ही डे स्कॉलर की टीम भी इस खेल उत्सव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बी. आर. अम्बेडकर महिला छात्रावास न्यू परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय एवं ओल्ड परिसर के महिला छात्रावास कैलाश हॉल, लावण्या हॉल, निवेदिता हॉल ने प्रतिभाग किया एवं पुरुष छात्रावास में सुभाष हॉल, हब्बीबुल्लाह हॉल,महमूदा बाद हाल, कौटिल्य हॉल, एच. जे. बी. हॉल न्यू परिसर ने भाग लिया।

## बीबीएयू की प्रो. शिल्पी वर्मा को मिला महिला सशक्तीकरण अवार्ड-2024



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की मुख्य सर्तकता अधिकारी प्रो. शिल्पी वर्मा को सामाजिक विकास संघ की ओर से महिला सशक्तिकरण अवार्ड-2024 दिया गया है। प्रो. शिल्पी वर्मा को यह पुरस्कार महिलाओं की प्रगति, उनकी काउंसलिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी को प्रसारित करने, महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन करने एवं महिलाओं को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करने के फलस्वरुप दिया गया है। यह कार्यक्रम सामाजिक विकास संघ द्वारा आगरा के संजय प्लेस के यूथ हॉस्टल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आगरा जोन के क्षेत्रीय निदेशक (उच्च शिक्षा) डॉ. राजेश प्रकाश उपस्थित रहे।

# जेई से मरने वालों की संख्या में ९९ फीसद की गिरावट दर्ज

● **शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए योगी सरकार ने 1.70 लाख से अधिक आशा बहनों को किया प्रशिक्षित**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा जापानी इंसेफेलाइटिस और एक्यूट इंसेफेलाइटिस की रोकथाम को लेकर उठाये कदम रंग ला रहे हैं। योगी सरकार के द्वारा दिमागी बुखार से मरने वालों की संख्या में 99 फीसद गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर है कि सात वर्ष में जेई और एईएस की मृत्यु दर में 12.64 फीसद फीसद की गिरावट आई है। जबकि 2017 में मृत्यु दर 13.87 फीसद थी। वहीं वर्ष 2023 में दिमागी बुखार से होने वाली मृत्यु दर महज 1.23 फीसद दर्ज हुई है।

कभी पूर्वांचल में बच्चों के लिए काल बन चुका जापानी इंसेफलाइटिस (जेई) आज पूरी तरफ से खात्मे की कगार पर है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में पूरे दृढ़ संकल्प के साथ जेई के खिलाफ रणनीति बनाई गई और इसे अंतरविभागीय समन्वय के साथ क्रियान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की हर गतिविधि की निगरानी की गई। विभाग को शत-प्रतिशत टीकाकरण के निर्देश दिए गए। दस्तक अभियान के जरिये लोगों को जेई टीकाकरण के प्रति जागरुक किया गया। यही नहीं, पिछले तीन वर्षों में पूर्वांचल समेत पूरे प्रदेश में शिशुओं को जेई-1 और जेई-2 के करीब 2 करोड़ टीके की डोज दी गयी। जिसका नतीजा रहा कि आज पूर्वांचल जेई से मुक्त हो चुका है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर 1.70 लाख से अधिक आशा बहनों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दस्तक अभियान के तहत एक वर्ष में तीन बार डोर टू डोर कैंपेन के जरिये जेई के कारण, उपाय, उपचार का महत्व एवं टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरुक किया गया, ताकि लोग टीकाकरण के लिए आगे आएं। आशा बहनों ने करीब 4 करोड़ घरों पर दस्तक अभियान के तहत व्यक्तिगत संवाद किया। सीएम योगी के प्रयासों को नतीजा रहा कि जेई के टीकाकरण से पीछे हटने वाले लोग आगे आए। वर्ष 2023-24 में योगी सरकार ने जेई- 1 के लिए 34,64,174 टीकाकरण का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष 33,85,506 टीके लगाये गये। इसी तरह वर्ष 2022-21 में जेई- 1 के लिए 34,59,417 टीकाकरण का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष 33,78,189 टीके लगाये गये, जबकि वर्ष 2021-22 में 34,43,938 टीकाकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 28,40,827 टीके की डोज लगायी गयी। इस वर्ष कोरोना महमारी की वजह से टीकाकरण कुछ धीमा रहा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जीएम डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2023-24 में योगी सरकार ने जेई- 2 के लिए 32,63,507 टीकाकरण का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष 31,02,741 टीके लगाये गये। इसी तरह वर्ष 2022-21 में जेई- 2 के लिए 32,59,026 टीकाकरण का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष 30,67,275 टीके लगाये गये। जबकि वर्ष 2021-22 में 32,45,949 टीकाकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 23,82,369 टीके की डोज लगायी गयी। इस वर्ष कोरोना महमारी की वजह से टीकाकरण कुछ धीमा रहा। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि वर्ष 2023 में दिमागी बुखार से होने वाली मृत्यु दर महज 1.23 प्रतिशत ही दर्ज की गयी है।

### छूट गया है तो पंद्रह वर्ष तक लग सकता है टीका

**यह** टीका बारह जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए पांच साल में सात बार लगाए जाने वाली टीकों में शामिल है। जापानीज इंसेफेलाइटिस से बचाव का टीका बच्चों को दो बार लगाया जाता है। पहली बार टीकाकरण नौ से बारह माह की उम्र में होता है। यह टीका एमआर वैक्सीन के साथ लगाया जा रहा है। वहीं दूसरी बार टीकाकरण सोलह से चौबीस माह की उम्र में होता है। इसे डीपीटी के बूस्टर डोज के साथ लगाया जाता है। अगर किसी का शिशु इस टीके से वंचित रह गया है तो उसे पंद्रह वर्ष की उम्र से पहले कभी भी यह टीका लगाया जा सकता है।

**डॉ. नंदलाल कुशवाहा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी**

### टीकाकरण से जेई से मृत्यु पर लगी लगाम

जापानीज इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जेई टीकाकरण कराया जा रहा है। पिछले छह सात वर्षों में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान इस टीके को लगाने के लिए कई विशेष अभियान भी चलाए गए। इसका असर यह रहा कि जापानीज इंसेफेलाइटिस के मामले साल दर साल कम हुए। सबसे खास बात यह रही कि इस बीमारी से होने वाली मृत्यु शून्य तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष इससे कोई मृत्यु नहीं हुई। इस वर्ष भी स्थिति नियंत्रण में है।

**डॉ. आशुतोष दुबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोरखपुर**

## कैरम में रजिस्ट्रार 11 ने मैनेजमेंट 11 को हराया

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई 2024 से आठ मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के दूसरे दिन कैरम एवं बैडमिंटन के मैच आयोजित किए गए। कैरम में रजिस्ट्रार 11 ने मैनेजमेंट 11 को हरा दिया। रजिस्ट्रार 11 के अमर कुमार ने शानदार खेल दिखाया। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## रमेश तिवारी लखनऊ बार के अध्यक्ष व बृजभान महामंत्री बने





**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**लखनऊ** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर रमेश प्रसाद तिवारी ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेंद्र प्रसाद शुक्ल को 39 मत के अंतर से हराया है। जबकि महामंत्री के पद पर बृजभान सिंह भानु निर्वाचित हुए है। इन्होंने अपने एक मात्र प्रतिद्वंदी जितेंद्र सिंह यादव जीतू को 151 मत से पराजित किया है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर भूपेंद्र मणि सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी यज्ञ मणि दीक्षित को हराकर विजयी हुए हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी के मुताबिक बुधवार को संयुक्त मंत्री, उपाध्यक्ष मध्य एवं कनिष्क उपाध्यक्ष के पदों के लिए मतगणना की जाएगी। बीते 10 सितंबर को अध्यक्ष व महामंत्री समेत 22 पदों के लिए सम्पन्न हुए इस चुनाव में कुल दो हजार 226 मतदाताओं ने मतदान किया था।

## 50 हजार से अधिक अभियुक्तों को कराई गई सजा

● **ऑपरेशन कनविक्शन अभियान**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराध, अपराधियों एवं माफियाओं के विरुद्ध जीरो टालरेन्स की नीति तथा अपराध होने पर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर कठोर सजा सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

डीजीपी प्रशांत कुमार द्वारा इस पर और अधिक बल देते हुए अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की पैरवी कराकर अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के उद्देश्य से पहली जुलाई 2023 से प्रदेश में 'आपरेशन कनविक्शन' अभियान संचालित कराया जा रहा है। इस अभियान को प्रदेश में सफलतापूर्वक संचालित किए जाने के लिए एडीजी अपराध को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त अभियान के अन्तर्गत माफिया, महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराध, सनसनीखेज अपराध जैसे हत्या, लूट, डकैती, गोकशी, अवैध धर्म परिवर्तन एवं अन्य अपराधों के 20-20 अभियोगों को प्रतिमाह चिन्हित कर सजा दिलाने को प्राथमिकता में सम्मिलित किया गया है। अभियान के प्रभावी संचालन हेतु एडीजी अपराध के पर्यवेक्षण में एक पोर्टल 'इन्वेस्टीगेशन, प्रासिक्यूशन एवं कनविक्शन' प्रयोग में लाया जा रहा है, जिसमें समस्त सजाओं व चिन्हित प्रकरणों की विगत 1 वर्ष की प्रतिदिन की प्रगति को जनपदों/ कमिश्नरेटों द्वारा फीड किया जाता है।

इस संबंध में डीजीपी प्रशांत कुमार कहा कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देशन मे उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन के तहत माफिया, महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराध, और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्यवाही कर कठोर सजा सुनिश्चित करने के प्रयास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है।

अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर, वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन और अभियोजन विभाग के समन्वय से न्यायालय मे प्रबल पैरवी कर हम उनको न्यूनतम समय मे दण्डित करा रहे हैं ताकि जनता के मन में आपराधिक न्याय प्रणाली और पुलिस के प्रति विश्वास कायम रहे। 13 महीने 10 दिनों में 50,010 अपराधियों को सजा दिलाना हमारे संकल्प और कार्यकुशलता का स्पष्ट प्रमाण है।

# 50 हजार युवाओं के बायोडाटा में प्रोफेशनल स्किल्स को जोड़ना मेरा लक्ष्य: राजेश्वर

● **युवाओं का डिजिटल कौशल विकास कर रहे सरोजनीनगर विधायक ने किया 7 वे केंद्र का किया लोकार्पण**

## स्थापित कराए जाएंगे 100 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपने पिता रण बहादुर सिंह की स्मृति में शुरू की गयी डिजिटल सशक्तिकरण केन्द्रों की स्थापना की अभिनव पहल युवाओं को महत्वपूर्ण डिजिटल कोर्सेज की फ्री ट्रेनिंग प्रदान करने के साथ क्षेत्रवासियों को ई - गवर्नेंस सुविधा का सहज लाभ भी उपलब्ध करवा रही है। सरोजनीनगर में विधायक द्वारा 100 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्रों की स्थापना के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए सीएसआर फण्ड के माध्यम से सभी केन्द्रों को 5 -5 कंप्यूटर, इन्टरनेट, फर्नीचर व अन्य आवश्यक संसाधन प्रदान कर 6 केंद्रों की स्थापना कराई गयी जिनका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कल्ली पश्चिम में सातवें रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, जब भारत को आज़ादी दिलानी थी, तो चंद्रशेखर आज़ाद, मंगल पाण्डेय जैसे महान युवाओं ने देश के लिए बलिदान दिया। जब आज़ाद भारत को नव निर्माण की आवश्यकता थी, तो डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, डॉ. विक्रम साराभाई जैसे युवकों ने देश की नींव मजबूत की। जब उभरते भारत को विश्व की ताक़त बनाना था तो सुंदर पिचाई (गूगल के सीईओ), नीरज चोपड़ा (भाला फेंक, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे युवाओं ने देश की कमान संभाली। अब भारत को वैश्विक शक्ति बनाना है, तो यह दायित्व आज के युवाओं का है। इसलिए, सरोजनीनगर के हर युवा को वह प्लेटफार्म, संसाधन, सहयोग, समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में आप अपना योगदान दे सकें। सरोजनीनगर विधायक ने आगे जोड़ा कि आने वाला युग डिजिटल पॉवर का है, हम फैक्स मशीन से ईमेल पर आये, मोबाइल फोन से स्मार्टफ़ोन पर आये, कंप्यूटर से लैपटॉप और आईपेड पर आये, आने वाले समय में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बदलाव के वाहक है। इस लिए डिजिटल शिक्षा की दिशा में युवाओं को तैयार करना हमारा प्रमुख उत्तरदायित्व है और रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण इस दिशा में बढ़ता मजबूत कदम है, इनकेंद्रों के माध्यम से 50 हजार बच्चों को डिजिटल शिक्षा का लाभ दिलाना है, उनके बायोडाटा में प्रोफेशनल स्किल्स को जोड़ना है, ताकि उन्हें रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। विधायक डॉ. सिंह आगे बताया अब इन केन्द्रों पर डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा का प्रसार भी किया जाएगा, इनमें एनसीईआरटी की किताबें, प्रतियोगी परीक्षाओं का स्टडी मटेरियल उपलब्ध होगा ताकि युवाओं को अपने सपनें पूरा करने में भी सहायता मिल सके। उन्होंने बताया अब तक 1500 से अधिक सिलाई, कढ़ाई मशीनें प्रदान कर सरोजनीनगर में 130 तारा शक्ति केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है और 60 केन्द्रों की स्थापना प्रक्रियाधीन है। ताराशक्ति केन्द्रों से जुडी सरोजनीनगर परिवार की महिलाओं को आगामी प्रयागराज महाकुम्भ में 1 लाख इको फ्रेंडली बैग्स पहुंचा कर पर्यावरण संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए, इसके लिए उन्हें हर संभव संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा।

बता दें कि डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा स्थापित इन केन्द्रों पर युवाओं को डिजिटल टूल (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, ओएस, टैली आदि) का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता हैं। साथ ही इन केन्द्रों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पेंशन, सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पीएम सूर्यघर फ्री बिजली योजना व आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि का आवेदन की सुविधा भी मिलती है।

# निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरा हो इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्यः योगी

- मुख्यमंत्री ने जेवर में निर्माणाधीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया
- कहा, भूमि अधिग्रहण के लिए यूपीडा के अनुभव का भी लाभ प्राप्त करें अधिकारी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर पहुंचकर जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं एयरपोर्ट का निर्माण कर रही कम्पनी के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक भी की और निर्देश दिए कि एयरपोर्ट का निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में यदि किसी भी तरह की परेशानी आती है तो शासन स्तर पर अवगत कराते हुए उसका निस्तारण कराया जाए। समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जिन गांवों में भूमि अधिग्रहण करने में समस्या आ रही है वहां जनपद के उच्च अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ग्राम वासियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण कराएं और शांतिपूर्ण तरीके से भूमि अधिग्रहण कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कार्य में अधिकारीगण इस बात का विशेष ध्यान रखें की कोई भी बाहरी व्यक्ति ग्राम वासियों को भूमि अधिग्रहण के संबंध में भ्रमित ना करने पाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया की यूपीडा संस्था को भूमि अधिग्रहण का काफी अनुभव है, इसलिए अधिकारीगण नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर की भूमि अधिग्रहण हेतु उनके अनुभव का भी लाभ प्राप्त करें। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से सभी मार्गों को कनेक्ट किया जाए।

# डिग्री के साथ-साथ अच्छे संस्कार और अच्छा कार्य होना चाहिएः आनंदीबेन

- राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय, प्रयागराज का सातवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रयागराज में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कुल 115,827 उपाधियाँ प्रदान की। 49 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, 52 को रजत और 55 को कांस्य पदक प्रदान किए गए। पदक प्राप्त करने वालों में 71 प्रतिशत छात्राएं शामिल रहीं। सभी उपाधियों को डिजीलॉकर पर अपलोड किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि बेटियों द्वारा की जा रही मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि बेटियाँ, बेटों से आगे निकल रही है। राज्यपाल ने उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई, व संस्कार में माँ की अहम भूमिका होती है। अतः माताओं का सम्मान सदैव करना चाहिए। उन्होंने सभी मेधावियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक उपाधि है, यदि आप अच्छा कार्य नहीं करते हैं तो यह डिग्री सिर्फ दीवार में टंगी रहेगी। इसलिए डिग्री के साथ-साथ अच्छे संस्कार और अच्छा कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि गतिशील वैश्विक परिदृश्य में विद्यार्थियों को सचेत और जागरूक रहते हुए अपना स्थान बनाना है तथा बेहतर समाज और देश के निर्माण में भी योगदान देना है।

# एलयू के प्रोफेसर को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

- प्रशासनिक पद नहीं देने के कार्यकारिणी परिषद के आदेश पर रोक

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय की प्रोफेसर मोनीषा बनर्जी को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके खिलाफ विश्वविद्यालय के कार्यकारिणी परिषद द्वारा पारित उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें प्रोफेसर बनर्जी को भविष्य में कोई भी प्रशासनिक पद नहीं देने व रिकवरी के लिए कहा गया था। पीठ ने इसके साथ ही एलयू से इस मसले पर जवाबी हलफनामा भी तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई एक अक्टूबर को होगी।

जस्टिस मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश प्रो. मोनीषा बनर्जी की सेवा सम्बन्धी याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि नौ अगस्त 2024 को कार्यकारिणी परिषद ने बिना उन्हें सुनवाई का अवसर दिए उक्त आदेश पारित किया। कहा गया कि संस्थान के निदेशक के विरुद्ध उत्पीड़न की शिकायत स्वयं याचिकाकर्ता ने की थी। जिसके पश्चात कुलपति के आदेश से एक तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन हुआ। लेकिन कमेटी ने शिकायत को गलत पाया व फर्नीचर इत्यादि अपने पास रखने के आरोप में कार्रवाई की संस्तुति की। याचिकाकर्ता का कहना था कि उनके विरुद्ध आरोप पत्र भी जारी नहीं किया गया। वहीं याचिका का विरोध करते हुए एलयू के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को सुनवाई का प्रयाप्त मौका दिया गया था।

# आधार अपडेट कराने में धक्का-मुक्की और हाथापाई, पुलिस से शिकायत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**आधार** अपडेट कराने के दौरान मंगलवार को मोहनलालगंज के बीएसएनएल ऑफिस स्थित आधार पंजीकरण केन्द्र पर जमकर हंगामा हुआ। धक्का मुक्की के बीच नौबत मारपीट तक पहुंच गई। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के बीएसएनएल ऑफिस में संचालित आधार पंजीकरण केन्द्र में मंगलवार को बच्चों के आधार अपडेट कराने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुटी थी। इसी बीच किसी बच्ची का आधार अपडेट कराने के दौरान किसी बात को लेकर तीखी नोंकझोंक के बाद धक्का मुक्की शुरू हो गई। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। काफी देर तक तक चले हंगामे के बाद गदियाना की एक महिला ने पुलिस चौकी पर शिकायत की। आधार पंजीकरण केन्द्र पहुंचकर पुलिस ने बीएसएनएल कर्मियों से पूरे मामले की जानकारी ली। हकीकत जानने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने की कोशिश कर रही है।

**टोकन बांटने में मनमानी का आरोप, शिकायत लेकर तहसील पहुंचे लोगः** राशन कार्ड की ई केवाईसी कराने के लिए मोहनलालगंज के आधार पंजीकरण केन्द्रों में इन दिनों बच्चों के आधार अपडेट कराने के लिए सुबह से ही ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट रही है। मंगलवार को पोस्ट ऑफिस और बीएसएनएल ऑफिस स्थित आधार पंजीकरण केन्द्र में टोकन बांटने में मनमानी का आरोप लगाकर कई ग्रामीण बच्चों को लेकर तहसील पहुंच गए। हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार अनुपम वर्मा से आपबीती बताई। ग्रामीणों ने आधार अपडेट कराने में आ रही परेशानियों को लेकर गांव गांव आधार पंजीकरण कैम्प लगवाने की मांग की। हालांकि घंटों इंतजार के बाद भी सुनवाई नही होने पर ग्रामीण वापस लौट गए। नायब तहसीलदार अनुपम वर्मा ने बताया ग्रामीणों की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को जानकारी दी गई है। सम्बन्धित विभागों से बातचीत कर समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

## पार्टी के बहाने युवती को होटल ले जाकर छेड़छाड़ और मारपीट, केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** पार्टी के बहाने निजी अस्पताल की वार्ड अटेंडेंट को पीजीआई इलाके के होटल में ले जाकर दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध जताने पर अभद्रता कर पिटाई कर दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के एक गांव की युवती हरिकंश गढ़ी के निजी अस्पताल में वार्ड अटेंडेंट है। युवती का आरोप है कि रविवार की शाम वह ड्यूटी करके वापस लौट रही थी तभी उसके दोस्त दिलीप और गोल्डी उसे पार्टी के बहाने पीजीआई में वृंदावन क्षेत्र के एक होटल के कमरे में ले गए और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध जताने पर आरोपियों ने उससे गाली गलौज और मारपीट भी की। किसी तरह वहां से बचकर निकली युवती ने पूरे मामले की पुलिस से शिकायत की। एसएचओ आलोक राव ने बताया होटल से युवती और उसके दोस्तों की फुटेज मिली है। फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# नवयुग में किया गया पावर पॉइंट प्रतियोगिता का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आईसीटी** ने शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इसके माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को दुनिया भर के साथ जुड़ने का मौका मिल रहा है। आईसीटी के द्वारा छात्रों को डिजिटल युग के लिए तैयार किया जा सकता है। आईसीटी से छात्रों को व्यक्तिगत सीखने का मौका मिलता है और वे सहयोगी परियोजनाओं में भी भाग ले सकते है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता परक विकास हेतु सूचना एवं संचार तकनीकी के महत्व पर जोर दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए नवयुग कन्या महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के संरक्षण में पावर पॉइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में फिफ्थ सेमेस्टर की सभी छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सर्व शिक्षा अभियान इत्यादि विषयों पर पीपीटी के माध्यम से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकाय व बैंक होंगे सम्मानित

- नगर विकास मंत्री एके शर्मा आज प्रदान करेंगे प्रेज पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन से प्रभावित शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका को फिर से शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 1 जून, 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया गया था। प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों व बैंकों को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा 11 सितम्बर, 2024 को प्रेज पुरस्कार से नगरीय निकाय निदेशालय में सम्मानित किया जायेगा।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा युक्त योजना है, जिसका उद्देश्य पथ विक्रेताओं, छोटे व्यापारियों और रेहड़ी पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 10 हजार रुपए, 20 हज़ार रुपए तथा 50 हज़ार रुपए तक का ऋण लिया जा सकता है। वर्तमान में यह योजना प्रदेश के लाखों स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन में साकारात्मक बदलाव का आधार बनी है, जिसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 1 जून, 2020 को की गयी थी। इस लोकप्रिय और लाभप्रद योजना के सफलत क्रियान्वयन पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निकायों व बैंकों को 11 सितम्बर 2024 को प्रेज पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहेगे।

# राज्य कर विभाग ने जीएसटीआर में संशोधन करने की सुविधा प्रदान की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य कर विभाग ने व्यापारियों के द्वारा दाखिल किए जाने वाले जीएसटीआर में संशोधन करने की सुविधा प्रदान किया है। जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत करदाताओं को उनके द्वारा पूर्व में दाखिल जीएसटीआर-1 रिटर्न को संशोधित किये जाने की सुविधा फॉर्म जीएसटीआर 1ए के माध्यम से प्रारंभ की गयी है। यह जानकारी राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल ने दी। उन्होंने बताया कि फॉर्म जीएसटीआर-1ए एक करदाता द्वारा किसी कर अवधि के लिए दाखिल किए गए फॉर्म जीएसटीआर-1 का एक संशोधन रिटर्न है जिसके द्वारा किसी माह विशेष के जीएसटीआर-1 में दाखिल किए गए किसी रिकॉर्ड में हुई गलती अथवा रिपोर्ट करने से छूटे विवरण को उसी अवधि हेतु निर्धारित जीएसटीआर-1ए में संशोधित किया जा सकता है। बंसल ने बताया कि जीएसटीआर-1ए करदाता को जीएसटीआर-1 दाखिल करने की तिथि, के बाद उपलब्ध होगा। जीएसटीआर- 1ए को समान कर अवधि हेतु जीएसटीआर 3 बी दाखिल करने से पहले किसी भी समय दाखिल किया जा सकता है। फॉर्म जीएसटीआर-1ए एक वैकल्पिक सुविधा है और इसे एक विशेष कर अवधि के लिए केवल एक बार दाखिल किया जा सकता है। जीएसटीआर-1ए में किए गए बदलाव करदाता जीएसटीआर 3 बी में स्वतः दर्ज हो जाएंगे। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि यदि अगस्त 2024 महीने के लिए करदाता द्वारा जीएसटीआर-1 दाखिल करने की तिथि 10 सितंबर 2024 निर्धारित है, यदि करदाता ने माह अगस्त 2024 के जीएसटीआर-1 में दो गलतियां की हैं और एक रिकॉर्ड की रिपोर्ट करने से चूक गया है तो अब ऐसी दशा में करदाता जीएसटीआर-1 की नियत तारीख के बाद (यानी 11 सितंबर) से अग्रतर उक्त गलत रिकॉर्ड में संशोधन कर सकेगा।

# भारतीय न्यायिक व प्रशासनिक सेवा की तर्ज पर हो भारतीय शिक्षण सेवा का गठनः अनुपम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय न्यायिक व प्रशासनिक सेवा की तर्ज़ पर भारतीय शिक्षण सेवा अर्थात आई.टी.एस. के गठन की मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में अनुपम मिश्रा ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से अपील की है कि जिस प्रकार भारतीय प्रशासनिक सेवाओं, भारतीय न्यायिक सेवाओं, भारतीय पुलिस सेवाओं व भारतीय विदेश सेवाओं इत्यादि के लिए न्यायिक अधिकारियों तथा लोक सेवकों का चयन किया जाता है। उसी तर्ज़ पर शिक्षकों का चयन हो।

अपने पत्र में अनुपम मिश्रा ने लिखा कि जैसा कि सर्वविदित भी है कि मोदी दूरदर्शी,नवाचार व राष्ट्र हित से संबंधित कठोर से कठोर प्रशासनिक निर्णय लेने हेतु न केवल तत्पर रहते हैं बल्कि ऐसे निर्णयों को धरातल पर क्रियान्वित किए जाने तक उस पर कड़ी नजर बनाए रखते हैं। उनकी इसी अद्भुत नेतृत्व क्षमता व दूरदर्शिता से प्रभावित होकर उनका ध्यान राष्ट्रहित व राष्ट्र निर्माण से संबंधित एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करा रहे हैं। साथ ही यह विश्वास भी करते हैं कि वह इसे अवश्य क्रियान्वित करेंगे। उन्होंने लिखा है कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्जवल व सशक्त हो सकता है जबकि वहाँ की आने वाली पीढ़ी ना केवल सुशिक्षित हो बल्कि योग्य एवं तर्कशील हो और ऐसी क्षमताओं से युक्त नई पीढ़ी का निर्माण शिक्षक करते हैं।

अतः देश में शिक्षकों के चयन हेतु एक नवीन संघ शिक्षण आयोग (यूनियन एजुकेशन कमीशन) की स्थापना कर देश में आई.टी.एस. अर्थात् इंडियन टीचिंग सर्विसेस की स्थापना कर शिक्षकों का चयन उसी प्रक्रिया के तहत किया जाए।

# सपा मुख्यालय में मनाई गई गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राज्य मुख्यालय में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भारतरत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की 137वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पंत जी प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारत के चौथे गृहमंत्री थे। सन् 1957 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया था। भाषावार राज्यों की स्थापना में उनका अपूर्व योगदान था। हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिलाने और जमींदारी प्रथा को खत्म करने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था। पंत जी को सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद नीरज मौर्य, पूर्व सांसद वीरपाल यादव, विधायक अताउर्रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम, विधायक अतुल प्रधान, महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह, राव बीजेन्द्र सिंह, विकास यादव, भारती चौहान, के.के. श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चद्रं एवं राधेश्याम सिंह, एस.के. राय एवं अमरजीत सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# सीएम योगी से पूर्व डीजीपी ब्रजलाल ने की भेंट

- काला नमक धान की पैदावार बढ़ाने पर की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को भाजपा के राज्यसभा सदस्य और यूपी के पूर्व डीजीपी ब्रजलाल ने मुलाकात की। ब्रजलाल ने मुख्यमंत्री को बुद्धकालीन 'कालानमक धान' की बालियों की कलाकृति भेंट की। धान के बालियों की 'सिधरी' पूर्व डीजीपी के भाई नंदलाल और गोविंद लाल ने पिछले वर्ष धान की कटाई के समय बनाई थी। उन्होंने इन धान की बालियों से कई कलाकृतियां दिल्ली में बनवाई जिसमें से एक कलाकृति भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को भेंट कर चुके हैं।

ब्रजलाल ने बताया कि योगी आदित्यनाथ से उन्होंने काला नमक धान की पैदावार बढ़ाने पर चर्चा की और निम्न मांग से संबंधित हस्तलिखित पत्रक भी दिया। जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिशकाल में कालानमक धान की सिंचाई के लिए सिद्धार्थनगर में बनाई गई नहरों की सफ़ाई और मरम्मत कराई जाय। कई जगह अतिक्रमण करके नहरों की ज़मीन पर कब्जा कर लिया गया है जिसे हटाकर नहरों को पुनर्जीवित किया जाय।

ब्रिटिश ज़मींदारों विलियम बर्ड, हम्फ़रे, ओलिसन ने बजहा, मोती, मरथी , मझौली, बटुवा आदि सागरों का निर्माण कराया था जिससे कालानमक धानों की सिंचाई होती थी। इन सागरों का मछली पकड़ने के लिए पट्टा ठेकेदारों को दे दिया गया। राज्यसभा सदस्य ब्रजलाल के पत्र लिखने पर मछली के ठेकों को निरस्त किया गया था, परंतु इसे पुनः मछली मारने वाले ठेकेदारों को दे दिया गया। ये ठेकेदार सागरों का पानी जमुवार नदी में निकाल कर मछली पकड़ते हैं जिससे किसानों को पानी नहीं मिल पाता। कालानमक के हित में सागरों के मछली पकड़ने के ठेके निरस्त करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा और सामयिक विषयों पर होगा सम्मेलन, सीएम रहेंगे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**युगपुरुष** ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रीमद्भागवत कथा के रसपान और समाज व राष्ट्र को प्रभावित करने वाले कई ज्वलंत मुद्दों पर चिंतन-मंथन का अवसर प्राप्त होगा। महंतद्वय की पावन स्मृति में कथा का शुभारंभ 14 सितंबर तथा व्याख्यानमाला की शुभारंभ 15 सितंबर को होगा। पुण्यतिथि सप्ताह समारोह के उद्घाटन व समापन समारोह में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित होंगे। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस संबंध में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि श्रीगोरक्षपीठ की गौरवशाली आध्यात्मिक-धार्मिक परम्परा को एक नई दिशा प्रदान करने वाले महान देशभक्त, अपराजेय धर्मयोद्धा, हिन्दुत्वनिष्ठ-राष्ट्रवादी राजनीति के वाहक, प्रातः स्मरणीय युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का विराट व्यक्तित्व आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी स्मृतियां हमें नयी ऊर्जा देती है। युगपुरूष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी पावन स्मृति में सप्तदिवसीय श्रद्धांजलि समारोह 15 सितंबर से 21 सितंबर तक प्रातः 10:30 बजे से श्रीगोरक्षनाथ मंदिर में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत 14 से से 20 सितंबर तक अपराह्न 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सप्तदिवसीय 'श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान-यज्ञ' का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया जाएगा।

# चिंतन शिविर के बाद एक्शन शिविरः असीम अरुण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय चिंतन शिविर का समापन मंगलवार को आगरा के एक निजी होटल में हुआ। समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री, डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा केंद्र और राज्य की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने पर बल दिया। उन्होंने समापन सत्र में विभिन्न राज्यों से हुए परामर्श एवं चिंतन के परिणामों को धरातल पर लागू कर अंतिम पायदान पर स्थित व्यक्तियों के कल्याण पर जोर दिया गया।

उन्होंने छात्रवृत्ति योजनांतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण द्वारा छात्रवृत्ति योजनांतर्गत प्रस्तुति को सार रूप में उद्धृत करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य मिल कर काम करेंगे तकनीकी कारणों से छात्रवृत्ति पाने से कोई भी छात्र वंचित न रह जाए। चिंतन शिविर के दूसरे दिन असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा छात्रवृत्ति योजना की प्रस्तुति देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा योजना पूर्णतः ऑनलाइन होने के उपरांत भी योजना के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए बिजनेस प्रोसेस रिइंजीनियरिंग एवं ट्रांसफार्मेशन टीम के माध्यम से निरंतर सुधार करना है। उन्होंने फ्रीशिप कार्ड द्वारा अनुसूचित जाति के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिलाए जाने हेतु केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार जी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने भारत सरकार को समापन वक्तव्य में अवगत कराया कि चिंतन शिविर के बाद एक्शन शिविर के माध्यम से समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, जनजाति विकास विभाग 10 दिन के अन्दर बैठकर समयबद्ध एक्शन प्लान बनाएंगे और चिंतन शिविर के निष्कर्षों में मुख्य रूप से छात्रवृत्ति व्यवस्था में आमूलचूल सुधार एवं उद्यमिता की योजनाओं को बढ़ाने हेतु अभियान चलाया जाएगा।

# आलमारी का लॉक तोड़कर गहने और नकदी उड़ा ले गए चोर

**मोहनलालगंज।** धनवारा में बेखौफ चोरों ने सोमवार की रात आटा चक्की और पड़ोसी के घर का ताला तोड़कर लाखों के गहने और हजारों रुपए की नकदी उड़ाकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज में सोमवार की रात बेखौफ चोर धनवारा स्थित आटा चक्की का ताला तोड़कर गल्ले में रखे सिक्के उठा ले गए। चक्की के पिछले हिस्से में निर्माणाधीन पिलर के सहारे पड़ोसी अंकुर वर्मा के घर में घुसे चोर कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर तकरीबन एक लाख के जेवर और तीस हजार रुपए की नकदी लेकर भाग निकले। शिकायत के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है। एसएचओ आलोक राव ने बताया केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया इलाहाबाद संग्रहालय का निरीक्षण

**संवाददाता।** प्रयागराज





**इलाहाबाद** संग्रहालय में मंगलवार को राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति आनंदीबेन पटेल ने भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने संग्रहालय के नवीन पहल माह का आकर्षण के अंतर्गत एकल वस्तु प्रदर्शनी में आधुनिक चित्रकला संग्रह से 'राधा का स्वप्न भू तल केन्द्रीय कक्ष और संग्रहालय के लघु चित्रों में कृष्णलीला पर आधारित लीलाधर प्रथम तल प्रदर्शनी कक्ष का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात राजायप ने संग्रह व सुंदर संयोजन की प्रशंसा करते हुए अधिकाधिक विशेष प्रदर्शनियों के माध्यम से संग्रहालय के सुरक्षित संग्रह के बाहर निकालने और जन सामान्य को संग्रहों से रूबरू कराने का निर्देश दिया। उद्घाटन के बाद अध्यक्ष ने कांस्य और सिक्कों के सुरक्षित संग्रह का निरीक्षण किया और रखरखाव की आधुनिकतम तकनीक को अपनाने व सिक्कों के संग्रह की विशेष प्रदर्शनी राजभवन में लगाने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने इस अवसर पर संग्रहालय के विकास कार्यों और भावी योजनाओं पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी किया। बैठक में निदेशक राजेश प्रसाद ने पावर प्वाइंट के माध्यम से मुख्य प्रवेश द्वार की प्रगति महाकुंभ 2025 की तैयारी इत्यादि से सिंदुवार अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लीलाधर प्रदर्शनी के कैटलॉग और संग्रहालय की त्रैमासिक समाचार पत्रिका विविधा के छठे अंक का लोकार्पण किया।

## गोरखपुर के प्रयागेश्वर उपाध्याय को मिला ब्रांज मेडल

**प्रयागराज।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज के दीक्षांत समारोह में विवि से संबंद्ध शंभूनाथ ला इंस्टीट्यूट झलवा प्रयागराज से पांच वर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम में गोरखपुर के प्रयागेश्वर उपाध्याय को ब्रांज मेडल प्रदान किया है। दीक्षांत समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विवि के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर याद किए गए गोविंद वल्लभ पंत, प्रेम भाई और धीरेन्द्र



**सोनभद्र।** म्योरपुर ब्लॉक के गोविंदपुर स्थित सामाजिक संस्थान बनवासी सेवा आश्रम में मंगलवार को राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता आंदोलन के पुरोधा भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत, कर्म योगी प्रेम भाई, और खादी ग्रामोद्योग के शिल्पी स्वतंत्रा सेनानी धीरेंद्र मजूमदार के जन्म दिवस पर उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज के आखिरी व्यक्ति के उत्थान का संकल्प के साथ सर्वधर्म प्रार्थना तथा विचार गोष्ठी का आयोजन आश्रम के अध्यक्ष अजय शेखर के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। श्री शेखर ने कहा कि तीनो महापुरुषों का आश्रम को स्थापित करने और दिशा देने में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि समाज का निर्माण और उत्थान महापुरुषों के त्याग से बनाता है तीनो ने अपना जीवन समाज के लिए त्याग दिया। उन्हे समाज में उस दौर की दयनीय स्थिति को सुधारने का काम किया। डा विभा प्रेम सर्वजीत सिंह दीवानाथ सिंह जगत भाई आदि ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि तीनो महापुरुषों ने समाज के लिए कार्य किया और खुद के सुखों का त्याग किया।

# जनमानस को जल्द मिलेगा विकास कार्यों का लाभः रूबी प्रसाद

**संवाददाता।** सोनभद्र



**नगर** पालिका परिषद की सीमा में आवश्यक स्थानों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिये नागरिकों द्वारा की जा रही मांग को लेकर पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अर्न्तगत बभनौली में दुर्गा मंदिर के पास, बढ़ौली महाल दलित बस्ती रामबली के घर के पास अम्बेडकर नगर में सिन्होरवा बाबा तालाब के पास अस्थाई गौशाला कैम्पस में, तहसील कालोनी में विनोद के घर के पास तिराहे पर, कम्हारी में महावीर चौराहा के पास, भिलाही बांध फिल्टर प्लाण्ट पर, रौप सहिजन महाल चाड़ी माता मंदिर के सामने वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर ईदगाह के पास व उरमौरा उत्तरी महाल में कैला जोगन्दर के घर के सामने कुल 10 स्थानों पर हाईमास्ट लाईटों का लोकार्पण नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा किया गया। उन्होंने बताया की नगर के चतुर्दिक विकास मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं नगर के सौन्दर्यीकरण कार्य तेजी से कराये जाने के लिये मैं प्रयत्नशील हूँ जिसका शीघ्र ही जनता को लाभ मिलेगा। कार्यों को सम्पन्न कराने में नगर वासियों सभासदों द्वारा प्राप्त हो रहे सहयोग की सराहना करते हुये उन्होने कहा कि टीम भावना से मुश्किल कार्य आसानी से किया जा सकता है।

## कृषक हित में संचालित योजनाओं की दें जानकारीः बीएन सिंह

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि उत्पादक संगठन की बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि उत्पादक संगठन के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कृषक बन्धुओं के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, विभिन्न प्रकार की योजनाओं में कृषक बन्धुओं को उन्नतिशील वैज्ञानिक विधि से खेती करने हेतु सब्सिडी की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है, मोटे अनाज की खेती करके आय में वृद्धि की जा सकती है, मोटे अनाज की खेती के लिए सरकार अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, आधुनिक तकनीकी से खेती करके कृषक बन्धु अपने आय में वृद्धि कर सकते हैं, इस दौरान उन्होंने उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पालीहाउस व कोल्ड स्टोरेज के निर्माण हेतु कृषक बन्धुओं को जागरूक किया जाये। और उक्त कार्य हेतु इच्छुक कृषक बन्धुओं को सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाये।

# न्यायमूर्तियों की पत्नियों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट जजेस लेडीज क्लब की ओर से वन विभाग और उद्यान विभाग के सहयोग से अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश और तमाम न्यायाधीशों की पत्नियों और उनके परिवार के सदस्यों ने टबेबिया रोजिया के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत सौ छायादार पौधों का रोपण किया गया। मौजूदा वर्षाकाल में आजाद पार्क के वॉकिंग पाथ पर जो खाली स्थान थे। उनमें छायादार पौधे लगाकर छाया उपलब्ध कराने का प्रयास शुरू किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली की पत्नी शीतल भंसाली और वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज गुप्ता की पत्नी वंदना गुप्ता न्यायमूर्ति बी के बिरला की पत्नी निधि बिरला सहित पचास से अधिक महिला सदस्यों ने हिस्सा लिया। साथ ही उनके द्वारा लगाए गए वृक्ष आने वाले पीढ़ियों के लिए लाभदायक होंगे। इस संदेश के साथ उन्होंने उक्त पौधों की देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक अरविन्द कुमार यादव रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष कुमार श्रीवास्तव उद्यान अधीक्षक उमेश उत्तम क्षेत्रीय वन अधिकारी विभूति नारायण डीपीओ एशा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसजी पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य और कल्याण विषयक शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन

**संवाददाता।** मुग़लसराय, चन्दौली




**स्कूलों** में बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर सीबीएसई गम्भीर हो गया है। इसे लेकर सीबीएसई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रयागराज की ओर से चलाए जा रहे रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य और कल्याण विषयक दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। इसमें बच्चों के हेल्थ एवं वेलनेस पर खुलकर चर्चा हुई। इसमें सीबीएसई से संबद्ध जिले के कई विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए।

इस दौरान क्षमता संवर्धन कार्यक्रम की सन्दर्भदाता लिटिल फ्लावर स्कूल की उप निदेशिका अदिति गुलाटी ने विद्यालयों में बढ़ती उम्र के बच्चों को पौष्टिक भोजन व पोषण, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों का अभिभावक, शिक्षकों और दोस्तों के बीच पारस्परिक संबंध, जीवन मूल्य और ज़िम्मेदार नागरिक का औचित्य, लैंगिक समानता, छात्रों में पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता, पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी की रोकथाम, धूम्रपान, हिंसा बाल अपराध के खिलाफ सुरक्षा, साइबर बुलिंग, इंटरनेट गैजेट्स और मीडिया के उचित उपयोग व प्रचार आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को क्या नहीं करना चाहिए, यह बताने के बजाए, क्या करना चाहिए, यह बताना चाहिए। कहा कि शिक्षक अपने कौशल से बच्चों में मानवीय गुणों का विकास कर सकता है। वही ज्ञानकुंज अकेडमी बलिया की प्रधानाचार्या सुधा पांडेय ने कहा कि जीवन मे सामंजस्य बहुत ही जरूरी है। शिक्षक को सदैव बच्चों को उचित मार्गदर्शन देना चाहिए। वही पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों का बचपन ना छिनने के बजाय उन्हें खेल खेल में शिक्षा देने पर जोर दिया जाना चाहिए। साथ ही स्कूलों में अनुशासन बना रहे इसका भी ध्यान रखने की जरूरत है। एसजी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार तिवारी ने सभी रिसोर्स पर्सन और आगंतुक शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम से शिक्षकों की क्षमता और स्किल्स को बढ़ाने का अवसर मिलता है।

इससे बढ़ते बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के विकास में सकारात्मक बदलाव होता है। निःसन्देह स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस पर आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों और स्कूल के लिए लाभदायक होगा। इस मौके पर एके सेठ, उजियार प्रजापति, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

# बलिदान दिवस पर काव्य गोष्ठी के साथ साहित्यकारों को किया गया सम्मानित



**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र सभागार में परमवीर अब्दुल हमीद के बलिदान दिवस पर वरिष्ठ साहित्यकार पारसनाथ मिश्र की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र के उपस्थिति में मां सरस्वती व वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीपदान पश्चात ईश्वर विरागी के वाणी वंदना से कार्यक्रम का आगाज हुआ।

साहित्य समाजसेवा चिकित्सा संगीत शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सारस्वत अभिनंदन किया गया जिसमें डा0 लवकुश प्रजापति को साहित्य गौरव सम्मान जिसे उनके प्रतिनिधि जितेन्द्र चंद्रवंशी ने ग्रहण किया। वरिष्ठ शायर नजर मोहम्मद नजर को शहर ए गालिब अब्दुल हई को शहर ए फिराक कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान को साहित्य श्री कवयित्री दिव्या राय को साहित्य वैभव यथार्थ विष्णु को साहित्य दीप गीतकार दिलीप सिंह दीपक को साहित्य सर्जक सम्मान से नवाजा गया और लेखनी पुस्तिका प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र व अध्यक्षता कर रहे पारसनाथ मिश्र विशिष्ट अतिथि किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओमप्रकाश त्रिपाठी विनोद चौबे एडवोकेट बार अध्यक्ष पूनम सिंह एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार पांडेय अजय चतुर्वेदी कक्का ने परमवीर अब्दुल हमीद के बलिदान दिवस पर राष्ट्राभिनंदन करते हुए हमीद के सर्वोच्च बलिदान को नमन कर देश हित में सदैव तत्पर रहने की नसीहत दी। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# 17 सितंबर तक महासम्पर्क अभियान चलाकर प्राप्त करना होगा नया लक्ष्यः सुनील सिंह

**संवाददाता।** गाजीपुर



**भाजपा** जिला कार्यालय छावनी लाइन पर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ एवं भाजपा जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आज अलग-अलग सदस्यता अभियान 2024 को लेकर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई।

सहकारिता की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उ प्र सहकारी आवास संघ के अध्यक्ष आर पी कुशवाहा ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय समृद्धि और जीवन भविष्य सुरक्षा में बहुत बड़ा योगदान किया है। और किसानों ने भारतीय जनता पार्टी को अपना मजबूत समर्थन भी दिया है। उन्होंने कहा कि देश के किसान भारी संख्या में पार्टी से जुड़ने के लिए तैयार हैं। और इसी आधार पर पार्टी ने सहकारिता प्रकोष्ठ को 20000 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता संगठन सदस्यता के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

बैठक को पूर्व विधायक, डीसीएफ अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। संचालन संयोजक दुर्गेश सिंह ने किया। पारस नाथ राय, रविंद्र राय, अच्छे लाल गुप्ता, रविंद्र राय, प्रवीण सिंह,आनंद त्रिपाठी, दयाशंकर सिंह, नथुनी सिंह ,त्रिशू यादव, अशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे। भाजपा जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान को लेकर जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक हुई ।जिसको संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन वर्ष 2024 मे प्राथमिक सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 2 सितम्बर से चलाया जा रहा है। इस एक सप्ताह अभियान में अभी भी बहुत से मंडल व कार्यकर्ता ऐसे है जो अपने लक्ष्य को पूर्ण नही कर सके है।

# सूर्यांशु त्रिपाठी का बैटमिंटन अंडर 19 मे राष्ट्रीय टीम में हुआ चयन



**अंबेडकर नगर।** सूर्यांशु त्रिपाठी पुत्र अतुल त्रिपाठी ऊर्फ बब्बन के पुत्र का के 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजय हासिल कर, प्रदेश के अंडर 19 नेशनल बैडमिंटन टीम में प्रदेश मे पहला स्थान मिला, ये प्रतियोगिता प्रयागराज मे 7 सिंतबर से चल रहा है आज फाइलन मे मिला पहला स्थान चयन हुआ। प्रदेश की तरफ से अंडर 19 राष्ट्रीय टीम मे होने वाले प्रतियोगिता मे करेगे प्रतिभाग। इस उपलब्धि पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिन्टू, मुकेश पाठक,कुलदीप सिंह, सहित लोगों ने बधाई दी।

# राज्यसभा सांसद डॉ संगीता बलवंत ने छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट



**गाजीपुर।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तगर्त टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज में राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवन्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हो कर राजकीय पालीटेक्निक एवं राजकीय पालीटेक्निक कुरु पिंडरा वाराणसी के छात्र और छात्राओं को टैबलेट वितरण किया। वितरण के बाद राज्यसभा सांसद ने छात्र व छात्राओ को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना की शुरुआत की है इस योजना के तहत, राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफ़ोन दिए जा रहे हैं।

यह योजना 5 सालों के लिए संचालित की जाएगी। इस योजना के तहत, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल, और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफ़ोन दिए जाएंगे पहले चरण में इस योजना का लाभ करीब 1 करोड़ युवाओं को मिलेगा योजना के तहत, युवाओं को मुफ़्त डिजिटल एक्सेस भी मिलेगा।

# गिट्टी लदा डंपर ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, दो लोगों की मौत



**अम्बेडकरनगर।** नगर में एक गिट्टी लदे डंपर ट्रक के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डंपर ट्रक कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे बगल से गुजर रहे दो लोग ट्रक के नीचे दब गए। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में मौहरिया खानपुर के पास दोपहर को गिट्टी लदा डंपर ट्रक गुजर रहा था। अचानक सामने से आई कार को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। ट्रक पलटने से बाइक सवार दो लोग इसके नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गयी,डंपर ट्रक के पलटने से इलाके में हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी और क्रेन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में सहयोग दिया और ट्रक के नीचे दबे शवों को बाहर निकाला। शवों की पहचान अकबरपुर थाना इलाके के पहिती पुर निवासी मृतक सुरेंद्र शर्मा 40 व संतलाल गुप्ता 50 के रूप मे हुई,पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, अकबर पुर थानाध्यक्ष बीबी सिंह नें बताया की मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जिले में सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चरमराई व्यवस्था

- न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई के कार्यकर्ताओ ने किया प्रदर्शन
- सीएमओ पर लगाए निजी अस्पतालों व अवैध पैथोलाजी केंद्रों से मिलीभगत के आरोप
- अवैध चिकित्सालय व बड़ी संख्या में अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथोलॉजी सेंटर सक्रिय

**संवाददाता।** मीरज़ापुर



**मीरज़ापुर** सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने, अवैध चिकित्सालय अल्ट्रासाउंड सेंटर पैथोलॉजी को बंद करने कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने तथा भ्रष्टाचार का पर्याय कनिष्ठ लिपिक अमित कुमार सिंह को स्थानांतरण के बाद भी सीएमओ मिर्जापुर द्वारा लिए जा रहे कार्य के दृष्टिगत एफआईआर दर्ज कराकर निलंबन की कार्यवाही करने, सरकारी डॉक्टर के प्राइवेट प्रैक्टिस को बंद करने, सहित 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई मिर्जापुर के सैकड़ो कार्यकर्ता संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट एवं जिला अध्यक्ष मिर्जापुर जयप्रकाश सेठ के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया।

तथा मांगों से संबंधित ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी मिर्जापुर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर को सौपकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। यहां पर प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे के नेतृत्व में मंडला आयुक्त विंध्याचल मंडल को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल डॉक्टर विश्राम को सौपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर के ढुलमुल रवैया के कारण मिर्जापुर के सभी सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आज चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है । गरीब जनता को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है । मिर्जापुर जनपद में एनआरएचएम मदों में व्यापक पैमाने पर करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है और घोटाले का सरगना कनिष्ठ लिपिक अमित कुमार सिंह को सीएमओ मिर्जापुर स्थानांतरण के बाद भी कार्य मुक्त नहीं कर रहे हैं। मानव संपदा पर डाटा डिलीट ना करके इस भ्रष्ट लिपिक से चोरी छुपे कार्यालय पर दवा माफिया सरगना सुरेंद्र पांडे के फर्म को करोड़ों रुपए का भुगतान किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर इस भ्रष्टाचार में संलिप्त है। सैकड़ो शिकायती प्रार्थना पत्र पर भी किसी प्रकार की जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर द्वारा नहीं किया जा रहा है। पूरे मिर्जापुर में अवैध चिकित्सालय पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरो की बाढ़ आ गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संरक्षण में गरीब जनता को लूटने का कार्य प्राइवेट हॉस्पिटल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण कार्यालय पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह करेगा । प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संरक्षण के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सेठ ने कहा कि जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संरक्षण में सैकड़ो अवैध चिकित्सालय अल्ट्रासाउंड सेंटर पैथोलॉजी एवं झोला छाप डॉक्टर खुलेआम आम गरीब मरीजों को लूट रहे हैं। शिकायत करने पर सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक द्वारा इनके संचालकों से लाखों रुपया वसूल करने का कार्य चल रहा है7 सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करके गरीब मरीजों को अपने यहां आने और वहां भर्ती होने के लिए मजबूर कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भ्रष्टाचार का केंद्र बना हुआ है कोई भी शिकायत करने पर इनके द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा दफा करने का खेल चल रहा है । 2021 के बाद एक भी एफआईआर इन फर्जी संचालकों के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नहीं कराया गया है ।

# ई-ऑफिस प्रणाली लागू कराने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**जिलाधिकारी** अविनाश सिंह ने जनपद में ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किये जाने के सम्बन्ध में विकास भवन में स्थित समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों और संबंधित पटल प्रभारियों के साथ विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों एवम् पटल प्रभारियों को ई-ऑफिस से संबंधित समस्त कार्यवाहियों को आगामी चार दिवसों में अनिवार्य रूप से पूरा करते हुए अपने-अपने विभाग,पटल से समस्त पत्रावलियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली का संचालन शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, इसको शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कागजों की बचत के साथ ही शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है, इसमें किसी भी समय निर्धारित दस्तावेज को खोलकर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन के स्थिति की शासन स्तर से भी नियमित समीक्षा की जा रही है। सभी विभागगाध्यक्ष एवम् पटल प्रभारी इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को गंभीरता से लें और समयबद्ध रूप से इसमें कार्यवाही सुनिश्चित करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पटल पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे सभी प्रकरणों का नियमानुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रणता ऐश्वर्या ने सभी विभागाध्यक्षों को ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन एवम् संचालन की स्वयं भी पूर्ण जानकारी रखने और अपने-अपने विभाग से संबंधित पटलों की नियमित स्वयं भी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 11 सितम्बर, 2024



## पेरिस पैरालंपिक

### भारत का शानदार प्रदर्शन

**पेरिस पैरालंपिक** में भारत का शानदार प्रदर्शन भारतीय पैरा एथलीटों की दृढ़ता, साहस व अदम्य भावना का प्रतीक है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने एक बार कहा था, 'सपने वे नहीं जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वे होते हैं जो अपने पूरे होने तक आपको जगाए रखते हैं।' पेरिस पैरालंपिक में भारतीय टीम ने इसी भावना का परिचय दिया है। अडिग प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने यह दिखा दिया है कि अदम्य मानवीय इच्छाशक्ति से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है, भले ही वह चाहे जितना बड़ा हो। भारतीय पैरा-एथलीटों के प्रदर्शन ने एक बार फिर दिखा दिया है कि भारत के बेटे और बेटियों में दुनिया की सभी विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता है। अब तक की सबसे बड़ी 84 सदस्यों वाली टीम से भारत ने अभूतपूर्व ऊंचाइयां छुई हैं और दुनिया को इस देश की खेल शक्ति पर गौर करने के लिए मजबूर किया है। यह असाधारण प्रदर्शन उनके द्वारा प्राप्त मैडलों की संख्या से आगे जाता है और खेल तथा दृढ़ता की वह भावना प्रकट करता है जो असंभव प्राप्त करने के लिए शारीरिक सीमायें तोड़ती है। पेरिस में भारत को मिले मैडल प्रतिभा और कठोर परिश्रम का परिणाम हैं। विभिन्न खेलों में मैडल प्राप्त करने से राष्ट्र गौरवान्वित हुआ है तथा भावी पीढ़ियों को प्रेरणा मिली है। इनमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी व बैडमिंटन शामिल हैं। बिना हाथों के प्रतियोगिता में भाग लेने वाली माहिर तीरंदाज शीतल देवी ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व कौशल से सारी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने महिलाओं की संयुक्त तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता है।



'ट्रैक एंड फील्ड' एथलीट हमेशा भारत का मजबूत पक्ष रहे हैं और उन्होंने रिकार्डतोड़ प्रदर्शन किया है। सुमित अंटिल ने जेवलिन थ्रो में विश्व रिकार्ड बनाया है। रीढ़ की चोट से उबरने के बाद राइफल शूटर अवनि लेखरा ने मैडल प्राप्त करने में सफलता पाई। इससे पता चलता है कि भारत परिवर्तनशील खेलों में मजबूत हो रहा है। भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के पीछे उसकी अदम्य भावना है। हर पैरालंपिक खिलाड़ी के व्यक्तिगत साहस और दृढ़ता की अलग गाथा है, लेकिन पेरिस में ये सारी गाथायें एकसाथ मिल कर सीमायें तोड़ने के सामूहिक प्रयास में बदल गईं। विपरीत स्थिति में पशिक्षण से लेकर सामाजिक पूर्वाग्रह तोड़ कर इन एथलीटों ने दुनिया को दिखा दिया है कि सच्ची शक्ति शारीरिक क्षमताओं में न होकर मानसिक दृढ़ता में होती है। ऊंची कूद में निषाद कुमार जैसे एथलीट वित्तीय सीमाओं के बावजूद लगातार स्वयं को प्रशिक्षित करते रहे। इसी प्रकार पोलियो के कारण पैदा समस्याओं से जूझते हुए टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने भारतीय टीम में अंतर्निहित संघर्ष क्षमता का परिचय दिया है। पेरिस में सफलता के पीछे बेहतरीन समर्थन और इस स्वीकार्यता की भावना है जो अंततः पैरा-एथलीटों को मिल रही है। सरकारी पहलों, कार्पोरेट स्पांसरशिप तथा खेलों में समावेशन के प्रति बढ़ती जागरूकता ने ऐसा परिवेश बनाने में केन्द्रीय भूमिका निभाई है जहां दिव्यांग खिलाड़ी भी फल फूल सकते हैं। लेकिन पेरिस में सफलता केवल मैडल जीतने के बजाय वे सीमायें तोड़ना है जो भारत में पैरा-खेल प्राप्त कर सकते हैं। मरियप्पन थंगवेलू, देवेंद्र झज्झरिया, और अन्य एथलीटों की प्रेरणादायक कहानियां यह विचार पैदा करती हैं कि दिव्यांगता कोई बाधा नहीं है। भारतीय टीम के पैरालंपिक खिलाड़ियों ने पेरिस में प्रदर्शित कर दिया है कि समावेशन, विविधता और सबके लिए अवसर पैदा करने को राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

# कृषि निर्यात बढ़ाने का मार्ग

**अद्यतन खाद्य प्रसंस्करण तकनीक तथा विश्व-स्तरीय गुणवत्ता मानकों का प्रयोग कर भारत अपने कृषि-निर्यात में काफी वृद्धि कर सकता है। इसके लिए प्रमुख वैश्विक फर्मों तथा एफपीओ के बीच साझेदारी विकसित करनी चाहिए।**



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)



खेत से खाने की मेज तक सप्लाई श्रृंखला को गति देकर, वैश्विक व भारतीय खाद्य क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा दे कर तथा खेतों पर ही खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा दे कर किसानों को बेहतर मुनाफा सुनिश्चित करने के साथ ही फसल कटने के बाद होने वाले नुकसानों से बचा जा सकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका अदा करते हुए नई दिल्ली में 19-22 सितंबर तक 'वर्ड फूड इंडिया' का आयोजन कर रहा है। इसके साथ ही 2024-25 के केन्द्रीय बजट में कृषि क्षेत्र विकास के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इस फंडिंग के माध्यम से जलवायु समस्याओं से निपटने तथा उत्पादकता, खोज एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्याता को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

यह कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए जरूरी है जिसमें 8 प्रतिशत गिरावट आई है। यह 2022-23 में 53.52 बिलियन डालर से घट कर 2023-24 में 48.9 बिलियन डालर रह गया। 2014-23 के बीच कृषि निर्यात औसतन केवल 2 प्रतिशत वार्षिक की गति से बढ़े। उल्लेखनीय है कि पांच उत्पाद-चावल, गेंहूं, मांस, मसाले, चीनी तथ चाय-काफी का हिस्सा कुल कृषि उत्पाद निर्यात में 50 प्रतिशत से अधिक है। कभी-कभी घरेलू मांग पूरी करने तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए निर्यात पर नियंत्रण लगाना पड़ता है। हमारे कृषि निर्यातों का केवल 25 प्रतिशत प्रसंस्कृत या मूल्य-संवर्धित है। पिछले दशक में इस आंकड़े में लगभग कोई परिवर्तन नहीं आया है। हालांकि, ज्यादा टेक-आधारित आपरेशनल आकार और उत्पादन क्षमता तथा विश्व बाजार में अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा करने को देखते हुए यह काफी है।

लेकिन 111 बिलियन प्रसंस्कृत खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्यातक स्विटजरलैंड की 'नेस्ले' जैसी कंपनियों की सफलता को देखते हुए स्पष्ट होता है कि तकनीक और शोध के प्रयोग से क्या संभव हो सकता है। 9 बिलियन डालर टर्नओवर वाली उल्लेखनीय भारतीय घरेलू प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद बेचने वाली 'अमूल' आपरेशनल क्षमता, उत्पादन क्षमता तथा अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा करने के मामले में नेस्ले से बहुत पीछे है। इसके बावजूद समुचित समर्थन और दृष्टिकोण के चलते वह भी ऐसी ही सफलता प्राप्त कर सकती है। प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों का निर्यात लगभग 1 ट्रिलियन डालर वार्षिक है जिसमें 63 बिलियन डालर के साथ जर्मनी सर्वोच्च स्थान पर है। इसके बाद 58 बिलियन डालर के साथ अमेरिका, 57 बिलियन डालर के साथ नीदरलैंड, 53 बिलियन डालर के साथ चीन तथा 50 बिलियन डालर के साथ फ्रांस का स्थान है। दक्षिणपूर्व एशिया में इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के बड़े निर्यातक हैं।

हालांकि, मूल्य संवर्धित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली कृषि-निर्यात नीति लागू होने के बाद पिछले पांच साल में भारत के मूल्य-संवर्धित निर्यात में 6.5 बिलियन डालर की वृद्धि हुई है और यह कुल 15 बिलियन डालर तक पहुंच गया है। लेकिन इसके बावजूद इससे वैश्विक रैंक में मामूली सुधार ही हुआ है और हम 21वें स्थान से ऊपर उठ कर 17वें स्थान पर पहुंच सके हैं। इस स्थिति में निश्चित रूप से सुधार हो सकता है। 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। 300 मिलियन टन उत्पादन के साथ यह चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। लेकिन भारत में प्रसंस्करण स्तर बहुत कम है। यह फलों के लिए 4.5 प्रतिशत, सब्जियों के लिए 2.7 प्रतिशत, दूध के लिए 21.1 प्रतिशत, मांस के लिए 34.2 प्रतिशत और मछलियों के लिए 15.4 प्रतिशत है। इसकी तुलना में चीन में प्रसंस्करण 25-30 प्रतिशत तथा पश्चिमी देशों में 60-80 प्रतिशत है।

प्रसंस्करण क्षमता में इस कमी के कारण भारत में उत्पाद का काफी हिस्सा बेकार चला जाता है। अनुमान है कि देश में फसल कटाई के बाद बरबादी का स्तर पूरी सप्लाई श्रृंखला में 18 से 25 प्रतिशत के बीच है, हालांकि फलों और सब्जियों के मामले में यह लगभग 45 प्रतिशत है। नीति आयोग का अनुमान है कि फसल कटाई के बाद लगभग 90,000 करोड़ रुपये की बरबादी होती है। इस स्थिति में सुधार के लिए खेतों पर ही समुचित छंटाई और ग्रेडिंग तथा प्रसंस्करण बढ़ाने की आवश्यकता अनुभव की जाती है। कृषि प्रोत्साहनों में परिवर्तन कर किसानों को इस बात के लिए प्रेरित करना जरूरी है कि वे खेतों तथा उसके निकट बरबादी रोकने के प्रयास करें।

2020 में केन्द्र सरकार ने एक ट्रिलियन रुपये के कृषि ढांचागत फंड की घोषणा की थी ताकि कोल्ड चेन श्रृंखला तथा फसल कटाई के बाद प्रबंधन ढांचा खेतों तथा फसल संग्रह केन्द्रों पर बनाने के लिए मध्यम से दीर्घकालीन अवधि की कर्ज फाइनेंसिंग की जा सके। तमिलनाडु द्वारा हाल ही में घोषित नई खाद्य प्रसंस्करण नीति में एक कदम आगे बढ़ कर बरबादी रोकने तथा कृषि उत्पाद का मूल्य बढ़ाने के कदम उठाए गए हैं। इस नीति में कृषि उत्पादक संगठनों-एफपीओ तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता तथा केन्द्रीय योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं।

लेकिन यह उल्लेखनीय है कि पंजाब ने अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है, जबकि पड़ोसी राज्य हरियाणा में प्रतिबद्ध एग्रीबिजनेस व खाद्य प्रसंस्करण नीति बनाई गई है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव स्कीम-पीएलआईएसएफआई के लिए 2021-22 से 2026-27 के बीच 10,900 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इसका उद्देश्य वैश्विक रूप से प्रतियोगी फर्मों को भारत में उत्पाद व कृषि निर्यात क्षेत्र में आकर्षित करना है। इस योजना का लक्ष्य प्रसंस्करण क्षमता में सुधार, भारतीय ब्रांडों को मजबूत करना, विश्व बाजार में उपस्थिति बढ़ाना, रोजगार सृजन तथा किसानों की आमदनी बढ़ाना है। मई, 2024 तक पीएलएसएफआई के 90 प्रतिशत धन का प्रयोग नहीं हुआ था। सरकार ने 158 एसएमई लाभार्थियों को केवल 1,073 करोड़ रुपये दिए थे और इस प्रकार योजना का आधा समय बीत जाने के बावजूद उसका केवल 10 प्रतिशत धन प्रयोग हुआ था। इस प्रकार पैसे के बहुत कम प्रयोग से ज्यादा केन्द्रित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता उजागर होती है।

पीएलआई योजना का लक्ष्य वैश्वक प्रतियोगिता क्षमता तथा निर्यात बढ़ाना है। इसे देखते हुए एसएमई को वैश्विक स्तर पर स्थापित 'एंकर' फर्मों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने चाहिए। पिछले दशक में भारत ने शत प्रतिशत एफडीआई अनुमति के बाद 500 बिलियन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई प्राप्त किया। इसे देखते हुए खाद्य प्रसंस्करण को भारत का 'सनराइज़ उद्योग' समझा जाना चाहिए जो किसानों को प्रभावी रूप से लाभ दिलाने, एमएसपी के प्रति बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने तथा मूल्य-संवर्धन और उद्योग में समन्वय स्थापित करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। कृषि के विकास के लिए खाद्य पसंस्करण को रणनीतिक महत्व देना जरूरी है।


दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश देश के नाते हम धरती पर पर्यावरण दबाव का अनुभव कर रहे हैं। इसके कारण मृदा क्षरण, जैवविविधता में कमी तथा जल संकट जैसे परिस्थितिकी मुद्दे सामने आ रहे हैं। व्यापक खाद्य व्यवस्थाओं में बरबादी रोकना जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए बहुत जरूरी है। इससे खेतों से लेकर खाने की मेज तक खाद्य सप्लाई बेहतर करने में सहायता मिलेगी तथा हानिकारक उत्सर्जन घटेगा। खाद्य प्रसंस्करण की अद्यतन तकनीकों के प्रयोग, वैश्विक स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता मानकों को मंजूर करने तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच खोलने के माध्यम से यह केन्द्रित रणनीति बड़ी वैश्विक फर्मों को आकर्षित कर हमारे लक्ष्य पूरे कर सकती है।

इलेक्ट्रानिक क्षेत्र में 'एपल' इस लक्षित दृष्टिकोण की सफलता का एक माडल है। यही माडल विभिन्न उद्योगों के लिए लागू किया जाना चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय को समयबद्ध कार्यक्रम बना कर प्रमुख वैश्विक फर्मों के साथ कृषि उत्पादक संगठनों-एफपीओ तथा एसएमई के बीच साझेदारियों को बढ़ावा देना चाहिए।

# संतुलित जीवन के लिये विश्राम जरूरी

> **ध्यान, गहरी सांस लेने के व्यायाम, या यहां तक कि शांत सैर करना कुछ सरल अभ्यास हैं जो मन को साफ़ करने और संज्ञानात्मक स्पष्टता को बढ़ाने में सहायता कर सकते हैं।**

**रचना लखपति**
(लेखिका स्वतंत्र स्तम्भकार हैं)



आज की भागदौड़ भरी दुनिया में, कई लोग मानते हैं कि आराम सिर्फ रात को अच्छी नींद लेने तक ही सीमित है। यह पूरी तरह से गलत है। वास्तविक विश्राम जटिल है। शोधकर्ता समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने में छह अलग-अलग प्रकार के आराम के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। आराम के प्रत्येक रूप को अपनाकर, व्यक्ति अधिक संतुलित और ऊर्जावान जीवन प्राप्त कर सकते हैं। हमारा दिमाग लगातार काम, सोशल मीडिया और दैनिक जिम्मेदारियों जैसे विभिन्न स्रोतों से सूचनाओं से भरा रहता है।

इस चल रही स्थिति के साथ, मन अंततः थकान और तनाव का शिकार हो जाएगा। मन की शांति पाने के लिए, अपने दिमाग में विचारों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करने से खुद को अलग करना महत्वपूर्ण है। ध्यान, गहरी सांस लेने के व्यायाम, या यहां तक कि शांत सैर करना कुछ सरल अभ्यास हैं जो मन को साफ़ करने और संज्ञानात्मक स्पष्टता को बढ़ाने में सहायता कर सकते हैं। नियमित रूप से ब्रेक लेने से आपके मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, आपकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिल सकता है और निर्णय लेने की आपकी क्षमता में सुधार हो सकता है।



इसके अतिरिक्त, इसमें आपके शरीर को शारीरिक परिश्रम से उबरने के लिए पर्याप्त समय देना शामिल है। स्वाभाविक रूप से, पर्याप्त आराम करना महत्वपूर्ण है, और यह हल्की शारीरिक गतिविधियों, स्ट्रेचिंग या मांसपेशियों के तनाव को कम करने के तरीकों के साथ अच्छी तरह से पूरक है। शारीरिक आराम विभिन्न तरीकों से प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें सोना, योग अभ्यास करना या गर्म स्नान करना शामिल है। चोट की रोकथाम, मांसपेशियों की रिकवरी और पूरे दिन ऊर्जा के स्तर को बनाए रखना प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। हम अक्सर एक महत्वपूर्ण पहलू को अनदेखा कर देते हैं: हमारी भावनात्मक सीमाएं। हम अपने आस-पास के लोगों की संतुष्टि सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं। भावनात्मक आराम में अपनी भावनाओं को स्वीकार करना और ईमानदारी से संबोधित करना शामिल है। जब आप थका हुआ महसूस कर रहे हों और भावनात्मक थकावट के कगार पर हों, तो अपने शरीर को सुनना और आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अपने विचारों पर करीबी दोस्तों या चिकित्सक से चर्चा करना भावनात्मक सांत्वना पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भावनात्मक अभिभूतता को रोकने के लिए इस प्रकार का आराम आवश्यक है और आपको अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती का ईमानदारी से जवाब देने में सक्षम बनाता है। दूसरों के साथ बातचीत करना आवश्यक है, हालाँकि यह काफी थका देने वाला हो सकता है। मात्रा से ज़्यादा गुणवत्ता के महत्व पर ज़ोर देते हुए, सामाजिक आराम में बड़ी सभाओं से दूर रहना और व्यक्तिगत भलाई पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

अकेले या कुछ करीबी दोस्तों के साथ समय बिताना आपको अपने सच्चे स्व के साथ एक मज़बूत संबंध बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह एक ऐसा माहौल बनाने के बारे में है जो भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अक्सर होने वाली उथली बातचीत के बजाय एकांत या सार्थक बातचीत को प्रोत्साहित करता है। आध्यात्मिक आराम के पल ढूंढ़ने से हम जीवन के सार और हमें संतुष्टि देने वाली चीज़ों के साथ एक गहरा संबंध फिर से स्थापित कर पाते हैं।

कुछ व्यक्तियों के लिए, इसका धार्मिक अर्थ हो सकता है, जबकि अन्य के लिए, यह प्रकृति, ध्यान और माइंडफुलनेस पर ज़्यादा केंद्रित होता है। आध्यात्मिक आराम का अनुभव करने के लिए हमेशा एक विशिष्ट दिनचर्या या अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं होती है। यह अपने से बड़ी किसी चीज़ से गहरा संबंध महसूस करने के बारे में है, जो शांति और सद्भाव की गहरी भावना ला सकता है। हमारे आधुनिक समाज में, किसी के लिए भी स्क्रीन और नोटिफिकेशन के ज़रिए हम पर बमबारी करने वाली भारी मात्रा में जानकारी और उत्तेजनाओं से बचना दुर्लभ है। विश्राम के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूर रहना, रोशनी कम करना और कुछ शांति का आनंद लेना शामिल है।

अपनी इंद्रियों को तरोताजा करने के लिए शांति के क्षणों को पुनः प्राप्त करें: एक अच्छी किताब पढ़ें, प्रकृति में डूब जाएं या ध्वनि की अनुपस्थिति में आनंद लें। आँखों, कानों और तंत्रिका तंत्र पर तनाव को कम करने के लिए आराम अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण है। आराम के इन छह रूपों के बीच सामंजस्य की खोज करने से आप अपने आप को व्यापक रूप से तरोताजा कर पाएँगे, जिससे आप एक संतुलित और संतोषजनक जीवन जी पाएँगे।

## आप की बात

### राहुल की आदत

**राजनीति** में विफल रहने वाले राहुल गांधी विदेशों में भारत की छवि खराब करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। वास्तव में, राहुल की मंशा भाजपा को कोसने की रहती है, लेकिन भाजपा को कोसते-कोसते वह भारत को भी कोसना प्रारंभ कर देते हैं। इस बार अपनी अमेरिका यात्रा में वह भारत को कोसते हुए चीन की तारीफ कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों में भारत ने अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में तेजी से विकास किया है और चीन को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हुए आर्थिक क्षेत्र में उसकी कमर तोड़ी है। भारत चीन को पीछे छोड़ कर आज दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन यह सब राहुल गांधी को नहीं दिखाई देता है। देश की जीडीपी में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी निरंतर प्रयासरत हैं कि आने वाले वर्षों में वह देश को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बना देंगे। राहुल गांधी यह भी भूल जाते हैं कि स्वतंत्र भारत में सर्वाधिक समय तक उन्हीं की पार्टी और परिवार ने शासन किया है। राहुल के विदेशों में दिए इस प्रकार के बयान देशवासियों को आहत करते हैं। राहुल अपने बयानों से उन अनिवासी भारतीयों को भी आहत करते हैं जिन्होंने अमेरिका की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में व्यापक योगदान कर भारत का झंडा दुनिया में ऊंचा लहराया है।

– **रामबाबू सोनी,** इंदौर

### उपद्रवियों पर लगाम

**देश** भर में त्यौहारों का समय चल रहा है। लेकिन कभी रतलाम तो कभी सूरत में या देश के किसी अन्य कस्बे, शहर में कतिपय उपद्रवी तत्वों द्वारा त्यौहारों की खुशहाली में विघ्न पैदा करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन तत्वों के खिलाफ समय रहते कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। हालांकि, पुलिस और प्रशासन समय रहते कार्रवाई कर ऐसे तत्वों पर लगाम लगाने में सफल भी रहता है। लेकिन ऐसे तत्व संक्रामक बीमारी की तरह देश में अराजकता पैदा करने को प्रोत्साहन देते हैं। ऐसे में गांवों, कस्बों और शहरों के मुहल्लों में शांति समितियां गठिन करने व खुफिया पुलिस की निगरानी बढ़ाने के साथ ही सोशल मीडिया पर फैलाने वाले भड़काऊ बयानों और फर्जी वीडियो पर लगाम लगाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हालांकि, ऐसे तत्वों में से कुछ अति-उत्साही व अराजक तत्व हो सकते हैं जो अपने अपराध के परिणाम न समझते हों। लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि स्थानीय स्तर पर राजनीतिक या चुनावी स्वार्थों के चलते कुछ राजनेता ऐसे तत्वों का मुखौटे या हथियार की तरह प्रयोग करें। ऐसे में इन निहित स्वार्थी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई सबसे जरूरी हो जाती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अफ़जल गुरु की तारीफ़

**उमर अब्दुल्ला** ने कहा कि अफ्जल गुरु को फांसी की सजा नहीं देनी चाहिए थी। उनका यह बयान अत्यन्त निंदनीय है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर अपराधी अफ्जल को फांसी न देते तो क्या उसे फूलों की माला पहनाते। उमर अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि यदि जम्मू कश्मीर सरकार से पूछा जाता तो फांसी की अनुमति कतई न दी जाती। सभा जानते हैं कि अफ्जल गुरु ने देश की संसद पर हमले की साजिश रची थी। लोकतंत्र के इस मंदिर की सुरक्षा करते हुए हमारे कई सैनिक शहीद हुए थे। कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जिस तरह अफ़जल गुरु की तारीफ़ कर रहे हैं वह भी एक अपराध की श्रेणी में ही आता है। सवाल है कि क्या उमर अब्दुल्ला और उनकी पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस क्या फिर से वैसा ही जम्मू कश्मीर बनाना चाहती हैं जहां अफ़जल जैसे आतंकवादी, अलगाववादी व भारत-विरोधी तत्व पैदा हो सकें। जवाब तो कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी को भी देना चाहिए कि वे उमर अब्दुल्ला के इस बयान का समर्थन करते हैं या नहीं? लेकिन राहुल गांधी अब अमेरिका में भारत-निन्दा और चीन-प्रशंसा का एजेंडा चला रहे हैं। वैसे भयभीत उमर दो सीटों से चुनाव लड़ने वाले एकमात्र कश्मीरी नेता हैं।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### पैरालंपिक को प्रोत्साहन

**पेरिस** पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन न केवल ऐतिहासिक, बल्कि अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। भारत ने कुल 29 मेडल जीते जिसमें साथ स्वर्ण सिल्वर और 13 ब्रोंज मेडल है तथा कुल मिलाकर उसने 18वां स्थान प्राप्त किया। पैरालंपिक में दिव्यांग खिलाड़ी दुनिया भर के खिलाड़ियों से प्रतियोगिता करते हैं, जिनमें से अनेक को बेहतर सुविधायें मिलती हैं। इसे देखते हुए भारत की उपलब्धि बेमिसाल है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को भी इन सभी खिलाड़ियों को उचित प्रोत्साहन राशि देनी चाहिए। लेकिन विडंबना है कि जहां ओलिंपिक खिलाड़ियों को 2 करोड़ से लेकर 6 करोड़ की राशि सरकारें देती हैं, दिव्यांग खिलाड़ियों को इतनी राशि नहीं दी जा रही है। यह विसंगति दूर की जानी चाहिए। इसके साथ ही दिव्यांग खिलाड़ियों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां भी प्राथमिकता पर दी जानी चाहिए। जिला स्तर से दिव्यांग खिलाड़ियों को मिलने वाले प्रोत्साहन से समाज में दिव्यांगता के प्रति व्याप्त पूर्वाग्रह समाप्त करने में सहायता मिलेगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने बैठक कर दिये निर्देश

संवाददाता। अमेठी



**आगामी** त्यौहारों गणपति उत्सव, बारावफात व अन्य त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, पूजा समितियों के प्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्योहारों में पूजा पंडाल, मंच व जूलूस के आयोजन से पूर्व प्रशासन की अनुमति लेना अनिवार्य है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूजा पंडालों व मंच की स्थापना की अनुमति प्रदान करने से पूर्व आयोजकों द्वारा यह सुनिश्चित करा लें की पूजा पंडाल व मंच की स्थापना से सार्वजनिक आवागमन प्रभावित ना हो, कहीं पर भी मूर्तियों की स्थापना, पंडाल आदि सार्वजनिक स्थानों तथा सड़क पर न लगाया जाए। मूर्तियों की स्थापना पारंपरिक परंतु खाली स्थान पर की जाए, उनका आकार यथासंभव छोटा रखा जाए तथा मैदान की क्षमता से अधिक लोग ना रहे, मूर्तियों के विसर्जन में यथासंभव छोटे वाहनों का प्रयोग किया जाए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में न्यूनतम व्यक्ति ही शामिल हो, विसर्जन के रूट

प्लान, विसर्जन स्थलों का चिन्हांकन, अधिकतम व्यक्तियों की संख्या का निर्धारण जैसे बिंदुओं की पूर्व में ही योजना बना ली जाए तथा इसे दृढ़ता से लागू किया जाए, मूर्ति विसर्जन आदि के समय भीड़ निर्धारित सीमा से अधिक ना हो, पर्व/त्योहारों के शांतिपूर्ण संपादन हेतु संवेदनशील स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा विशेष सतर्कता बरती जाए, ऐसे स्थलों जहां पर अधिक संख्या में लोग एकत्र होते हैं वहां पर भी विशेष सतर्कता तथा ऐसे स्थानों पर संभावित घटनाओं को पूर्वानुमान लगाया जाना व किसी घटना के घटित होने पर तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए।

# जरूरतमंदों से सांसद ने मुलाकात कर सुनीं उनकी समस्याएं



**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने अमेठी संसदीय क्षेत्र दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में जनता दर्शन एवं जरूरतमंद लोगों से मुलाकात और जन समस्याओं पर लोगों को आश्वस्त करते हुए संबंधित विभाग को त्वरित कार्यवाही करने को निर्देशित किया द्व इसके उपरांत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। अपराह्न में केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में संसदीय क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में श्री शर्मा ने मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उपस्थित प्रत्येक मंडल अध्यक्षों से एक-एक कर उनके विचार और सुझाव को सुना। उन्होंने क्षेत्र के आम जनमानस की समस्या के निदान और सम्मान पर भी कहा कि आप लोग संगठन के माध्यम से मंडल से लेकर न्याय पंचायत ग्राम सभा और बूथ स्तर के सम्मानित पदाधिकारी से विकास के साथ-साथ पार्टी की नीतियों और पार्टी के द्वारा कराए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं।

# स्वच्छता समिति की बैठक में डीएम ने दिये जिले को स्वच्छ रखने के निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति /जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता) की थीम पर आगामी 14 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक चलाये जाने वाले स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस पखवाड़े के माध्यम से स्वच्छता के लिए आम नागरिकों, समुदायों, स्वैच्छिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जन-जागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से संबंधित प्रतियोगिताएं, वृक्षारोपण इत्यादि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी, परंपरागत कचरा वाले चुनौतीपूर्ण स्थलों को चिन्हित करके उन्हें साफ करने का वृहद अभियान चलाने, स्वच्छता कर्मियों के योगदान को पहचानने और संपूर्ण स्वच्छता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जानी है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पखवाड़े का रोडमैप/कार्य योजना तैयार कर ली जाए, जिसमें विशेष रूप से जनपद के सभी ब्लैक स्पॉट (परंपरागत और चुनौतीपूर्ण कचरा स्थलों) को पहले से ही चिन्हित किया जाएगा।

तत्पश्चात दिनांक 14 सितंबर 2024 को जनपद स्तर से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चिन्हित किए गए सभी ब्लैक स्पॉट्स को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ किया जाएगा।

# अंतरजनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का एसपी ने किया शुभारम्भ



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक / अध्यक्ष जोनल पुलिस खेल-कूद समिति, गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन में 10, सितम्बर, 2024 से 13, सितम्बर, 2024 तक चलने वाली अन्तरजनपदीय कबड्डी कलस्टर ( महिला/पुरूष ) , कबड्डी, खो-खो, जिम्नास्टिक, प्रेसिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न जनपदों से आये खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं खेल भावना से खेल खेलने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशवनाथ, क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, एसपी पीआरओ इन्द्रभूषण सिंह सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे। मंगलवार को जनपद महराजगंज, बस्ती, गोरखपुर, कुशीनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, गोंडा, देवरिया, सिद्धार्थनगर व जनपद सन्तकबीरनगर की महिला व पुरुष टीमों के बीच कबड्डी व खो-खो की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# दुग्ध उद्योग ऋण वितरण कार्यक्रम में डीएम-एसपी ने दिए ऋण स्वीकृति पत्र

संवाददाता। श्रावस्ती, सिरसिया



**इंडियन** बैंक श्रावस्ती द्वारा विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत ग्राम जोखवा में दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुग्ध उद्योग ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन का जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं महाप्रबन्धक/अंचल प्रमुख कृष्ण चन्द्र साहू ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकरी एवं पुलिस अधीक्षक ने दुग्ध उत्पादन करने हेतु कुल 52 लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रूपये का डेमो चेक व ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह जनपद आकांक्षी जनपदों की श्रेणी में आता है जनपद में आर्थिक दृष्टि से विकास के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता को देखते हुए आज इस कार्यक्रम में लाभर्थियों को प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रूपये का डेमो चेक व ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इंडियन बैंक जो कि इस जनपद का अग्रणी बैंक है उनकी यह पहल सराहनीय है कि उनके द्वारा योजनाओं के माध्यम से कई लोगों को रोजगार दिया गया है इस योजना के माध्यम से निश्चित ही इस जनपद के युवाओं को लाभ मिलेगा और ऋण लेकर अपना रोजी-रोजगार शुरू कर सकते है जिससे वे आर्थिक रूप से समृद्ध बन सकेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य डेयरी उत्पादों के विकास उत्पादन विपणन और वितरण में मदद करना है तथा लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके और जनपद की आर्थिक व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके।

इस अवसर पर मुख्य प्रबन्धक मंडलीय कार्यालय सुधीर प्रसाद मिश्रा, एलडीएम बहराइच जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव एलडीएम श्रावस्ती सुभाष चन्द्र मित्रा निदेशक आरसेटी श्रावस्ती संदीप यादव निदेशक आरसेटी बहराइच रीति कुमारी मार्केटिंग अधिकारी अरूण कुमार एवं शाखा प्रबन्धक अब्दुल कयूम सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## थाना एएचटीयू कार्यालय में बाल संसद सदस्यों ने की लर्निंग विजिट

**श्रावस्ती।** थाना एएचटीयू कार्यालय में मंगलवार को बाल संसद सदस्यों ने लर्निंग विजिट की जहां उन्हें बाल श्रम उन्मूलन बाल विवाह रोकथाम मानव तस्करी बाल शिक्षा एवं बाल शोषण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना एएचटीयू के अधिकारियों ने बाल संसद सदस्यों को इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक किया और उन्हें अपने समुदाय में इन समस्याओं के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया उन्हें बताया गया कि बाल श्रम और बाल विवाह कैसे बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर सकते हैं और मानव तस्करी कैसे एक गंभीर अपराध है साथ ही उन्हें बाल शिक्षा के महत्व और बाल शोषण के प्रति जागरूकता के बारे में भी बताया गया। बाल संसद सदस्यों ने इस लर्निंग विजिट से बहुत कुछ सीखा और वे अब अपने समुदाय में इन मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस जानकारी को अपने साथियों और समुदाय के लोगों के साथ साझा करने का वादा किया।

# प्रशासन की अनदेखी से शहीद वीर बीरा पासी का चबूतरा बदहाल



**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय के निकट बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरा पासी का चबूतरा उपेक्षा का शिकार है। चबूतरे की बाहरी दीवारें और बैरिकेड टूट चुकी है। साफ सफाई और देखरेख की कमीं के कारण पूरा परिसर बदहाल हो गया है। एक ओर यह स्थान जहां आजादी के दीवानों की कुर्बानी का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर इसकी बदहाल स्थिति प्रशासन और समाज की अनदेखी को दर्शा रही है। कई वर्ष पहले इस चबूतरे का निर्माण किया गया, ताकि आने वाली पीढ़ी महापुरुषों को याद रख सकें। इस स्थल से ही चौराहे की पहचान वीरापासी चौक के नाम से है। हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस सहित अन्य मौकों पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि देने का आयोजन भी होता है, लेकिन बाकी दिनों में इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। वर्तमान में यह चबूतरा जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। चौराहे के बीचोबीच होने के कारण वाहनों की टक्कर से चबूतरे की चहारदीवारी टूट फूट कर क्षतिग्रस्त हो चुकी है तो चहारदीवारी के ऊपर लगी लोहे की ग्रिल भी उखड़कर बाहर पड़ी है। छोटे से परिसर में कई जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है।

इससे साफ है कि न तो स्थानीय प्रशासन और न ही नागरिक कस्बे की इस महत्वपूर्ण धरोहर की देखरेख को लेकर कोई पहल कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने चबूतरे के पुनर्निर्माण और इसे साफ-सुथरा रखे जाने की मांग की है।

# कौन कर रहा नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़, बीईओ या शिक्षक?

- सत्ता पक्ष के जन प्रतिनिधि अधिकारी पर बना रहे समझौते का दबाव
- जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को नहीं दिख रहा विद्यालय में घटिया निर्माण

संवाददाता। रायबरेली

**अधिकारी** और शिक्षक आखिर किस तरह से सिस्टम को खोखला कर रहे हैं, इसकी बानगी डलमऊ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अचाकापुर में देखने को मिल रही है। यहां पर बीईओ का आरोप है कि विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य और शिक्षण कार्य को रूचिपूर्ण नहीं किया जा रहा है तो वही दूसरी तरफ शिक्षक का आरोप निर्माण कार्य को लेकर 30 हजार रुपये मांग रहे थे। वहीं, बीईओ का कहना है कि हम नहीं चाहते हैं कि अतिरिक्त कक्ष बनने के लिए आए लाखों रुपये में गोलमाल हो जाए और घटिया निर्माण की वजह से भवन पांच साल में ही जर्जर हो जाए। निर्माण कार्य को लेकर व विद्यालय की व्यवस्था को लेकर मैंने नोटिस जारी है।

बता दें, डलमऊ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अचाकापुर में निरीक्षण करने गए डलमऊ ब्लॉक के खण्ड शिक्षाधिकारी नंदलाल रजक के साथ में विद्यालय में कार्यरत इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिषेक मिश्रा ने अभद्रता और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए विद्यालय से भगा दिया था। बीईओ की तरफ से दी गई आख्या में बताया गया है कि मैं विद्यालय में निरीक्षण करने गया था तब वहां पर बच्चों के नामांकन 41 के सापेक्ष महज सात बच्चे थे। इसके अलावा विद्यालय में साफ-सफाई भी नहीं थी।

बच्चों को बनाने वाले एमडीएम राशन पर चूहियां कूद रही थी। इसके अलावा पूरे विद्यालय की व्यवस्था बहुत ही घटिया थी। विद्यालय में बनने के लिए आए अतिरिक्त का निर्माण कार्य अधूरा था और उसके निर्माण में प्रयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता भी ठीक नहीं हैं। इन्हीं सब बातों को लेकर मुझसे शिक्षक आक्रोशित हो गए और उन्होंने मेरे साथ अभद्रता की और मोबाइल कैमरा भी छिन लिया। इस पूरी घटना की रिपोर्ट बीईओ ने बीएसए को भेज दी है।

बीएसए ने इस मामले में दो बीईओ अश्वनी गुप्ता और मुकेश कुमार की दो सदस्यीय कमेटी बना दी गई है और यह कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी बीएसए को सौंप दी है, लेकिन अभी तक इस मामले में किस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस मामले में एक स्थानीय जनप्रतिनिधि ने रूचि ले ली है और वे लगातार दबाव बना रहे हैं, कि इस मामले में कोई भी कार्रवाई शिक्षक पर न होने पाए। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जनप्रतिनिधि को बच्चों का भविष्य से कहीं ज्यादा शिक्षक या फिर अधिकारी प्यारा हो गया है। उन्हें उन गरीब बच्चों की कोई चिंता नहीं है। जिनके वोटों से वे चुनकर विधानसभा और संसद पहुंचते हैं। अब इस मामले में सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ बीईओ या शिक्षक?

बीईओ नन्दलाल रजक का कहना है कि इस मामले में मैंने अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है। टीम ने भी जांच करके बीएसए को रिपोर्ट सौंप दी है। मेरे साथ जिस तरह की घटना हुई है, उसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

प्राथमिक विद्यालय अचाकापुर की खास बात यह है कि प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं और वहां पर नियमित के तौर पर अभिषेक मिश्रा ही कार्यरत है। विभाग की तरफ से पढ़ाने से कहीं अधिक जिम्मेदारी भवन को बनवाने की दी गई। विभाग को नौनिहाल का भविष्य ध्यान नहीं रहा और शिक्षक अभिषेक मिश्रा ने भी भवन बनाने में अधिक रूचि दिखाई। अब भवन निर्माण को लेकर ही सवाल उठ रहे हैं।

# फरियादियों की समस्याओं का हो त्वरित निदानः डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार को सदर तहसील अंतर्गत स्थित विकास खंड कार्यालय रूपईडीह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खंड स्तर पर संचालित सभी योजनाओं के अधिकारियों से योजनाओं के संचालन एवं उनके प्रगति के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लॉक कैम्पस में संचालित स्थापना कक्ष, मनरेगा कक्ष, कंप्यूटर कक्ष सहित सभी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ब्लॉक परिसर में निष्प्रयोजना कार्यालय के संबंध में कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कैम्पस में जो भी कार्यालय निष्प्रयोज हो गए हैं, उनकी कार्यवाही करते हुए निस्तारित किया जाय। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि रक्षा विभाग, मनरेगा विभाग, एनआरएलएम विभाग, स्थापना लिपिक, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक नियुक्ति के संबंध में, भूमि रजिस्टर, अनुपालन आख्या रजिस्टर, सेवा पुस्तिका, वेतन वृद्धि, वेतन निर्धारण, विकास खंड के अकाउंट के संबंध में, ग्रान्ड रजिस्टर, ब्लॉक मुख्यालय पर वाहन के संबंध में, क्षेत्र समिति की बैठक के संबंध में, कार्य विभाजन पत्रावली, गार्ड फाइल, मोमेंट रजिस्टर सहित अन्य सभी विभागों एवं पटलों के संबंध में गहन समीक्षा की। डीएम ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सर्विस बुक में नॉमिनी के फोटो चस्पा करायें। वहीं बीडीओ के द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत सचिव अजय कुमार पांडेय का स्थानांतरण विकास खंड करनैलगंज में हो गया है, उनके द्वारा चार्ज नहीं दिया रहा जा रहा है। जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि संबंधित सचिव को तीन दिवस का समय देते हुए अवगत कराया जाय।

# बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए प्रशासन प्रतिबद्धः नेहा शर्मा



**गोंडा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बाढ़ से प्रभावित जनपद के किसानों व ग्रामीणों को बड़ा संबल प्रदान किया है। इस बार की बाढ़ में फसलों के नष्ट होने से जिले के 3300 से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। किसानों का दर्द समझते हुए योगी सरकार ने 1.91 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि बाढ़ और कटान से प्रभावित इलाकों में राहत और पुनर्वास के कार्यों में प्रशासन तेजी से जुटा हुआ है। बाढ़ प्रभावितों के लिए रोटी, छत और पशुओं के चारे तक की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। बता दें कि जनपद में घाघरा नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के कारण कई गांवों में कटान की समस्या उत्पन्न हो रही है। आंकड़ों की बात करें तो इस समस्या से लगभग 115 किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें 8.17 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त 34 क्षतिग्रस्त झोपड़ियों और पक्के मकान के लिए भी लगभग चार लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी प्रभावित परिवार राहत से वंचित न रहे और उन्हें जल्द से जल्द सहायता मिले। यह भी बताया कि जिला प्रशासन ने राहत सामग्री के वितरण में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब तक 9150 परिवारों को खाद्य सामग्री का वितरण किया जा चुका है। वहीं 47 हजार से अधिक लोगों को फूड पैकेट्स मुहैया कराए गए हैं। प्रशासन ने 129 राहत चौपालों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया है। डीएम ने बताया कि वर्तमान में घाघरा नदी खतरे के निशान से 7 सेंटीमीटर नीचे बह रही है, लेकिन पानी के उतार-चढ़ाव के कारण कटान की स्थिति बनी हुई है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में ई-आफिस उच्चीकरण कक्ष का मंडलायुक्त ने किया शुभारंभ

संवाददाता। उरई, जालौन



**मंगलवार** को मंडलायुक्त विमल दुबे ने कलेक्ट्रेट परिसर में ई-आफिस कक्ष का उच्चीकरण किया गया जिसका फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके बाद संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों के कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली।

मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद जालौन में ई-ऑफिस प्रणाली (पेपर लेस ऑफिस) की शुरूआत की है। ''डिजिटल इंडिया'' अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी के अंतर्गत आज ई-आफिस कक्ष का उच्चीकरण किया गया ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कार्य किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ई-ऑफिस उप्र शासन का एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो एनआईसी के सॉफ्टवेर पर कार्य करता है। इस प्रणाली में पारंपरिक फाइलिंग प्रणाली की तुलना में अतिरिक्त लाभ हैं। ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस में किसी भी समय पत्रों एवं फाइलो पर कार्य किया जा सकता है। साथ ही ई-ऑफिस प्रणाली पेपरलेस होने के कारण पर्यावरणनुकूल भी है और सभी प्रपत्रों के ऑनलाइन होने के कारण उनके गायब होने अथवा किसी अन्य प्रकार की त्रुटि होने की आशंका समाप्त हो जायेगी। सारे कागजात क्लाउड पर सुरक्षित रहते हैं।

अधिकारी तथा कर्मचारी ई-फाइल पर डिजिटल रूप में हस्ताक्षर करते है। ई-ऑफिस प्रणाली में अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही को पारदर्शी तरीके से तय किया जा सकेगा। ई-ऑफिस में अगर कोई फाइल आती है तो उसका नोटिफिकेशन सम्बंधित को मिल जाता है। तय समय के अंतर्गत उस फाइल का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चेकिंग में पकड़े पांच वाहनों पर लगाया 2.75 हजार का जुर्माना

**जालौन, उरई।** परिवहन अधिकारी ने मंगलवार को नगर के आसपास की सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग टीम ने पांच वाहन पकड़े जिन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर उन पर जुर्माना की कार्रवाई की गई। प्रदेश सरकार के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग लगातार सतर्कता दिखा रहा है। मंगलवार को परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने नगर व आसपास की सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान उन्होंने बंगरा मार्ग पर एक ट्राला व एक ओवरलोड डंपर पकड़ लिया। इसके साथ ही औरैया मार्ग पर तीन चारपहिया वाहनों को बिना वैध कागजात व सवारियों का परिवहन करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। चेकिंग की जानकारी मिलते ही अन्य वाहनों के चक्के थम गए। एआरटीओ के जाने के बाद ही वाहन सड़क पर निकले। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि नगर व आसपास वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टीम ने पांच वाहन पकड़े हैं। जिन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पकड़े गए वाहनों पर दो लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## उरगांव में एक सैकड़ा लोगों को भाजपा सदस्य बनाया

**जालौन, उरई।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीदी चेतना शर्मा के नेतृत्व में नगर में सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाए। इस दौरान करीब एक सैंकड़ा से अधिक सदस्य बनाए गए। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को गति देने के लिए दीदी चेतना शर्मा की टीम के साथ सत्यम त्रिपाठी उरगांव, ऋषभ पांडेय सहाव, पंकज शर्मा सिरसा दोगढ़ी, राजू कठेरिया सिकरी रहमानपुर आदि ने नगर में विभिन्न स्थानों घर घर पर जा जाकर भाजपा की नीतियां बताकर लोगो को सदस्य बनाकर भाजपा से जोड़ने का अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को भाजपा की उपलब्धियों और देश में सभी वर्गों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें भाजपा के सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया गया। टीम के सदस्यों ने अभियान के दौरान करीब एक सैंकड़ा से अधिक सदस्य बनाए।

# डीडीओ ने खंड विकास कार्यालय में शिकायतों के संबंधित अभिलेख जांचे

**कोंच, जालौन।** डीडीओ महेंद्र प्रताप चौबे ने मंगलवार को खंड विकास कार्यालय में आकर बीडीओ और सीडीपीओ के विरुद्ध दर्ज करायी गयीं 3 शिकायतों की बारीकी से जांच की। डीडीओ ने जांच के दौरान संबंधित अभिलेखों को जांचते हुए संबंधित विभागीय कर्मियों सहित शिकायतकर्ताओं से जानकारी ली ।जांच को लेकर डीडीओ ने बताया कि गत समय पूर्व ग्राम पंचायत सतोह की महिला प्रधान द्वारा बीडीओ पर जानबूझकर जॉबकार्ड निरस्त करने की शिकायत की गयी थी।

जांच में सामने आया है कि उक्त जॉब कार्ड प्रधान की सहमति से ही निरस्त किए गए हैं और अब नए सिरे से पात्रों के जॉब कार्ड बन सकेंगे। दूसरी शिकायत को लेकर उन्होंने बताया कि आगनबाड़ी महिलाओं ने सीडीपीओ पर हर माह 500 रुपये लेने की शिकायत दर्ज करायी थी। मौके पर संबंधित महिलाओं को बुलाकर पूछा गया तो उन्होंने रुपये लेने से साफमना



कर दिया। महिलाओं से 2 दिन में शपथ पत्र पर लिख कर देने को कह दिया गया है। तीसरी शिकायत की जांच पर डीडीओ ने कहा कि गत कार्यकाल में ग्राम पंचायत बिरासनी के तत्कालीन प्रधान द्वारा गबन से जुड़ा मामला है लेकिन तत्कालीन प्रधान मामले में न्यायालय चले गए हैं जिसको लेकर फिलहाल कुछ नहीं बताया जा सकता।

## झोलाछाप चिकित्सक मरीजों के स्वास्थ्य से कर रहे खिलवाड़

**जालौन, उरई।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हालांकि झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफकार्रवाई भी की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी उन पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर के लोगों ने डीएम झोलाछाप डॉक्टरों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में जुटी हुई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक स्वयं पैनी नजर रखकर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने में लगे है। साथ ही झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफभी कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी झोलाछाप डॉक्टरों पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर के लगभग हर मोहल्ले में अप्रशिक्षित व आवश्यक डिग्री के बगैर लोग क्लीनिक, अस्पताल चलाकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं और धन कमाने में लगे हुए हैं। नगर के मनोज कुमार, संतोष, शिवम, मुकेश आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों पर रोक नहीं लग पा रही है। ऐसे झोलाछाप डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं। इनके पास न तो कोई डिग्री होती है औ न ही कोई अनुभव और न ही प्रेक्टिस करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से जारी कोई रजिस्ट्रेशन आदि होता है।

# साइबर अपराधों से निपटने के लिए एआई का उपयोग करें एजेंसियां : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को साइबर सुरक्षा एजेंसियों से आग्रह किया कि वे साइबर अपराधों से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करें। लोगों की गाढ़ी कमाई को ठगने, फर्जी खबरें फैलाने और महिलाओं व बच्चों के साथ ऑनलाइन दुर्व्यवहार करने वाले अपराधियों के अपराध करने के तौर-तरीकों की पहचान के लिए एजेंसियां एआई का सहारा लें। यहां भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक डिजिटल लेन-देन में भारत की लगभग 46 प्रतिशत या लगभग आधी भागीदारी है, जिससे इन एजेंसियों का काम चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

2018 में स्थापित आई4सी गृह मंत्रालय के अंतर्गत एक विभाग है। इसका काम देश में साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने के लिए, एक राष्ट्रीय स्तर का समन्वय केंद्र स्थापित करना है। गृह मंत्री ने कहा, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप एआई का उपयोग करके अपराधियों द्वारा अपनाए गए तौर-तरीकों की पहचान करें...इससे आपको साइबर अपराधों से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद मिलेगी। उन्होंने कुछ आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि देश में इंटरनेट और साइबर पहुंच किस प्रकार बढ़ी है। शाह ने कहा, 31 मार्च तक देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 95 करोड़ रही, जबकि 2014 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 25 करोड़ थी।

साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आई4सी द्वारा बुधवार से शुरू किए जा रहे विशेष अभियान के दौरान राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन टेलीफोन नंबर 1930 को लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। हमें इसके (साइबर अपराध के) खिलाफ और अधिक प्रयास करने की जरूरत है... हम एक बिंदु पर पहुंच गए हैं, लेकिन लक्ष्य अभी बहुत दूर है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए शाह ने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं होती और इसलिए यह जरूरी है कि सभी पक्ष मिलकर इस समस्या से निपटें। प्रौद्योगिकी के बढ़ते इस्तेमाल से कई तरह के खतरे भी पैदा हो रहे हैं। यही वजह है कि साइबर सुरक्षा अब सिर्फ डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी अहम पहलू बन गई है। सरकार भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच साल में 5,000 साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने और उन्हें तैयार करने की योजना बना रही है।

## कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, फिलहाल मुख्यमंत्री बदलने का सवाल ही नहीं

**बेंगलुरु।** गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में कांग्रेस के कुछ नेता मुख्यमंत्री पद के लिए दावा कर सकते हैं, लेकिन इस समय मुख्यमंत्री बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के राज्यपाल के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। इस बीच ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस नेता नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं, तथा उनमें से कई ने खुले तौर पर अपनी इच्छा व्यक्त भी की है। जब परमेश्वर से पूछा गया कि क्या पार्टी में मुख्यमंत्री पद के लिए खींचतान चल रही है, तो उन्होंने कहा, हर कोई सक्षम है, इसीलिए वे इस बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन इस समय मुख्यमंत्री बदलने का सवाल ही कहां उठता है?

# कोई सरकार कानून बनाए और दूसरी उसे निरस्त कर दे तो क्या कोई अनिश्चितता नहीं होगी : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब सरकार से सवाल किया कि क्या तब कोई अनिश्चितता नहीं होगी जब एक सरकार किसी विवि के लिए कानून लेकर आती है और अगली सरकार उसे निरस्त कर देती है? न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह सवाल पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए किया जिसने खालसा विवि (निरसन) अधिनियम, 2017 को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी।

पीठ ने पंजाब की ओर से पेश वकील से पूछा, क्या तब अनिश्चितता नहीं होगी जब एक राजनीतिक दल सत्ता में आने पर विवि के लिए कानून बनाए और जब कोई अन्य राजनीतिक दल सत्ता में आए तो वह उसे (अधिनियम को) निरस्त कर दे?

पीठ ने याचिकाकर्ताओं और राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। खालसा विश्वविद्यालय और खालसा कॉलेज चैरिटेबल सोसाइटी ने उच्च न्यायालय के नवंबर 2017 के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि खालसा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016 के तहत खालसा विश्वविद्यालय का गठन किया गया था सोसाइटी द्वारा पहले से चलाए जा रहे फार्मेसी कॉलेज, शिक्षा कॉलेज और महिला कॉलेज को विश्वविद्यालय में मिला दिया गया।

अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि 30 मई, 2017 को खालसा विश्वविद्यालय अधिनियम को निरस्त करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया गया था और तत्पश्चात निरसन अधिनियम, 2017 पारित किया गया था। उच्चतम न्यायालय के समक्ष दलीलें पेश किए जाने के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि निरसन अधिनियम 'मनमाना' है और पूरी कार्वाई संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन करती है। पंजाब की ओर से पेश वकील ने कहा कि इसमें कुछ भी मनमाना नहीं है। राज्य के वकील ने कहा कि तत्कालीन राज्य सरकार ने 2016 में कानून बनाया था और 2017 में नई सरकार के सत्ता में आने के बाद उसने इस कानून को निरस्त कर दिया। शिरोमणि अकाली दल-भाजपा सरकार ने 2016 में खालसा विश्वविद्यालय अधिनियम बनाया था और कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इसे निरस्त कर दिया था। न तो किसी छात्र और न ही विश्वविद्यालय के किसी शिक्षक ने 2017 के अधिनियम को चुनौती दी है।

# न्यायमूर्ति गौरी, चार अन्य को मद्रास हाईकोर्ट का स्थाई न्यायाधीश नियुक्त की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी और चार अन्य अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की मंगलवार को सिफारिश की। पिछले साल न्यायमूर्ति गौरी की उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले, बार के कई सदस्यों ने भारत के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर उनके कथित नफरती भाषणों और भारतीय जनता पार्टी से जुड़ाव की बात कही थी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने से रोकने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा उनके नाम की सिफारिश करने से पहले एक परामर्श प्रक्रिया हुई थी।

मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की तीन सदस्ईय उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अदालत के स्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए तीन महिलाओं सहित पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव पारित किया। कॉलेजियम ने जिन पांच न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी दी, वे हैं न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी, न्यायमूर्ति पिल्लईपक्कम बहुकुटुम्बी बालाजी, न्यायमूर्ति कंधासामी कुलंदावेलु रामकृष्णन, न्यायमूर्ति रामचंद्रन कलाईमथी और न्यायमूर्ति के. गोविंदराजन तिलाकावडी। शीर्ष अदालत के तीन न्यायाधीशों ने मद्रास उच्च न्यायालय कॉलेजियम के 29 अप्रैल, 2024 के प्रस्ताव पर गौर किया, जिसमें इन पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की स्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने सिफारिश से सहमति जताई है।

प्रस्ताव में कहा गया है, उपर्युक्त प्रस्ताव के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, कॉलेजियम का मानना है कि अतिरिक्त न्यायाधीश (1) न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी, (2) न्यायमूर्ति पिल्लईपक्कम बहुकुटुम्बी बालाजी, (3) न्यायमूर्ति कंधासामी कुलंदावेलु रामकृष्णन, (4) न्यायमूर्ति रामचंद्रन कलाईमथी और (5) न्यायमूर्ति के. गोविंदराजन तिलाकावडी, स्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए उपयुक्त हैं। एक अन्य प्रस्ताव में, शीर्ष अदालत के तीन सदस्ईय कॉलेजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की भी सिफारिश की।

तेईस अप्रैल, 2024 को मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से इन न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति की सिफारिश की। प्रस्ताव में कहा गया, उपरोक्त के मद्देनजर, कॉलेजियम यह सिफारिश करने का संकल्प लेता है कि न्यायिक अधिकारियों (1) आर. पूर्णिमा, (2) एम. जोतिरमण और (3) डॉ. ऑगस्टीन देवदास मारिया क्लेटे, को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। 23 अप्रैल, 2024 के प्रस्ताव में कुछ वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों की सिफारिश नहीं की गई है और उनके नामों की सिफारिश नहीं करने के लिए उच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा ठोस कारण दर्ज किए गए हैं। तीन सदस्ईय शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने प्रस्ताव में कहा, इसलिए, हम उन्हें नजरअंदाज करने के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम से सहमत हैं।

## छह वरिष्ठ अधिवक्ता एएसजी नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया है। जारी कैबिनेट की नियुक्ति समिति के आदेश के अनुसार, एएसजी की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इनमें एस. द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्य दर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी. शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे (राजा ठाकरे) शामिल हैं। एएसजी सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# आदमखोर भेड़ियों के झुंड का पांचवा सदस्य पकड़ा गया, अब अल्फा की तलाश

**भाषा।** बहराइच



**उत्तर प्रदेश** के बहराइच जिले के करीब 50 गांवों में आतंक का पर्याय बने आदमखोर भेड़ियों के झुंड में शामिल पांचवे भेड़िए को मंगलवार तड़के वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। अब वन विभाग को अल्फा नामक भेड़िए की तलाश है। बहराइच के प्रभागीय वन अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आदमखोर भेड़ियों के झुंड में शामिल एक भेड़िए को आज तड़के करीब सवा छह बजे महसी तहसील के सिसैया चूणामणि गांव के हरबख्शसिंह पुरवा से पकड़ा गया। यह मादा भेड़िया है। यह पिछले करीब डेढ़ महीने से महसी तहसील के 50 गांव में आतंक का पर्याय बने छह भेड़ियों के झुंड का पांचवां सदस्य है। सिंह ने कहा कि अब इस झुंड का आखिरी भेड़िया बचा रह गया है और वह अल्फा भेड़िया हो सकता है जिसे जल्द ही पकड़े जाने की उम्मीद है। इससे पहले, वन विभाग की टीम ने गत 29 अगस्त को झुंड में शामिल चौथे भेड़िए को पकड़ा था। सिंह ने बताया, सोमवार शाम करीब छह बजे चक मार्ग पर हमें दो भेड़ियों के पैरों के निशान दिखे। वहीं, कौवों का झुंड भी दिखा। इसी बीच खबर आई कि पास के नथुवापुर गांव से एक पालतू बकरी गायब है। इससे यह तय हो गया था कि भेड़िए ने बकरी को उठाकर खाया है, और अब इनका जोड़ा यहीं कहीं आराम कर रहा होगा। उन्होंने कहा, यह करते-करते देर शाम हो गई। शाम या रात में अभियान संभव नहीं था, इसलिए हम जाल, पिंजरा, खाबड़ (लकड़ी के फ्रेम वाला जाल), साधारण व थर्मल ड्रोन लेकर वहीं इनके मूवमेंट के इंतजार में बैठ गए। उन्होंने बताया, मंगलवार सुबह पांच बजे हमने अभियान शुरू किया। हमने कांबिंग शुरू की, पटाखे चलाए और भेड़िए को जाल की तरफ ले जाने में कामयाब हो गए। करीब सवा छह बजे एक भेड़िया हमारे जाल में फंस गया। उसे हमने पिंजरे में कैद कर लिया। यह एक मादा भेड़िया है। उसका जोड़ीदार नर भेड़िया मौके से भाग निकला है। जो भाग निकला है, शायद वही इस झुंड का मुख्य भेड़िया अल्फा है।

इस बीच अल्फा भेड़िए के लंगड़े होने की बात से अब वन विभाग पीछे हो रहा है। सिंह ने कहा, अभियान के बीच में कहीं पर झुंड में एक लंगड़ा भेड़िया होने की बात आ गई होगी लेकिन अब तक की गतिविधियों पर गौर करें तो लंगड़े भेड़िए की थ्योरी आधार हीन लग रही है। इन दिनों धान के खेतों में पानी भरा है, ऐसे में पांव उठाकर रखने में एक पैर का दबाव अधिक हो सकता है। इसी वजह से संभवत: शुरुआत में कहीं से लंगड़े भेड़िए की बात आई होगी। उन्होंने कहा कि जब तक झुंड में शामिल आखिरी भेड़िया नहीं पकड़ लिया जाता तब तक मुश्किल खत्म नहीं होगी।

प्रदेश की प्रमुख वन संरक्षक रेनू सिंह ने पत्रकारों से कहा कि आज पकड़ी गई मादा भेड़िया को किसी चिड़ियाघर में भेजने की कोशिश की जाएगी। पकड़ी गई मादा भेड़िया आदमखोर है अथवा नहीं, इस सवाल के जवाब में सिंह ने कहा कि अवश्य ही आदमखोर होगी क्योंकि एक भेड़िए के आदमखोर होने पर पूरा झुंड ही मानवभक्षी हो जाता है। उन्होंने कहा, फिर भी वह आदमखोर है या नहीं इस सवाल पर अंतिम निष्कर्ष इसके व्यवहार को देखकर ही निकाला जा सकेगा। बहराइच की महसी तहसील के 50 गांव में आतंक का कारण बने छह भेड़ियों के झुंड को पकड़ने के लिए पिछली 17 जुलाई से ऑपरेशन भेड़िया चल रहा है। इन भेड़ियों के हमले में अब तक कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है जबकि दो अन्य लोगों की मौत का कारण भी भेड़ियों का हमला ही बताया जा रहा है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है।

## दलित लड़की का शील भंग करने की कोशिश में तासीन और शालिम गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के सिखेड़ा क्षेत्र में 16 वर्षीय दलित लड़की का शील भंग करने की कोशिश के आरोप में दो मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपाली राव ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा सिखेडा पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद सोमवार को तासीन और शालिम को गिरफ्तार किया गया। दोनों की उम्र 20 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दोनों आरोपियों ने गत आठ सितंबर को नाबालिग लड़की का शील भंग करने की कोशिश की और उसके खिलाफ जातिवादी टिप्पणी भी की। राव ने बताया कि आरोपियों ने लड़की को धमकी भी दी कि वह घटना के बारे में किसी को न बताए अन्यथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 78 (पीछा करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून तथा एससीएसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड के सभी छह आरोपी गिरफ्तार

**भाषा।** कासगंज

**उत्तर प्रदेश** के कासगंज जिले में एक महिला वकील को कथित तौर पर अगवा करने और उसकी हत्या करने के मामले में दो और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अब तक सभी छह आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि महिला वकील मोहिनी तोमर (40) पिछली तीन सितंबर को जिला अदालत से लापता हो गई थीं और एक दिन बाद उनका शव रेखपुर माइनर नहर से बरामद किया गया था। इस मामले में उनके पति बृजेंद्र ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि कासगंज थाने में वकील मुस्तफा कामिल, उसके तीन बेटों असद मुस्तफा, हैदर मुस्तफा और सलमान मुस्तफा और दो सहयोगियों मनाजिर रफी तथा केशव मिश्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 103 (हत्या), 140 (1) (हत्या के इरादे से अपहरण या अपहरण), 62 (1) (आपराधिक साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि वकील मुस्तफा कामिल और उसके तीन बेटों को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था, जबकि दो अन्य रफी और केशव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि कामिल और उसके दो बेटे हैदर और सलमान वकील हैं, जबकि असद अलीगढ़ में एलएलबी का छात्र है।

मोहिनी के पति बृजेंद्र के मुताबिक उनकी पत्नी को एक मुकदमे की पैरवी नहीं करने के लिए कामिल से धमकियां मिल रही थीं। पिछली तीन सितंबर को बृजेंद्र ने अपनी पत्नी को जिला न्यायालय में छोड़ दिया था, जहां से उन्हें आरोपियों ने अगवा कर लिया और बाद में उनकी हत्या कर दी। बृजेंद्र ने यह भी बताया कि उनकी पत्नी ने हत्या के एक मामले में आरोपी मनाजिर रफी की जमानत का विरोध किया था। इसमें वह पीड़ित पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। मोहिनी की हत्या से अधिवक्ताओं के बीच आक्रोश फैल गया था और वकीलों ने न्याय की मांग करते हुए कासगंज-बरेली राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया था। वकीलों ने पीड़ित परिवार के सदस्यों के लिए एक करोड़ रुपए के मुआवजे की भी मांग की है।

**प्रधानमंत्री पर टिप्पणी**

# सर्वोच्च न्यायालय ने शशि थरूर के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को राहत देते हुए उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई एक कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में एक निचली अदालत में कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया। थरूर को दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के अनुसार मंगलवार को यहां एक निचली अदालत में पेश होना था। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है और चार सप्ताह में जवाब देने को कहा जाता है। इस बीच, आगे की कार्यवाही पर रोक लगाई जाती है।

थरूर ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही निरस्त करने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ 29 अगस्त को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। सुनवाई के दौरान थरूर की ओर से पेश वकील मोहम्मद अली खान ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता को पीड़ित पक्ष नहीं कहा जा सकता और राजनीतिक दल के सदस्यों को भी पीड़ित पक्ष नहीं कहा जा सकता। खान ने कहा कि थरूर की टिप्पणी मानहानि कानून के प्रतिरक्षा खंड के तहत संरक्षित है, जो यह निर्धारित करता है कि अच्छी सोच के साथ दिया गया बयान आपराधिक नहीं है। उच्च न्यायालय ने अस्वीकार्य सीमाओं तक मानहानि के किसी मामले में पीड़ित व्यक्ति की परिभाषा का विस्तार किया है। वकील ने कहा कि थरूर ने टिप्पणी करने से छह साल पहले कारवां पत्रिका में प्रकाशित एक लेख का संदर्भ दिया था।

शीर्ष न्यायालय ने हैरानी जताई कि 2012 में यह बयान अपमानजनक नहीं था जब लेख मूल रूप से प्रकाशित हुआ था। न्यायमूर्ति रॉय ने सुनवाई के दौरान कहा, आखिरकार यह एक रूपक है। मैंने समझने की कोशिश की है। यह उस व्यक्ति (मोदी) की अजेयता को दर्शाता है। मुझे नहीं पता कि यहां किसी ने आपत्ति क्यों जताई है। उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ थरूर के याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को राजी हो गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मानहानि की शिकायत में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर 16 अक्टूबर 2020 को रोक लगा दी थी और पक्षकारों को 10 सितंबर को निचली अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

थरूर के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रथम दृष्टया, प्रधानमंत्री के खिलाफ शिवलिंग पर बिच्छू जैसे आरोप घृणित एवं निंदनीय हैं। उसने कहा था कि प्रथम दृष्टया, टिप्पणी से प्रधानमंत्री, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ इसके पदाधिकारियों और सदस्यों की मानहानि हुई है। निचली अदालत में लंबित मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध करने वाली थरूर की याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए दंड) के तहत उन्हें तलब करने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है।

थरूर ने निचली अदालत के 27 अप्रैल, 2019 के आदेश को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया था। निचली अदालत ने थरूर को राजीव बब्बर द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत पर आरोपी के रूप में तलब किया था। उन्होंने दो नवंबर, 2018 को दायर की गई शिकायत को भी रद्द करने का अनुरोध किया था। बब्बर ने थरूर के खिलाफ निचली अदालत में आपराधिक शिकायत दायर की थी और दावा किया था कि कांग्रेस नेता के बयान से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। अक्टूबर 2018 में, थरूर ने दावा किया था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक अनाम नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना शिवलिंग पर बैठे बिच्छू से की थी।

# पेज 1 का शेष

## 2017 से पूर्व...

60200 पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पुलिस की 40 हजार नई भर्ती को फिर से संपन्न करेंगे। उप्र शिक्षा चयन आयोग का गठन हो चुका है। इसमें भी बेसिक, माध्यमिक, उच्च, व्यावसायिक, तकनीकी शिक्षा में हजारों पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। उप्र लोकसेवा आयोग ने भी भर्ती की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हजारों पदों पर युवाओं को सरकारी नौकरी की कार्रवाई को बढ़ाया। आवश्यकता पड़ने पर रिफॉर्म भी किया गया है। सीएम ने कहा कि आज नियुक्ति पाने वाले 688 में से 124 से अधिक बालिकाएं चयनित हुई हैं। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लिए हर विभाग की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आईएएफ...

के अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई ह। मामले में चल रही जांच की पुष्टि करते हुए, वायु सेना अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि बडगाम पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच के लिए संबंधित वायु सेना स्टेशन से संपर्क किया है। वायु सेना जांच में सहयोग कर रही है। महिला अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि यह घटना 31 दिसंबर, 2023 की रात को श्रीनगर के वायु सेना स्टेशन पर नए साल की पार्टी के दौरान हुई थी। महिला ने कहा कि पार्टी के बाद स्टेशन पर विंग कमांडर ने उससे पूछा कि क्या उसे उपहार मिला है। इसके जवाब में मैंने कहा कि कोई उपहार नहीं मिला है। उन्होंने मुझे अपने कमरे में आने के लिए कहा, जहां उन्होंने सभी उपहार रखे थे। वह उनके साथ उनके कमरे में चली गई। महिला अधिकारी ने विंग कमांडर पर अपने कमरे में उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। पुलिस शिकायत में उसने कहा, वह इस घटना के बारे में दो महिला अधिकारियों को बताया। उन्होंने उसे शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी थी। वह इस माहौल में नई होने के कारण मानसिक सदमे में चली गई। इस हद तक शर्मिंदा और टूटी हुई थी कि रिपोर्ट करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। वह अविवाहित लड़की होने के मानसिक दर्द को शब्दों में बयां नहीं कर सकती, जिसने सेना में शामिल होने के बाद इस तरह के व्यवहार का सामना किया। चूंकि इस घटना और बुरे सपनों ने मुझे इस दुविधा में डाल दिया कि इस बारे में बात करूं या चुप रहूं, इसलिए आखिरकार लड़ने का फैसला किया।

## इंफाल घाटी...

तत्व लोगों की भावनाओं को भड़काने वाली छवियों, अभद्र भाषा और घृणास्पद वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसका मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## जीएनएसएस...

संबंध में एक पायलट अध्ययन कर्नाटक में एनएच-275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में एनएच-709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया है।

## लखनऊ में...

आवासीय टाउनशिप विकसित करते समय पांच प्राकृतिक तालाबों पर अतिक्रमण कर लिया। याचिका में आरोप लगाया गया कि संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से जल निकायों को अवैध रूप से भूखंडों, पार्कों और सड़कों में बदल दिया गया है। न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने दो सितंबर को पारित एक आदेश में कहा, शिकायत में लगाए गए आरोपों से, हम प्रथम दृष्टया मानते हैं कि पर्यावरण से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रश्न उत्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा, हालांकि, तथ्यों को सत्यापित करने के लिए हमें एक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त करना भी उचित लगता है, जिसके लिए हम जिलाधिकारी लखनऊ उत्तर प्रदूषण केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक संयुक्त समिति का गठन करते हैं। इसने समिति को एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

# मस्जिद विवाद: हिंदू समूहों के बंद के आह्वान के बाद हिमाचल के संजौली में निषेधाज्ञा लागू

**शिमला (भाषा)।** संजौली इलाके में मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बढ़ते तनाव और हिंदू संगठनों के बंद के आह्वान के मद्देनजर मंगलवार को निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। शिमला जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है जिसमें बिना अनुमति के पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने और लाठी, खंजर, डंडे, भाले और तलवार सहित घातक हथियार लेकर चलने पर रोक लगाने का प्रावधान है।कुछ हिंदू संगठनों ने मस्जिद में अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त करने और राज्य में आने वाले बाहरी लोगों के पंजीकरण की मांग को लेकर बुधवार को बंद का आह्वान किया था। हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों ने बृहस्पतिवार को यहां चौड़ा मैदान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था और संजौली क्षेत्र में स्थित अवैध मस्जिद को गिराने की मांग की थी। शिमला के जिलाधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया कि संजौली क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की मौजूदा स्थिति तथा सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका के कारण निषेधाज्ञा लागू की गई है। आदेश में कहा गया कि सार्वजनिक रैली, बिना अनुमति के जुलूस और भूख हड़ताल, धरना, सार्वजनिक स्थानों पर नारेबाजी, सड़कों, राजमार्गों, फुटपाथ और यातायात की सामान्य आवाजाही में बाधा उत्पन्न करना तथा किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा सार्वजनिक स्थान, सड़क और पूजाप्रार्थना स्थलों पर ज्वलनशील वस्तुओं को ले जाना भी प्रतिबंधित है। यह आदेश बुधवार को सुबह सात बजे से रात 11 बजकर 59 मिनट तक पूरे संजौली क्षेत्र में प्रभावी रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां पत्रकारों से कहा कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

## विहिप की सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की बैठक में वाराणसी, मथुरा मंदिर विवाद, वक्फ विधेयक पर चर्चा

**नई दिल्ली(भाषा)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा यहां आयोजित सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की बैठक में वाराणसी और मथुरा में मंदिरों से संबंधित विवाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक, धर्मांतरण और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। विहिप के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को आयोजित बैठक में उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों के कम से कम 30 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। मेघवाल ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज मैंने विश्व हिंदू परिषद के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित न्यायाधीश मिलन कार्यक्रम में भाग लिया और विकसित भारत के निर्माण के लिए न्यायिक सुधारों से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीरें भी पोस्ट करते हुए कहा, इस अवसर पर विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार की उपस्थिति में सेवानिवृत्त न्यायाधीश, अन्य न्यायविद, वरिष्ठ वकील और अन्य प्रख्यात बुद्धिजीवी उपस्थित थे। यह विहिप के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक आंतरिक बैठक थी, जिसमें वाराणसी और मथुरा के मंदिरों से संबंधित विवाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक, गोहत्या और धर्मांतरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

# वैज्ञानिक समुदाय के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं : प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उन्होंने देश के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।साथ ही, उन्होंने देश के वैज्ञानिक समुदाय को विश्वास दिलाया कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक बैठक में भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य और अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों के पुनर्डिजाइन के बारे में चर्चा पर ध्यान केंद्रित किया गया।बयान के मुताबिक मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री ने देश के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बड़े लक्ष्य तय करने, उन्हें हासिल करने पर ध्यान देने और पथप्रदर्शक शोध करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शोध में मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं लेकिन उनका समाधान भारतीय जरूरतों के अनुसार स्थानीय स्तर पर होना चाहिए।पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की और विशेषज्ञता के आधार पर डोमेन विशेषज्ञों की एक सूची तैयार करने का सुझाव दिया।उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने के बारे में भी बात की, जहां देश में हो रहे अनुसंधान और विकास से संबंधित जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है।पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया।बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है।उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के नए समाधान खोजने, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में विकसित हीरे जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की।बैठक के दौरान, शासी निकाय ने हब एंड स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया, जिसमें उन विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाएगा जहां अनुसंधान प्रारंभिक चरण में है। शासी निकाय ने एनआरएफ के रणनीतिक हस्तक्षेपों के कई क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास को आगे बढ़ाना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को चलाना और अकादमिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटना शामिल है। एनआरएफ, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) गतिशीलता, उन्नत सामग्री, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सतत कृषि और फोटोनिक्स जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में समाधान-केंद्रित अनुसंधान पर कार्यक्रम शुरू करेगा।बयान के मुताबिक गवर्निंग बॉडी ने ज्ञान की उन्नति के लिए मौलिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया और मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अंतःविषय अनुसंधान का समर्थन करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया।पीएमओ ने कहा, इस बात पर भी सहमति हुई कि अनुसंधान करने में आसानी प्राप्त करने के लिए हमारे शोधकर्ताओं को लचीले और पारदर्शी वित्त पोषण तंत्र के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

## वाहनों के लिए उम्र के बजाय प्रदूषण के आधार पर कबाड़ नीति लाने पर विचारः सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार वाहनों** की उम्र के बजाय उनसे फैलने वाले प्रदूषण के आधार पर उन्हें कबाड़ में बदलने की नीति पर काम कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने यहां वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के वार्षिक सम्मेलन में वाहन उद्योग से प्रदूषण जांच के कार्यक्रम को भरोसेमंद बनाने में सरकार की मदद करने को कहा। जैन ने कहा, जब आप 15 साल पुराने वाहन को कबाड़ में बदलना अनिवार्य करने वाली नीति लेकर आते हैं तो लोगों का एक सवाल होता है कि अगर उन्होंने अपने वाहन का अच्छी तरह से रखरखाव किया है, तो उनके वाहन को कबाड़ में क्यों बदला जाना चाहिए। आप इसे अनिवार्य नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों पर विचार करने के लिए सरकार इसका अध्ययन केवल प्रदूषण के लिहाज से कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार इसके लिए एक नीति पर काम कर रही है। क्या हम बीएस-2 से पहले का जिक्र कर सकते हैं? हम उम्र की बात नहीं कर रहे हैं।... क्या हम वाहन प्रदूषण के लिए कोई सीमा तय कर सकते हैं? हालांकि, उन्होंने उद्योग से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस स्थिति में भी प्रदूषण जांच भरोसेमंद हो। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव ने कहा, मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि प्रदूषण जांच का कार्यक्रम तय करने में हमारी मदद करें। हमें पता है कि अभी किस तरह प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं। ऐसे में प्रदूषण प्रमाण पत्र को भरोसेमंद होना चाहिए।

## सरकार का दो वर्षों में ऋण गारंटी के जरिए अतिरिक्त पांच लाख करोड़ देने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सरकार का अगले दो वर्षों मे सीजीटीएमएसई योजना के जरिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दी जाने वाली क्रेडिट गारंटी को पांच लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाने का लक्ष्य है। अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त (सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम) रजनीश ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के जरिए चार लाख करोड़ रुपए की ऋण गारंटी दी गई। रजनीश ने यहां फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, 22 वर्षों में सीजीटीएमएसई ने कुल 2.6 लाख करोड़ रुपए की ऋण गारंटी दी। लेकिन, पिछले दो वर्षों में हम चार लाख करोड़ रुपए की ऋण गारंटी देने मे सक्षम रहे है और अगले दो वर्षों में हम इसे पांच लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाने का इरादा रखते है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों मे एमएसएमई के औपचारिकीकरण में एक बड़े अंतर को पाट दिया है। उद्यम पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या एक साल पहले के 1.65 करोड़ इकाई से बढ़कर पांच करोड़ इकाई हो गई है।

## मात्र 25 मिलीसेकंड में बिजली लाइन की गड़बड़ियां ढूंढेगा एआई ड्रोन

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने दुर्गम क्षेत्रों में स्थित ढांचों की पैनी निगरानी के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस ड्रोन विकसित किया है। यह ड्रोन बिजली की हाईटेंशन लाइनों और गैस पाइपलाइनों से लेकर भवनों और सड़कों की दरारों और अन्य ढांचागत गड़बड़ियो का महज 25 मिलीसेकंड के भीतर पता लगा सकता है। आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर अभिरूप दत्ता ने बताया कि करीब डेढ़ साल मे विकसित इस ड्रोन की तकनीक मानव रहित विमान (यूएवी) को एआई और मशीन लर्निंग के साथ जोड़ती है। दत्ता ने कहाकि इस ड्रोन ने उन्नत एआई उपकरणों का उपयोग करके अलग-अलग ढांचो की दरारो और अन्य गड़बड़ियों का केवल 25 मिलीसेकंड के भीतर पता लगाने और संबंधित डेटा को सुव्यवस्थित रूप से पेश करने मे 98.70 प्रतिशत की ऊंची सफलता दर हासिल की है। उन्होने बताया कि अगर विशिष्ट अनुसंधान किया जाए, तो एआई ड्रोन को रेल पटरियो की दरारो और अन्य गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। दत्ता ने एआई ड्रोन के अनुसंधान की अगुवाई की। अनुसंधान दल मे आईआईटी के छात्र कुमार शेषांक शेखर और संस्थान की पीएचडी शोधार्थी हर्षा अविनाश तांती भी शामिल थी।

## तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने की योजना

**नई दिल्ली।** मोबाइल तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में मोटोरोला ने अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर 50 के लॉन्च के साथ फिर से फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाई है, जो रेज़र फ्रैंचाइज़ी में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। रेजर फ्रैंचाइज़ में इस नवीनतम पेशकश से स्मार्टफोन तकनीक में निरंतर प्रगति देखने को मिलती है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा 3.6 इंच एक्सटर्नल डिस्प्ले शामिल है, जो सीधे गूगल जेमिनी एक्सेस प्रदान करता है। मोटो एआई द्वारा संचालित प्रभावशाली 50 एमपी कैमरा सिस्टम के साथ, जिसमें ओआईएस और इंस्टेंट ऑल पिक्सल फोकस शामिल है, रेजर 50 अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करता है। । इसके अलावा, फोटोज को व्यक्तिगत इमोजी और स्टिकर में बदलने के लिए फोटोमोजी जैसे टूल्स उपयोग किए जा सकते हैं, जो संदेशों में एक दृश्य आकर्षण जोड़ते हैं। लॉन्च के अवसर पर, टी.एम. नरसिम्हन, प्रबंध निदेशक, मोटोरोला इंडिया ने कहा, फ्लिप फोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी होते हुए, हमने एक बार फिर से रेजर 50 के लॉन्च के साथ इस सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित किया है।

# राहुल गांधी हार की हताशा में विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे हैं : शिवराज

**भाषा।** रांची



**केंद्रीय मंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा नीत केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में की गई कथित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा और उन पर चुनावों में बार-बार हार की हताशा में विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी चौहान इस महीने होने वाली पार्टी की परिवर्तन रैली के सिलसिले में एक बैठक में शामिल होने के लिए आज रांची पहुंचे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी के कथित बयान को लेकर उन पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा, केवल एक कुंठित व्यक्ति ही देश को बदनाम कर सकता है और विदेशों में इसकी छवि खराब कर सकता है। अब वह न केवल सरकार बल्कि निर्वाचन आयोग पर भी सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, अपने ही देश की दूसरे देश में आलोचना करना देशभक्ति का काम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और यह जिम्मेदारी का पद होता है। चौहान ने कहा कि जब नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री थे तो अटल बिहारी वाजपेई विपक्ष के नेता थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अटल जी ने विदेश में देश का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन राहुल गांधी देश को बदनाम करने के अलावा और कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, लगातार हार के कारण राहुल निराश व हताश हैं और अपनी हताशा विदेश में निकाल रहे हैं। राहुल गांधी वर्तमान में अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। शनिवार से शुरू हुई उनकी यात्रा का पहला पड़ाव डलास था और वह सोमवार को वाशिंगटन पहुंचे। अमेरिका के प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय और वाशिंगटन के वर्जीनिया के एक उपनगर हर्नडॉन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में सभी को समान अवसर उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने कहा, मैं इसे स्वतंत्र चुनाव नहीं मानता हूं। मैं इसे काफी हद तक नियंत्रित चुनाव मानता हूं। कांग्रेस नेता ने दावा किया, निर्वाचन आयोग वही कर रहा था जो वे चाहते थे। पूरा प्रचार अभियान ऐसे बनाया गया कि (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी देशभर में अपना एजेंडा चला सकें। इस बीच, झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला करते हुए चौहान ने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम स्तर पर पहुंच गया है, कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है और झारखंड में हो रहा जनसांख्यिकीय परिवर्तन भयावह है। उन्होंने आरोप लगाया, सरकार ने पिछले पांच साल में अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। इसने महिलाओं को 2,000 रुपए चूल्हा खर्च (खाना पकाने की लागत) देने का वादा किया था। अब चुनाव से पहले सरकार केवल वोट के लिए 1,000 रुपए दे रही है।

## क्विक न्यूज

## बिजली वितरण कंपनियों को अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग के कारण हर साल 120 करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** शहर की बिजली वितरण कंपनियों को अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग सुविधाओं के कारण सुरक्षा जोखिम के अलावा सालाना करीब 120 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में करीब 1.6 लाख ई-रिक्शा हैं, जिनमें से सिर्फ 50,000 ही दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं। विभाग बिना पंजीकरण वाले ई-रिक्शा को जब्त करने और स्क्रैप (कबाड़) करने का अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बिजली वितरण कंपनियां तथा बिजली विभाग ने पहले भी ई-रिक्शा की चार्जिंग में बिजली चोरी रोकने और सुरक्षा मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की है। आम लोगों और संचालकों को करीब 4,000 वैध ई-रिक्शा चार्जिंग कनेक्शन दिए गए है। प्रत्एक कनेक्शन कई ई-रिक्शा को चार्ज करने में सक्षम है। एक अधिकारी ने कहा, राजस्व हानि के अलावा, अवैध चार्जिंग और घटिया बैटरी से सुरक्षा को भी बड़ा खतरा है। हाल ही में शहर में खराब चार्जिंग सुविधा के कारण आग लगने और करंट लगने की कई घटनाएं सामने आई है। पिछले सप्ताह उत्तर-पूर्वी दिल्ली में ई-रिक्शा चार्ज करते समय एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, यह बिजली चोरी का एक नया तरीका है जो आजकल देखा जा रहा है। अनुमान है कि 60 प्रतिशत से अधिक ई-रिक्शा बिजली चोरी मे संलिप्त है, जिसके परिणामस्वरूप शहर भर मे 15-20 मेगावाट की हानि हो रही है। यह करीब 120 करोड़ रुपए का वार्षिक नुकसान है।

## सीबीआई ने रिश्वतखोरी के सिलसिले में उपायुक्त (आईसीडी) और अन्य को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां आयात के एक खेप को सीमाशुल्क संबंधी अनापत्ति प्रदान करने के एवज में कथित रूप से रिश्वत लेने को लेकर एक सीमाशुल्क उपायुक्त एवं उनके दो सहयोगियों को अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी-तुगलकाबाद) के उपायुक्त ओम प्रकाश बिष्ट, अधीक्षक अमित कुमार, चतुर्थ वर्गीय कर्मी बिजेंद्र कुमार, कस्टम हाउस एजेंट (सीएचए) अशोक यादव और उसके कर्मी रविकांत मिश्रा को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने प्राथमिकी में सात व्यक्तियो पर मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी इन आरोपो पर आधारित है कि सीमाशुल्क अधिकारी मुंबई की कंपनी राधा मार्केटिंग पर जुर्माना कम करने के एवज में अशोक यादव से रिश्वत ले रहे थे। अधिकारियो ने बताया कि आरोप है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी खेपों को सीमाशुल्क अनापत्ति प्रदान करने के लिए आपस में नियमित संपर्क मे थे और वे विभिन्न निजी पक्षो से रिश्वत ले रहे थे। उन्होने बताया कि रिश्वत की रकम कथित रूप से ब्रजेंद्र कुमार अपने बैंक खाते में लेता था और फिर उसे बिष्ट तक पहुंचा देता था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, आरोप है कि नौ अगस्त 2024 को आरोपी सीएचए (अशोक यादव) ने डीसी (बिष्ट) से संपर्क किया और उनसे मुंबई स्थित फर्म (राधा मार्केटिंग) के बिलो पर न्यूनतम जुर्माना लगाने को कहा। डीसी ने उसे आश्वासन दिया कि वह 70,000 रुपए का जुर्माना लगाएंगे और इसके लिए उन्होंने सीएचए से रिश्वत की मांग की।

## न्यायालय ने उत्तराखंड मेडिकल कॉलेज को एमबीबीएस छात्रों के मूल दस्तावेज लौटाने को कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 91 छात्रों को राहत देते हुए उत्तराखंड में एक मेडिकल कॉलेज को उनके मूल दस्तावेज लौटाने को कहा है जिसे बकाया फीस का भुगतान नही करने के कारण संस्थान ने रोककर रखा था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने डॉक्टरों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल और वकील तन्वी दुबे की दलीलो पर गौर किया। वकीलों ने दलील दी थी कि मूल दस्तावेज नही होने के कारण ए छात्र न तो एक डॉक्टर के रूप में खुद को पंजीकृत करा पाएंगे और न ही वे उच्च शिक्षा के लिए परीक्षा में बैठ सकेंगे। पीठ मे न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने उत्तराखंड के देहरादून में स्थित श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेस कॉलेज को 7.5 लाख रुपए के भुगतान पर उन छात्रों को उनके मूल दस्तावेज लौटाने का आदेश दिया जिन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई और अपेक्षित इंटर्नशिप पूरी कर ली है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा कि छात्रों को एक हलफनामा देना होगा कि वे बकाया फीस का भुगतान कर रहे है। मेडिकल कॉलेज ने इससे पहले अखिल भारतीय कोटे के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रो के लिए पांच लाख रुपए वार्षिक फीस को बढ़ाकर 13.22 लाख रुपए कर दिया था। कॉलेज ने राज्य कोटा के तहत दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए चार लाख रुपए वार्षिक फीस को बढ़ाकर 9.78 लाख रुपए कर दिया था। फीस मे बढ़ोत्तरी पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू की गई है।

## वर्ल्ड ईवी डे पर इको फ्रेंडली परिवहन की मांग

**प्रयागराज।** नए-नए तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों बनाने वाली प्रमुख कंपनीए गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने वर्ल्ड ईवी डे पर ई.ब्लू सिटी को लॉन्च किया है। ऑटो के आकार का यह नया ई.रिक्शा शहरों में यात्रा करने के अंदाज को बदलने के लिए तैयार है। इसकी एक्स.शोरूम कीमत 1ए99ए999 रुपये है। ई.ब्लूसिटी को शहरों में यात्रा करने के लिए स्थायी और प्रभावी साधनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। ई.ब्लू सिटी में ड्राइवर के अलावा चार लोग आराम से बैठ सकते हैं। यह भीड़भाड़ वाली शहर की गलियों में घूमने का आदर्श विकल्प है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ हैदर खान ने इस लॉन्च के बारे में कहाए श्गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की कंपनी बिजली से चलने वाली गाड़ियों को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। उनका लक्ष्य है कि हर कोई आसानी से और प्रदूषण रहित गाड़ी चला सके। ई.ब्लू सिटी इसी कोशिश का हिस्सा है। इस गाड़ी को बनाने में इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि यात्री और ड्राइवर दोनों को यात्रा करने में बहुत मज़ा आए। लेकिन सिर्फअपनी गाड़ी का होना ही काफी नहीं है। बसों और अन्य सार्वजनिक वाहनों को भी प्रदूषण मुक्त बनाना बहुत ज़रूरी है। वल्?ड ईवी डे पर ई.ब्लू सिटी को पेश करके कंपनी ने दिखाया है कि वे एक हरा.भरा और बेहतर भविष्य चाहते हैं। कंपनी को पूरा यकीन है कि यह गाड़ी भारत के शहरों में यात्रा करने के तरीके को बदल देगी। यह दिखाता है कि कंपनी नई.नई ग?ाड़ियां बनाने और पर्यावरण को बचाने के लिए हमेशा तैयार रहती है।

## हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में पोर्ट करना है बेहतर विकल्प

**लखनऊ।** पिछले कुछ सालों में बैंकों का इंश्योरेंस कंपनियों के साथ मिलकर कम रेट पर ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस देना आम हो गया है। इससे ग्राहकों को आर्थिक लाभ मिलता हैए लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। अगर बैंक का किसी दूसरे बैंक से विलय हो जाता हैए तो यह जरूरी नहीं है कि नया बैंक उसी इंश्योरेंस कंपनी के साथ अपनी साझेदारी बनाए रखे। इसके अलावाए बैंकों द्वारा दी जाने वाली इंश्योरेंस पॉलिसियों में कमरे के किराए और अन्य खर्चों पर लिमिट हो सकती हैं। इंश्योरेंस कंपनियों के पास ग्रुप पॉलिसी को बीच में ही बंद करने का अधिकार होता है क्योंकि यह बैंक और इंश्योरेंस कंपनी के बीच की बातचीत पर निर्भर करता है। इससे ग्राहकों को बिना इंश्योरेंस के रहना पड़ सकता है और उन्हें मुश्किल का सामना करना पड़ सकता। सिद्धार्थ सिंघल हेड.हेल्थ इंश्योरेंसए पॉलिसीबाजार डॉट कॉम रूश् आईआरडीएआई ने इन समस्याओं पर ध्यान दिया है और ऐसे दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिससे ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस से पर्सनल इंश्योरेंस में बदलाव करना संभव हो गया है। आईआरडीएआई के अपडेट के बादए उपभोक्ता धीरे.धीरे इंडिविजुअल हेल्थ इंश्योरेंस की तरफबढ़ रहे हैं। पॉलिसीबाजार की जानकारी के अनुसारए अपनी पॉलिसी बदलने वाले कुल स्वास्थ्य बीमा ग्राहकों में से 15 प्रतिशत अब बैंक आधारित पॉलिसियों से रिटेल इंडिविजुअल पॉलिसी में स्विच कर रहे हैं। इन दिशानिर्देशों के जरिए आईआरडीएआई ने उपभोक्ताओं को उनकी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों पर अधिक फ्लेक्सिबिलिटी और नियंत्रण प्रदान करके सशक्त बनाया है।

# अब तो विपक्षी नेता भी कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व गृह मंत्री** सुशील शिंदे की एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिंदे ने अपने संस्मरण के विमोचन के मौके पर सोमवार को कहा था कि वह मंत्री रहते एक बार जम्मू-कश्मीर के लाल चौक जाने से डर गए थे। शिंदे की टिप्पणी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस शासन के दौरान देश के गृह मंत्री भी कश्मीर जाने से डरते थे। उन्होंने कहा, लेकिन अब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री ने स्वीकार किया है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर जाने से डर लगता था लेकिन कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस केंद्र शासित प्रदेश को फिर से आतंक के दिनों में ले जाना



चाहती है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज राहुल गांधी आराम से कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा और स्नो फाइट करते नजर आए। लेकिन नेकां और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को आतंक के दिनों में वापस ले जाना चाहते हैं। भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने से कश्मीर में लोगों का जीवन बदल गया, जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ और भ्रष्ट अब्दुल्ला तथा मुफ्ती परिवारों का प्रभाव कम हुआ।उन्होंने कहा, चीजें नाटकीय रूप से बदल गई हैं ... यहां तक कि बालक बुद्धि और उनकी बहन को बर्फ के गोलों से खेलते देखा गया था। उन्होंने कहा, हाल ही में, तीसरी बार असफल राहुल गांधी देर रात एक आइसक्रीम पार्लर गए थे। लाल चौक और डल झील उन स्थानों में शामिल हैं जहां सबसे अधिक बार लोग गए।

## असम ट्रांजिट कैंप में म्यांमा के शरणार्थियों ने भूख हड़ताल शुरू की

**गुवाहाटी।** असम के ग्वालपाड़ा ट्रांजिट कैंप में म्यांमा के रोहिंग्या और चिन शरणार्थियों ने कथित अनिश्चितकालीन हिरासत के विरोध में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अजय तिवारी ने बताया कि जेल महानिरीक्षक और गृह सचिव को बंदियों से बात करने के लिए शिविर में भेजा गया है और हमें उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। शरणार्थियों ने सोमवार शाम को भूख हड़ताल शुरू कर दी।

## वाम मोर्चा आरएसएस एक महत्वपूर्ण संगठन नहीं मानता हैः भाकपा

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल में** सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने मंगलवार को कहा कि वाम मोर्चा केरल विधानसभा के अध्यक्ष ए एन शमसीर के इस बयान से सहमत नहीं है कि आरएसएस एक महत्वपूर्ण संगठन है और शमसीर को इस तरह का बयान देने से बचना चाहिए। शमसीर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक पदाधिकारी के साथ एडीजीपी (कानून व्यवस्था) एम आर अजित कुमार की विवादास्पद मुलाकात का बचाव करते हुए सोमवार को कहा कि इसमें कोई बड़ी बात नहीं है और दक्षिणपंथी संगठन देश का महत्वपूर्ण संगठन है। भाकपा के प्रदेश सचिव बिनय विस्वाम ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ऐसा बयान देने से बच सकते थे। उन्होंने एक टेलीविजन चैनल से कह कि वाम मोर्चा इस बात से सहमत नहीं है कि देश के भविष्य, विकास, राजनीतिक प्रगति और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती पैदा करने वाला आरएसएस एक महत्वपूर्ण संगठन है। विस्वाम ने कहा कि वाम मोर्चा को सार्वजनिक रूप से दिए जा रहे अपने बयानों में सावधानी बरतनी चाहिए।

## असम में पहली बार दिखे गोवंशीय पशु मिथुनः हिमंत

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में पहली बार गोवंशीय पशु मिथुन देखा गया है। मिथुन का वैज्ञानिक नाम बोस फ्रंटालिस हैं। वह अरुणाचल प्रदेश एवं नगालैंड का राजकीय पशु है तथा यह मणिपुर एवं मिजोरम की पहाड़ियों में भी पाया जाता है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, असम ने अपनी जैव विविधता में एक और जीव को शामिल कर लिया है। हमने दीमा हसाओ के पहाड़ी क्षेत्रों में मिथुन (बोस फ्रंटलिस) को देखा है जो हमारे जीव-जगत की विविधता में एक और खूबसूरत वृद्धि है। शर्मा ने कहा कि



अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में हिमालय की तराई में पाई जाने वाली उन प्रजातियों ने अब असम को अपना नया घर बना लिया है जिनका जिक्र महाभारत में भी है। उन्होंने कहा, हमारे अमूल्य वनों की सुरक्षा, संरक्षण और प्रबंधन के उत्कृष्ट कार्य के लिए असम वन विभाग को बधाई। हाल में पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने मध्य असम के दीमा हसाओ जिले के दूरदराज के तीन इलाकों - लाइसोंग, लैंगटिंग और थाईजुवारी में मिथुन को देखा। जिला पशुपालन एवं पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इन क्षेत्रों में जेमे नगा लोग निवास करते हैं तथा इन तीन सुदूर क्षेत्रों में 200 से अधिक मिथुन की उपस्थिति दर्ज की गई है। अधिकारी ने कहा कि पीढ़ियों से गोवंशीय पशुओं का पालन कर रहे किसानों को सहायता की आवश्यकता है, क्योंकि ए पशु खुरपका-मुंहपका तथा अन्य बीमारियों से ग्रसित होते हैं। उन्होंने कहा कि असम में मिथुन का मिलना राज्य की कृषि विविधता में एक नया अध्याय जोड़ता है। मिथुन अपने मांस, दूध, भार वहन क्षमता के लिए बहुमूल्य माने जाते हैं तथा पूर्वोत्तर के कई जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कोर्ट में लोकतंत्र की कमी, न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नहीं है लोकतांत्रिक प्रणालीः कुशवाहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा सदस्य** उपेंद्र कुशवाहा ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश करने वाली कॉलेजियम प्रणाली पर मंगलवार को हमला किया और आरोप लगाया कि यह पिछड़े समूहों के लोगों को उच्च न्यायपालिका में नियुक्त होने से रोकती है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि न्यायपालिका में लोकतंत्र की कमी उन मुद्दों में से एक होगा, जिसे वह संसद में उठाएंगे। उन्होंने हाल ही में बिहार से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली है। कुशवाहा ने यह भी कहा कि अनुसूचित जातियों (एससी) के उप-वर्गीकरण में कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अंदर भी क्रीमी लेयर की कोई अवधारणा नहीं होनी चाहिए। कुशवाहा ने कहा, न्यायपालिका में लोकतंत्र नहीं है और



यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम एक लोकतंत्र हैं लेकिन यह विडंबना है कि सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए लोकतांत्रिक प्रणाली नहीं है। उन्होंने दावा किया, आमतौर पर जिन लोगों के संपर्क होते हैं, उन्हें न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया जाता है। दलित और पिछड़े वर्ग के लोग कभी-कभार ही न्यायाधीश बनते हैं। कुशवाहा ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम का भी जिक्र किया, जिसे उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे को संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह उठाएंगे। हम लोगों को इस मुद्दे के बारे में जागरूक करेंगे। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014 में एनजेएसी (राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग) अधिनियम लागू किया था। एनजेएसी को न्यायिक नियुक्तियां करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और इसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय के दो वरिष्ठ न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री तथा प्रधान न्यायाधीश द्वारा नामित दो अन्य प्रख्यात व्यक्ति, प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल किए गए थे। हालांकि, अक्टूबर 2015 में शीर्ष अदालत ने इस कानून को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था। अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों को लेकर हाल में उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, उप-वर्गीकरण होना चाहिए...।

## बिहार के भागलपुर में हमले में भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल

**भागलपुर (बिहार)।** बिहार की राजधानी पटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या करने के कुछ घंटों बाद ही भागलपुर जिले के बबरगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात बदमाशों ने एक और पार्टी कार्यकर्ता पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घायल व्यक्ति की पहचान भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय वार्ड पार्षद के पति शशि मोदी के रूप में हुई है। भागलपुर जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, घटना सोमवार को रात करीब साढ़े 11 बजे बबरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुतुबगंज महादेव तालाब के पास गणेश पूजा समारोह के दौरान हुई। कुछ अज्ञात बदमाशों ने मामूली बात पर शशि मोदी और दो अन्य व्यक्तियों पर किसी धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने घायल व्यक्तियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बयान के अनुसार, मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोदी भाजपा कार्यकर्ता हैं और इलाके में पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहते हैं। घटना सोमवार की सुबह पटना शहर के चौक इलाके में तीन अज्ञात हथियारबंद हमलावरों द्वारा स्थानीय भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा की गोली मारकर हत्या करने के कुछ ही घंटों बाद हुई। घटना सोमवार को तड़के चौक इलाके में एक रेस्टोरेंट के बाहर हुई थी। भाजपा की बिहार इकाई के प्रमुख दिलीप जायसवाल ने शर्मा की हत्या पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, यह घटना बहुत दुखद है। शर्मा पार्टी के सक्रिय सदस्य थे... मैंने घटना के तुरंत बाद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से बात की... और मुझे विश्वास है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शर्मा की हत्या पर टिप्पणी करते हुए सोमवार को संवाददाताओं से कहा था, यह घटना चौंकाने वाली है और गंभीर चिंता का विषय भी है।

# पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता को 75 लाख

● रजत और कांस्य विजेता को 50 और 30 लाख रुपए मिले

भाषा। नई दिल्ली

## खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बांटी धनराशि



**खेल मंत्री मनसुख** मांडविया ने हाल में संपन्न पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को मंगलवार को नकद पुरस्कार दिए जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए दिए गए। तीरंदाज शीतल देवी की तरह मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। यहां पदक विजेताओं और पेरिस पैरालंपिक के अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में खेल मंत्री ने पदक विजेताओं को चैक सौंपे।मांडविया ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया।उन्होंने कहा, देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों से, भारत ने तोक्यो में 19 पदक, पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। मांडविया ने कहा, हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, आपने देश का सम्मान बढ़ाया है, आपने दिखाया है कि आप जीवन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन आपको अब रुकना नहीं चाहिए। हमें लॉस एंजिलिस में अगले पैरालंपिक (2028 में) और फिर 2032 के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए और अधिक से अधिक पदक जीतने चाहिए। हमारा लक्ष्य 2036 में संभवत: भारत की मेजबानी में ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किए जाने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होना चाहिए।

## पैरालंपियनों को जोरदार स्वागत



**नई दिल्ली।** पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतने वाले भारत के पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया। आज सुबह जब खिलाड़ी हवाई अड्डे से बाहर निकले तो ढोल की थाप और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया। समर्थक, खेल प्रशासक और परिवार के लोग खिलाड़ियों का स्वागत करने पहुंचे। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने पीटीआई से कहा, इस भव्य स्वागत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सुमित ने 70.59 मीटर के प्रयास के साथ खेलों का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर एफ64 श्रेणी में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वह मौजूदा विश्व चैंपियन निशानेबाज अवनि लेखरा के बाद पैरालंपिक खिताब का बचाव करने वाला दूसरा भारतीय खिलाड़ी बना। अवनि ने तोक्यो खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस खेलों में भी इसी स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह अपनी स्पर्धाएं पूरी करने के बाद पिछले सप्ताह देश लौटी थी।अंतिल ने 2015 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घुटने के नीचे अपना बायां पैर खो दिया था। दुर्घटना से पहले वह सक्षम खिलाड़ियों के वर्ग में पहलवान थे। दुर्घटना के बाद घुटने के नीचे उनका पैर काटना पड़ा था।

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन 29 पदकों के साथ किया जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं जो प्रतियोगिता के इतिहास में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और नवदीप सिंह जैसे स्वर्ण पदक विजेताओं ने कहा कि वे लॉस एंजिल्स 2028 में अपने खिताब का बचाव करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। मंगलवार के सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पैरा ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों को खेल मंत्री से चैक मिले। पैरा ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण सहित अभूतपूर्व 17 पदक जीते।ारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने कहा कि पैरालंपिक शक्ति के रूप में भारत का उभरना खिलाड़ियों और कोच सहित सभी संबंधित हितधारकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। सुमित और नवदीप के अलावा ट्रैक एवं फील्ड के अन्य स्वर्ण विजेता ऊंची कूद के खिलाड़ी प्रवीण कुमार, क्लब थ्रो खिलाड़ी धर्मबीरऔर तीरंदाज हरविंदर को भी खेल मंत्री से चेक मिले।

## दलीप ट्रॉफी: राष्ट्रीय टीम में चुने गए खिलाड़ियों के जाने के बाद रिंकू को दूसरे दौर के लिए चुना गया



**अनंतपुर।** ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल सहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुने गए अधिकतर खिलाड़ियों को 12 सितंबर से यहां शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से मंगलवार को आराम दिया गया। रविवार को राष्ट्रीय टीम में आकाश दीप, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल को भी जगह मिली। इन सभी को दूसरे दौर में खेलने से छूट दी गई है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल और सरफराज खान को हालांकि दलीप ट्रॉफी से नहीं हटाया गया है जिससे संकेत मिलते हैं कि वे चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय एकादश का हिस्सा नहीं होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, चयनकर्ताओं ने गिल के विकल्प के तौर पर प्रथम सिंह (रेलवे), लोकेश राहुल के विकल्प के तौर पर अक्षय वाडकर (विदर्भ) और जुरेल के विकल्प के तौर पर एसके रशीद (आंध्र) को चुना है। बयान के अनुसार, बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे जबकि आकाश दीप की जगह आकिब खान (उत्तर प्रदेश) को चुना गया है। गिल की जगह मयंक अग्रवाल को भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है।जायसवाल और पंत के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को चुना है।भारत डी टीम में अक्षर के स्थान पर निशांत संधू को जगह मिली है तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे हल्की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

### कर्नाटक की हशिका ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**मेंगलुरू।** कर्नाटक की हशिका रामचंद्र ने 77वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में महिलाओं के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में 13 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। हशिका ने झारखंड की रिचा मिश्रा का 4 : 25 . 76 मिनट का रिकॉर्ड तोड़ते हुए चार मिनट 24 . 70 सेकंड का समय निकाला। पुरूषों के 400 मीटर में कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा ने 3 : 56 . 59 मिनट के साथ जीत दर्ज की। तमिलनाडु के सुरेश ने पुरूषों के 200 मीटर ब्रीस्ट स्ट्रोक मे 2 : 18 . 85 मिनट के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### जूनियर हॉकी में मध्य प्रदेश, उप्र और पंजाब जीते

**जालंधर।** मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और पंजाब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां 14वीं पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैपियनशिप में अपने-अपने मुकाबले जीते।दिन के पहले मैच मे मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से हराया जबकि उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को 8-0 से शिकस्त दी। हिमाचल प्रदेश ने एक अन्य एकतरफा मुकाबले मे गोवा को 11-। से हराया जबकि मणिपुर को भी महाराष्ट्र के खिलाफ 7-0 की जीत दर्ज करने मे अधिक परेशानी नही हुई।दिन के अंतिम मैच मे पंजाब ने बिहार को 6-। से हराया।

### ईएफआई 12 से जंपिंग क्लासिक्स का आयोजन करेगा

**बेंगलुरू।** विश्व चैलेंज के रजत पदक विजेता पुनीत जाखड़, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन श्रेष्ठ राजू मेनटेना जैसे प्रतिभावान युवा राइडर बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही भारतीय घुड़वारी महासंघ (ईएफआई) की जंपिग चिल्ड्रन क्लासिक्स मे हिस्सा लेंगे। ईएफआई का 2024 घरेलू कैलेंडर शुरू हो चुका है और बुधवार को अंडर-14 ट्रायल के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत होगी।यहां एंबेसी इंटरनेशनल राइडिग स्कूल मे लगभग 50 प्रतिभावान राइडर तीन आयु वर्ग गोल्ड (12 से 14 वर्ष), सिल्वर (10 से 14 वर्ष) और ब्रॉन्ज (10 से 14 वर्ष) मे हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता से चुने गए राइडर (सिल्वर और ब्रॉन्ज वर्ग) भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और विश्व टीम रैंकिंग मे प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### एमबापे के बिना भी जीता फ्रांस, हॉलैंड ने दिलाई नॉर्वे को जीत

जिनेवा। स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबापे को विश्राम दिए जाने के बावजूद फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे बेल्जियम को 2-0 से हराया। एमबापे के पेरिस सेंट जर्मेन के दो पूर्व साथियो रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले ने फ्रांस की तरफ से गोल किए। फ्रांस अपने पिछले मैच मे शुक्रवार को इटली से 3-। से हार गया था लेकिन बेल्जियम के खिलाफ जीत से उसने टूर्नामेंट मे आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदो को जीवंत रखा। इटली ने सोमवार को इज़राइल को 2-। से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप मे शीर्ष पर है।इस बीच अर्लिंग हॉलैंड के 80वें मिनट मे किए गए निर्णायक गोल की मदद से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-। से जीत दर्ज की।

### इजराइल के राष्ट्रगान के समय इटली के प्रशंसकों ने दिखाई पीठ

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** तटस्थ स्थल हंगरी मे खेले गए नेशंस लीग फुटबॉल मैच से पहले जब इजराइल का राष्ट्रगान बज रहा था तब इटली के काले कपड़े पहने हुए लगभग 50 प्रशंसकों ने इसके विरोध मे अपनी पीठ दिखाई। इटली के इन प्रशंसकों ने सोमवार को खेले गए इस मैच मे अपने देश का ध्वज भी हाथ मे ले रखा था जिस पर लिबर्टी (स्वतंत्रता) लिखा हुआ था। हमास के साथ युद्ध के कारण इज़राइल अपने घरेलू मैच हंगरी मे खेल रहा है।

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे दिन भी नहीं हो सका खेल

भाषा। ग्रेटर नोएडा



**आउटफील्ड ढकने** के लिए शामियाने का इस्तेमाल, गीली आउटफील्ड सुखाने के लिए इलेक्ट्रिक पंखे, डीडीसीए से ग्राउंड कवर उधार और यूपीसीए से उधार पर सुपर सोपर लेने के बावजूद ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट में दूसरे दिन का खेल नहीं होने से काफी किरकिरी हुई है। शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में लगातार दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे इस स्टेडियम पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी हो रही है सो अलग। दोनों टीमों के बीच पहली बार हो रहा टेस्ट सोमवार से शुरू होना था लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर अंपायरों ने पहले दिन का खेल रद्द कर दिया। सोमवार को शाम को एक घंटे बूंदाबांदी को छोड़कर बारिश नहीं हुई लेकिन मंगलवार को खेल की शुरूआत पर असर पड़ा। खेल सुबह आधा घंटा पहले शुरू होना था। आसमान साफ था लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद मैदान को खेलने लायक नहीं बनाया जा सका। मैदानकर्मी अभ्यास परिसर से सूखी घास लाकर मिड आन और मिडविकेट क्षेत्र में लगाने की कोशिश कर रहे थे। आफ साइड में तीन टेबल फैन भी लगाए गए ताकि उसे सुखाया जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद थे जिनकी देखरेख में काम हो रहा था। अंपायरों ने तीन बार मुआयने के बाद दूसरे दिन का भी खेल रद्द कर दिया।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

भाषा। हुलुनबुइर (चीन)

**पहले दो मैच में** जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी।भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में हालांकि उसके युवा स्ट्राइकरों ने उसकी इस चिंता को कुछ हद तक कम किया है।ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी इस क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, अगर हमें भारतीय हॉकी टीम को अगले स्तर पर पहुंचाना है और ओलंपिक में लगातार पदक जीतने हैं तो हमें अधिक मैदानी गोल करने होंगे क्योंकि हमारी रक्षापंक्ति की भी अपनी सीमाएं हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-। से हराया था।भारत ने अभी तक जो आठ गोल किए हैं, उनमें सात मैदानी गोल शामिल है ।

## क्विक न्यूज

### मौजूदा दौर के भारतीय शतरंज खिलाड़ी मौके का फायदा उठाने में माहिर: विश्वनाथ आनंद

नई दिल्ली। विश्व चैंपियन प्रतियोगी से मार्गदर्शक-सह-खेल प्रशासक के रूप मे धीरे-धीरे ढल रहे दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों की वर्तमान पीढ़ी मौके को भुनाने के मामले में काफी माहिर है। भारत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक 54 साल के आनंद अगले महीने लंदन मे होने वाली टेक-महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है जहां वह गंगा ग्रैंडमास्टर्स टीम का हिस्सा होंगे। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में बुधवार से शुरू होने वाले शतरंज ओलंपियाड मे भारत की संभावनाओ, देश के ओलंपिक और पैरालंपिक खेलो के प्रदर्शन, युवा खिलाड़ियो की स्वर्णिम पीढ़ी को तैयार करने और आगे बढ़ने की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा जैसे खिलाड़ियों के करियर को आकार देने का श्रेय काफी हद तक आनंद को जाता है लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें उनकी भूमिका काफी सीमित है।

### हमारे हाथ में हो तो कल ही भारत . पाक द्विपक्षीय हॉकी प्रतिद्वंद्विता फिर शुरू कर दें: इकराम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने मंगलवार को कहा कि अगर उनके हाथ मे हो तो वह भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी कल ही बहाल कर दे क्योंकि इससे खेल मजबूत होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी 18 साल से बंद है। एफआईएच अध्यक्ष इकराम ने पीटीआई से कहा , द्विपक्षीय श्रृंखला एफआईएच के हाथ मे नही है। यह फैसला सरकार से मशविरे के बाद महासंघ लेते है। एफआईएच प्रतिनिधि होने के नाते मै उनके फैसले का सम्मान करता हूं। पाकिस्तान में जन्मे इकराम ने कहा , हमारे हाथ में हो तो हम कल ही भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला शुरू कर दे। यह दोनों देशों के लिए और विश्व हॉकी के लिए अच्छा है। दोनो देशो के बीच पिछली द्विपक्षीय श्रृंखला 2006 मे खेली गई थी जिसमे पाकिस्तान 3-। से विजई रहा था। इसके बाद दोनो देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण उनका सामना सिर्फ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही होता है।

### भारतीय चुनौती के लिए तैयार हैं बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा

**ढाका।** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मे 2-0 की ऐतिहासिक जीत मे अहम भूमिका निभाने वाले बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा की निगाहें अब भारत के खिलाफ होने वाली श्रृंखला पर लगी है।यह 21 वर्षीय तेज गेंदबाज निरंतर 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने मे सक्षम है। पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी मे दूसरे टेस्ट मैच मे उन्होंने 44 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई थी।बांग्लादेश क्रिकेट ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमे राणा ने कहा, निश्चित रूप से हम भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए अच्छी तरह से तैयार है। हमने अभ्यास शुरू कर दिया है। हम जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना अधिक हम मैच के लिए तैयार रहेंगे। भारत की टीम बहुत अच्छी है लेकिन जो टीम अच्छा खेल दिखाएगी उसे जीत मिलेगी। राणा ने इस साल मार्च मे श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण किया था और इस मैच मे उन्होने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार निकाल कर लोगो का ध्यान खीचा था। पाकिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### साइ, स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड क्वार्टर फाइनल में

**पुणे।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने मंगलवार को यहां चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई।साइ ने पूल ए मे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को 5-। से हराकर पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।साइ के लिए पंकज (38वें और 53वें मिनट) ने दो जबकि ललित नेगी (छठे मिनट), नीरज (28वे मिनट) और रजत मिन्ज (54वे मिनट) ने एक-एक गोल दागा।सीबीडीटी के लिए एकमात्र गोल 44वें मिनट मे नचप्पा ने किया। स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने पूल बी मे देना बैंक से 3-3 से ड्रॉ खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट मे प्रवेश किया।स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने चार मैच मे सात अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने पूल मे शीर्ष स्थान हासिल किया। अंतिम मैच मे 2-3 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड को 4-3 से हराया।

### रियलमी गेमिंग का आनंद देगा

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी नार्ज़ो 70 टर्बो 5जी और रियलमी बड्स एन1 का लॉन्च किया। रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ का यह नया स्मार्टफोन और नई एआईओटी डिवाईस अपने सेगमेंट में क्वालिटी के मानकों को बदल देंगे। यह एसओसी हाई परफॉर्मेंस के साथ एनर्जी एफिशियंसी प्रदान करती है, जिससे लंबे समय तक स्मूथ हाई.फ्रेमिंग रेट के साथ स्थिर गेमिंग का अनुभव मिलता है। रियलमी नार्ज़ो 70 टर्बो 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी चिपसेट है,जो तीव्र मल्टीटास्किंग और शानदार फोटोग्राफी क्षमताएं प्रदान करता है। इस एसओसी में अनेक हाईपर इंजन ऑप्टिमाईज़ेशन किए गए हैंए जिनके द्वारा प्रोसेसर गेमिंग के दौरान वाई.फाई या 5जी पर नेटवर्क कनेक्टिविटी की प्राथमिकता तय कर सकता है और लगातार बढ़ते गेमिंग संग्रह में आधुनिक फीचर्स जैसे वीआरएस का उपयोग कर सकता है।नए रियलमी नार्ज़ो 70 टर्बो 5जी में युवा और टेक्नोलॉजी के प्रति जागरुक लोगों के लिए टर्बो कॉन्सेप्ट दियागया हैं। अनुज सिद्धार्थ डायरेक्टर मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस मीडियाटेक ने कहा कि मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी एक फ्लैगशिप ग्रेड का चिपसेट हैए जो आधुनिक 4एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी द्वारा बना है।

### युजवेंद्र चहल ने काउंटी क्रिकेट में पांच विकेट लिए

**नॉर्थम्पटन।** भारत के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप के डिवीजन दो मैच मे डर्बीशर के खिलाफ नॉर्थम्पटनशर के लिए 45 रन देकर पांच विकेट लिए। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ गेंदबाज ने इस दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट मे 100 विकेट पूरे किए। चहल ने तीसरी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट मे पांच विकेट चटकाए है। चहल के लिए काउंटी क्रिकेट का यह सत्र शानदार रहा है। इस लेग स्पिनर ने पिछले महीने वन डे कप मे केंट के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट लिए थे।नॉर्थम्पटनशर ने मौजूदा मैच की पहली पारी मे 219 रन बनाने के बाद चहल और रॉब केओघ (65 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से डर्बीशर को 61.3 ओवर मे 165 रन पर आउट कर दिया। चहल ने इस दौरान वेन मैडसेन, एन्यूरिन डोनाल्ड, जैक चैपल, एलेक्स थॉमसन और जैक मॉर्ले के विकेट चटकाए।

## चिराग सेन क्वालीफायर में हारे

भाषा। हांगकांग

● त्रिसा-गायत्री की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

**भारत के चिराग** सेन और मानव चौधरी को हांगकांग बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को हार का सामना करना पड़ा, जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी महिला युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के विश्व टूर सुपर 500 स्तर के स्पर्धा में त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने यूक्रेन की पोलिना बुग्रोवा और एवगेनिया कांतेमिर के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय जोड़ी ने अंतिम-32 के इस मुकाबले को 21-14 21-13 से अपने नाम किया।रुतापर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को महिला युगल के अंतिम 32 मैच में हालांकि चीनी ताइपे की सीह पेई शान और हंग एन-त्जु से 11-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। चिराग सेन ने क्वालीफायर दौर में अंतिम 16 दौर के मैच में कनाडा के लाई यिन चुंग 21-12 21-10 शिकस्त दी लेकिन इसी देश के एक अन्य खिलाड़ी शेंग शियाओदोंग के खिलाफ अगली बाधा पार करने में असफल रहे। वह शियाओदोंग से 12-21 21-13 14-21 की हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मानव चौधरी ने क्वालीफायर के अंतिम 16 में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव को 21-14 21-19 हराया लेकिन अगले दौर में हांगकांग के चान यिन चाक के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 6-21 10-21 से हार गए।

## यूपी के खिलाड़ियों ने कायम किया दबदबा

● भारतीय कलस्टर पुलिस प्रतियोगिता

● 38 प्रतिभागियों ने अपने-अपने वर्ग में बाजी मारी




**लखनऊ।** लखनऊ के विभिन्न मैदानों पर खेली जा रही अखिल भारतीय कलस्टर पुलिस प्रतियोगिता के बॉक्सिंग स्पर्धा में 76 खिलाड़ियों में 38 प्रतिभागियों ने अपने-अपने वर्ग में बाजी मारते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। यूपी की ओर सुदीप कुमार (51 से 54 भार वर्ग) सुनील चौहान (57 से 60 भार वर्ग) व राकी चौधरी (75 से 80 भार वर्ग)ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ये मुकाबले साई संटर व पीएसी में खेल जा रहे। इन कलस्टर मुकाबलों में रेसलिंग व आर्म्स रेसलिंग की स्पर्धाएं भी हो रही हैं। महिला वर्ग में यूपी की कुसुम ने 52 से 54 भार वर्ग सफलता हासिल की। उधर पुरुषों की टीम 55 भार वर्ग में टॉप पर रही।

## विद्यालयी कुश्ती में छात्रों ने दिखाए दांव



**लखनऊ।**'जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता 2024 ' बालक वग का आयोजन राष्ट्रपिता इण्टर कॉलेज इटौंजा के तत्वाधान में प्रधानाचार्य डॉ राधमोहन मिश्र के किया गया। अर्पित भारती, शुभ प्रथम स्थान,रामसजीवन, जतिन, सतीश, आफताब ,अरमान, शिवांशु , अभिषेक यादव,सचित,साहिल गौतम , उदयराज , निर्मल, अनुप यादव ,अनमोल सिंह, अब्बास अली,सत्यम, सुमित सोनी,बलराम यादव,मोहित कुमार ,आयुष सिंह, आदर्श यादव अभिषेक ने अपने-अपने वर्गो में सफलता हासिल की।

### परंपरागत खेल महोत्सव 12 सितंबर को

**लखनऊ।** डॉ.सुरेंद्र सिंह मेमोरियल परंपरागत खेल महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी 12 सितंबर 2024 को महानगर स्थित हॉर्नर कॉलेज में किया जाएगा। हॉर्नर कॉलेज व यूपी नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चे सिकड़ी, गुट्टक,कंचे, पोशम्पा, घोड़ा जमाल खा, पंजा कुश्ती एवम सतौलिया जैसे परंपरागत खेलों में प्रतिभाग करेंगे। इन खेलों में प्री प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर एवम सीनियर वर्ग में स्पर्धाएं होंगी। इस प्रतियोगिता में मेजबान हॉर्नर कॉलेज सहित सीएमएस चौक, सीएमएस गोमतीनगर, सीएमएस स्टेशन रोड महानगरए सेंट रोज पब्लिक स्कूल, करियर कॉन्वेंट, एमिकस एकेडमी,स्प्रिंगडेल कॉलेज, मदर ब्लेस स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के लगभग 150 से अधिक बच्चे भाग लेंगे।

## एनएचबीए डालीबाग क्लब व सचिन एचबी ने जीते मुकाबले

### आदिकवि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट

**लखनऊ।** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में एनएचबी ने लवकुश नगर अभिराज को 47 रन से, डालीबाग क्लब ने बीएलटीसी को 49 रन से व सचिन एचबी ने केजीएमयू क्लब को 15 रन से हराकर पूरे अंक जुटाए। आज राजा राम मोहन राय वार्ड के पार्षद प्रत्याशी राकेश चौधरी ने डालीबाग बनाम बीएलटीसी के मैच में दोनों टीमों को 3100-3100 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। आयोजन समिति की ओर से लगातार तीन छक्के मारने वाले लवकुश नगर अभिराज के हिमांशु को 500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। बेस्ट कैच का अवार्ड लवकुश नगर अभिराज के मोहित को मिला। आज टूर्नामेंट के मैचों के संचालन में वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के संरक्षक कमल वाल्मीकि व दिलीप घावरी,अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी, महामंत्री आशीष घावरी,उपाध्यक्ष संजय पंडित, सचिव विनय चौधरी, शुभम चौधरी व रोहित राजनए कोषाध्यक्ष राजवीर सहित विकास चौधरी, मुकुल चौधरी,मुकुल नायब,श ुभम चौधरी, राज वाल्मीकि ने अहम् भूमिका अदा की। एलडीए स्टेडियम अलीगंज पर पहले मैच में एनएचबी ने मैन ऑफ द मैच यश-4 विकेट, 8 रनकी के खेल से लवकुश नगर अभिराज को 47 रन से हराया। एनएचबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट पर 113 रन बनाए। अमन ने सबसे ज्यादा 32 रन का योगदान किया। लवकुश नगर अभिराज से विक्की को 5 विकेट की सफलता मिली। जवाब में लवकुश नगर 7 ओवर में 66 रन पर सिमट गया। हिमांशु ने नौ गेंदों पर 3 छक्कों से 25 रन व अनुराग ने 18 रन बनाए। दूसरे मैच में डालीबाग क्लब ने बीएलटीसी को 49 रन से हराया। जीत में मैन ऑफ द मैच नयन ने 4 विकेट की सफलता पाई। डालीबाग क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अर्जुन ने 36 रन बनाए। बीएलटीसी से रितिक को 4 व सावन को 2 विकेट की सफलता मिली। जवाब में बीएलटीसी निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 77 रन ही बना सका। तीसरे मैच में सचिन एचबी ने केजीएमयू क्लब को 15 रन से हराया। सचिन एचबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 132 रन बनाए। मैन ऑफद मैच हर्ष ने 30 गेंदों पर 2 चौके व 7 छक्कों से 55 रन व कुणाल ने 22 रन का योगदान किया। जवाब में केजीएमयू क्लब 2 विकेट पर 117 रन ही बना सका। टीम से आशीष 45 व हर्षित 27 रन ही टिकाऊ पारी खेल सके।

### तारिक क्लब की जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच फिरोज खान-3 विकेट की उपयोगी गेंदबाजी के बाद विनोद सिंह नाबाद 58 के अर्धशतक से तारिक क्रिकेट क्लब ने आठवीं नीलम टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट स्मैश क्लब को 9 विकेट से हराते हुए पूरे अंक हासिल किए। मात्र छाया ग्राउंड पर स्मैश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 86 रन बना सकी। टीम से आशीष बिंद्रा 26, गोल्डी सिंह 12, व मुकेश 18 ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। तारिक क्लब से फिरोज खान व राकेश जोशी को 3.3 विकेट मिले। जवाब में तारिक क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 8.2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत में विनोद सिंह ने मात्र 31 गेंदों पर 7 चौके व 3 छक्के से नाबाद 58 रन और साकेत मिश्रा ने नाबाद 15 रन का योगदान किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।